02 मार्च, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 133




क्राइस्ट विश्वविद्यालय बेंगलुरु में सम्मानित हुईं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

माह-ए-रमजान
इफ्तार 5:54 शाम रविवार
सेहरी 4:55 सुबह सोमवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# नये विधायकों ने विधायी कार्य का 'कखगघ' सीखा

## सीखने की कोई उम्र नहीं होती : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री, स्पीकर, राज्यसभा के उपसभापति ने किया संबोधित
- जनता ने जो जिम्मेदारी दी है, उसका निर्वन करना है: रबींद्र नाथ महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** षष्ठम झारखंड विधानसभा के नये विधायकों के लिए दो दिवसीय प्रबोधन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को शुरू हुआ। पांच सत्रों में होने वाले इस प्रशिक्षण में नये विधायकों को विधायी कार्य का 'कखगघ' सिखाया जायेगा। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर समेत कई अन्य वरिष्ठजनों ने नये विधायकों को संबोधित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। जो भी इस सदन में आते हैं, वे सीखते भी हैं, जन आकांक्षाओं को पटल पर रखते भी हैं। आज हमारी सरकार दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। सदन की कार्यवाही में सभी माननीय सदस्यों को साथ लेकर चलते हुए इस राज्य को समृद्ध तथा विकसित बनाने हेतु संकल्प के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। सभी सदस्य राज्य के विकास के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है।

**विधानसभा भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यहां किसी धर्म, जाति या व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं होता है। इस सदन में भले हम पक्ष या विपक्ष के लोग व्यक्तिगत रूप से अलग-अलग विचार रखते हो, परंतु इस लोकतांत्रिक व्यवस्था से एक ऐसी मार्ग प्रशस्त होती है, जहां सभी को सदन में स्वागत के भाव से आमंत्रित किया जाता है। सभी माननीय सदस्य जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन के समक्ष रखते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा और भव्यता किसी धर्म से अछूता नहीं है। यहां सभी धर्म समुदाय के हक अधिकार की आवाज गूंजती है।

**विधायी कार्य पर हुई चर्चा :** कार्यक्रम में विधायकों की भूमिका, प्रश्नकाल का महत्व, शून्यकाल, व्यवधान, विधि निर्माण, बजट और वित्तीय मामलों पर विस्तार से चर्चा की गयी। साथ ही, नये और अनुभवी विधायकों के बीच विचारों के आदान-प्रदान को भी प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर मंत्रीगण, विधायकगण, झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव मानिक लाल हेंब्रम, पीआरएस चक्षु राय समेत कई गणमान्य मौजूद थे।




### सबसे बड़ी महापंचायत के सदस्यों पर बड़ी जिम्मेदारी: स्पीकर

विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने लोकतंत्र में विधायिका के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में विधायिका का स्थान और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि इसके माध्यम से जनता अपनी संप्रभुता का प्रयोग करती है। राज्य की सबसे बड़ी महापंचायत के सदस्य के रूप में विधायकों पर कई जिम्मेदारियां होती हैं। विधायकों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि विधायकों के पास राज्य के लिए कानून बनाने की शक्ति होती है। वे जनता के लिए कानूनों पर चर्चा करते हैं और उनके मतों से ही ये कानून बनते हैं। इन कानूनों का राज्य की जनता पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। राजकीय कोष पर नियंत्रण रखना भी विधायकों की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कार्यपालिका विधायिका द्वारा बनाये गये कानूनों के अंतर्गत ही खर्च कर सकती है। इस खर्च का हिसाब महालेखाकार के माध्यम से सदन के पटल पर रखा जाता है, जिसकी समीक्षा विधायक करते हैं।

### प्रशिक्षण भविष्य की योजना बनाने के लिए तैयार करता: हरिवंश

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण है। इससे पहले उन्हें जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा के विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला था। उन्होंने प्रशिक्षण को लेकर चीन का उदाहरण देते हुए कहा कि वह देश भविष्य के नेताओं को प्रशिक्षित करने का काम करता है, जिसे देखने का अवसर मुझे मिला है। उन्होंने कहा कि अगर दुनिया उसी गति से आगे बढ़ती रही, जिस गति से आप पुरानी गति से आगे बढ़ रहे हैं, तो आप इस दौड़ में शामिल नहीं हो पायेंगे और आप अतीत की चीज बन जायेंगे। यह प्रशिक्षण आपको भविष्य की योजना बनाने के लिए मानसिक रूप से तैयार करता है।

### सदन की कार्यवाही 60 दिन चले: सीपी सिंह

भाजपा विधायक सीपी सिंह ने अपने राजनीतिक जीवन के अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि मीडिया में बने रहने के लिए लोग सदन में जिस तरह का व्यवहार करते हैं, वह उचित नहीं है। सदन की कार्यवाही साल में कम से कम 60 दिन चलाया जाना चाहिए। उन्होंने विधायकों को शून्यकाल के दौरान शब्दों की संख्या, ध्यानाकर्षण, विधेयक जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सीखने की सलाह दी।

### हेमंत सरकार समावेशी विकास की रूपरेखा तय करने में सफल: राधाकृष्ण

संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने लोकतंत्र और समावेशी विकास पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के 24 वर्ष हो गये हैं। युवा झारखंड अपने 25वें वर्ष में है, लेकिन पहले 20 वर्षों में किसी भी सरकार ने समावेशी विकास पर ध्यान नहीं दिया। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य की वर्तमान सरकार आधी आबादी से लेकर सभी वर्ग और समाज के लोगों के लिए कई योजनाएं लेकर आयी है और समावेशी विकास की रूपरेखा तय करने में सफल रही है।

# अंग्रेजों के बनाये कानून को हमारी सरकार ने हटाया : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि शादी के दौरान सड़क पर दस लोग नाचते तो गिरफ्तार हो जाते, ऐसा था कानून

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि अंग्रेजों के बनाये एक कानून पर दिल्ली के पॉश इलाके में रहने वाले लोग क्यों खामोश रहे। अंग्रेजों का बनाया ये कानून हमारी सरकार ने हटाया। उन्होंने ये बातें एनएक्सटी के एक कार्यक्रम में कहीं। मोदी ने कहा कि एक कानून था, ड्रामेटिक परफॉर्मेंस एक्ट। ये कानून अंग्रेजों ने 150 साल पहले बनाया था। अंग्रेज चाहते थे कि थिएटर और ड्रामे का इस्तेमाल उनके खिलाफ न हो। इस कानून में प्रावधान था कि सार्वजनिक जगह पर 10 लोग डांस करते मिल जायें, तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। देश के आजाद होने के 75 साल तक यह कानून चलता रहा। यानी शादी के दौरान 10 लोग डांस कर रहे हों, तो पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर सकती थी। ये कानून हमारी सरकार ने हटाया।



### पहले बांस काटने पर जेल में डाल देते थे

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले बांस काटने पर जेल हो जाती थी। हमारे देश में ऐसा कानून था, जिसमें बांस को पेड़ माना जाता था। पहले की सरकारें ये समझने में नाकाम रहीं कि बांस, पेड़ नहीं होता। हमारी सरकार ने इस कानून को खत्म किया।

### प्रयागराज में एकता का महाकुंभ संपन्न

प्रधानमंत्री ने कहा कि 26 फरवरी को प्रयागराज में एकता का महाकुंभ संपन्न हुआ। दुनिया हैरान है कि आखिर करोड़ों लोग एक अस्थायी शहर में सिर्फ पवित्र स्नान के लिए कैसे आ सकते हैं? भारत के आयोजन और नवाचार कौशल को पूरी दुनिया देख रही है और इसे विस्तार से जानना चाहती है। प्रधानमंत्री ने फ्रांस यात्रा, एआइ समेत अन्य बातों का भी जिक्र किया।

# तेलंगाना टनल हादसा चार लोगों का पता चला

मंत्री बोले, रविवार शाम तक निकाले जाने की संभावना, लेकिन बचने की उम्मीद कम

आजाद सिपाही संवाददाता

**नागरकुर्नूल।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल में निमार्णाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया था। इसमें झारखंड के गुमला जिला के चार मजदूर भी फंसे हैं। घटना को सात दिन बीत चुके हैं, लेकिन टनल में अब तक आठ कर्मचारी फंसे हुए हैं। हालांकि राज्य के आबकारी मंत्री कृष्ण राव ने बताया कि रडार में चार लोगों का पता चल गया है। उम्मीद है कि रविवार शाम तक उन्हें बाहर निकाल लिया जायेगा, लेकिन उनके बचने की संभावना बहुत कम है। बाकी चार लोगों के बारे में उन्होंने बताया कि उनके टनल बोरिंग मशीन के नीचे फंसे होने का अनुमान है। 450 फीट ऊंची मशीन को काटा जा रहा है। रेस्क्यू ऑपरेशन में 11 एजेंसियां शामिल हैं। 28 फरवरी को साउथ सेंट्रल रेलवे की दो टीमें भी रेस्क्यू के लिए पहुंचीं थी। टीम भारी धातुओं को प्लाज्मा कटर और ब्रॉक कटिंग मशीन जैसे आधुनिक उपकरणों से रास्ते से हटा रही हैं।



### उत्तराखंड हिमस्खलन: 50 मजदूर निकाले गये, इनमें चार की मौत

चमोली (आजाद सिपाही)। उत्तराखंड के चमोली हिमस्खलन में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। हादसे के दूसरे दिन शनिवार को 17 मजदूरों को रेस्क्यू किया गया। इससे पहले शुक्रवार को 33 लोगों को बचाया गया था। इनमें गंभीर रूप से घायल चार लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पांच मजदूर अब भी लापता हैं। हादसा चमोली के माणा गांव के नजदीक 28 फरवरी की सुबह 7:15 बजे हुआ। मोली-बद्रीनाथ हाइवे पर बॉर्डर रोड ऑगेर्नाइजेशन के 55 मजदूर कंटेनर हाउस में रुके थे, तभी बर्फ का पहाड़ खिसक गया। सभी मजदूर इसकी चपेट में आ गये।

## न्यूज रील्स

### चांद दिखा, आज रखा जायेगा पहला रोजा

रांची। रमजान का मुकद्दस महीने का आगाज चांद के दीदार के साथ हो गया है। शनिवार की शाम भारत में रमजान का चांद देखा गया। इसी के साथ दो मार्च को भारत में पहला रोजा रखा जायेगा। तमाम मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू हो गयी है।

### मणिपुर में 21 महीने बाद हालात सामान्य होने के आसार: शाह

इंफाल। मणिपुर में 21 महीनों बाद हालात सामान्य होने के आसार हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राज्य के हालात पर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सड़क बंद करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। गृह मंत्री ने 8 मार्च से मणिपुर में सभी सड़कों पर बेरोकटोक आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा है। वहीं, अलग-अलग समुदायों ने 20 फरवरी से अब-तक 300 से ज्यादा हथियार सरेंडर किये हैं। राज्यपाल ने 20 फरवरी को अनुरोध किया था कि हिंसा में लूटे गये हथियार सरेंडर कर दें। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था।

### दिल्ली में 15 साल पुराने वाहनों को पेट्रोल और डीजल नहीं मिलेगा

नयी दिल्ली। दिल्ली में 15 साल और उससे ज्यादा पुराने वाहनों को 31 मार्च से पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जायेगा। दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार ने यह कदम उठाया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इस फैसले की जानकारी केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को जल्द दी जायेगी। हम पेट्रोल पंपों पर गैजेट लगा रहे हैं जो 15 साल से पुराने वाहनों की पहचान करेंगे। ऐसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जायेगा। इसके अलावा शहर की सभी ऊंची इमारतों, होटलों आदि पर एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य किया गया है। ये नियम पहले से ही है। अब सख्ती से लागू किया जायेगा। दिल्ली में लगभग 90 फीसदी पब्लिक सीएनजी बसों को दिसंबर 2025 तक हटा दिया जायेगा। इनकी जगह इलेक्ट्रिक बसें चलायी जायेंगी।

# गढ़वा में प्रतिबंधित मांस को लेकर हंगामा, 9 मजदूर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के हूर मध्या गांव में स्थित एक निर्माण कंपनी के कैंप में प्रतिबंधित मांस मिलने से हड़कंप मच गया। जब कैंप के गार्ड ने इसका विरोध किया तो वहां मौजूद मजदूरों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और कैंप से नौ मजदूरों को गिरफ्तार कर थाने ले गयी।

### मजदूरों ने लाया था प्रतिबंधित मांस

गढ़वा थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी कंपनी फोरलेन सड़क का निर्माण कर रही है। इसी कंपनी का एक कैंप हूर मध्या गांव में नहर के पास बना हुआ है। जहां 9 मजदूर और एक गार्ड रहते हैं। शनिवार की सुबह जब एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से कैंप में आया और प्लास्टिक के झोले में कुछ सामान लेकर पहुंचा, तो गार्ड गोविंद चौधरी ने उससे पूछताछ की। पहले तो लोगों ने इसे चिकेन बताया, लेकिन जब गार्ड ने झोला खोलकर देखा, तो उसमें प्रतिबंधित मांस मिला। इस पर गार्ड ने विरोध जताया तो कैंप में मौजूद मजदूरों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना की भनक लगते ही गांव के लोग इकट्ठा हो गये और मामले की सूचना पुलिस को दी।




### सभी मजदूर पश्चिम बंगाल के रहने वाले

सूचना मिलते ही एसडीपीओ नीरज कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की। पुलिस ने कैंप में मौजूद नौ मजदूरों को गिरफ्तार कर लिया। ये सभी पश्चिम बंगाल के दिनाजपुर और मुंबई के निवासी बताये जा रहे हैं। एसडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित मांस की बरामदगी हुई है, जिसे जब्त कर पशु चिकित्सक से जांच करायी जा रही है। पुलिस फिलहाल मामले की विस्तृत जांच कर रही है. जल्द ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# बहस के बाद व्हाइट हाउस से निकाले गये वोलोदिमीर जेलेंस्की

ट्रंप के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेस रद्द

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बहस के बाद व्हाइट हाउस से बाहर निकाल दिया गया। दोनों नेताओं के बीच शुक्रवार को करीब 10 मिनट तक तीखी बहस हुई थी। विभिन्न रिपोर्ट के अनुसार, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि बहस के बाद यूक्रेन के डेलिगेट्स ओवल ऑफिस से निकलकर दूसरे कमरे में चले गये थे। अमेरिकी टीम वहीं रुकी रही। इस दौरान ट्रंप ने उपराष्ट्रपति वेंस, विदेश मंत्री रुबियो और एनएसए माइक वाल्ट्ज से बातचीत की। चर्चा के दौरान ट्रंप ने कहा कि जेलेंस्की बातचीत की हालत में नहीं हैं। इसके बाद उन्होंने माइक वाल्ट्ज और रुबियो से कहा कि वे जाकर खुद जेलेंस्की को कह दें कि उनके जाने का वक्त हो गया है। ये दोनों अधिकारी वहां पहुंचे तो जेलेंस्की ने उनसे कहा कि वे चीजों को ठीक कर सकते हैं। जेलेंस्की ने फिर से ट्रंप के साथ बातचीत करने की इच्छा जाहिर की, लेकिन उन्हें यह मौका नहीं दिया गया। दोनों नेताओं की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस भी होने वाली थी, जिसे रद्द कर दिया गया। इसके बाद सुबह करीब 11 बजे जेलेंस्की यूक्रेन के लिए रवाना हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार जेलेंस्की और ट्रंप के बीच लगभग 40 मिनट तक अच्छी बातचीत हुई। आखिरी 10 मिनट में काफी तीखी बहस हुई।



### सुरक्षा की गारंटी मिले, तभी शांति समझौते में शामिल होंगे: जेलेंस्की

जेलेंस्की ने ट्रंप से बहस के बाद उनसे माफी मांगने से इनकार कर दिया है। उन्होंने फॉक्स न्यूज से कहा कि जब तक सुरक्षा की गारंटी नहीं मिल जाती वे किसी शांति समझौते में शामिल नहीं होंगे। जेलेंस्की ने कहा कि वे ट्रंप का सम्मान करते हैं, लेकिन उन्होंने कुछ बुरा नहीं किया है। उन्होंने यह भी कहा यह बहस दोनों के लिए अच्छी नहीं रही, लेकिन ट्रंप को यह समझने की जरूरत है कि यूक्रेन, रूस को लेकर अपना रवैया एक दिन में नहीं बदल सकता। जेलेंस्की ने कहा कि वे चाहते हैं कि ट्रंप इस बहस के बाद भी यूक्रेन के लिए ज्यादा समर्थन दिखाएं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन एक साझेदार के तौर पर कभी भी अमेरिका को खोना नहीं चाहता। यूक्रेन तब तक रूस के साथ शांति समझौते में शामिल नहीं होगा जब तक कि उसे सुरक्षा की पूरी गारंटी नहीं मिल जाती।

### शांति नहीं चाहते जेलेंस्की : ट्रंप

ट्रंप ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जेलेंस्की शांति चाहते ही नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि पुतिन शांति के लिए काफी गंभीर हैं। यूक्रेन की मदद बंद करने के सवाल पर ट्रंप ने कहा कि अब इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अब वे तभी बातचीत करेंगे जब जेलेंस्की इस जंग को वाकई में खत्म करना चाहते हों।

# तारीख पर तारीख नहीं, नौ दिन में ही आ गया फैसला

रांची सिविल कोर्ट ने हत्या की नीयत से हमला मामले में सुनाया फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोर्ट में मामला जाने पर अक्सर कहा जाता है, तारीख पर तारीख मिलती रहेगी, मामला सालों तक चलता रहेगा। इससे उलट रांची सिविल कोर्ट ने एक मामले का महज 9 दिनों में ट्रायल पूरा कर फैसला सुनाया है। यह मामला रांची के जगरनाथपुर थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ था, जिसमें रमजान अंसारी ने जाकिर खान, शाकिर खान और शहीद खान पर हत्या की नियत से हमला करने का आरोप लगाया था। यह मामला जगरनाथपुर थाना में कांड संख्या 237/2024 के तहत दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच पूरी कर दिसंबर महीने में चार्जशीट दाखिल की। इसके बाद, केस को सुनवाई के लिए 19 फरवरी को मजिस्ट्रेट कोर्ट से ट्रायल कोर्ट में ट्रांसफर किया गया। 20 फरवरी को कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ चार्जफ्रेम किया। इस केस की सुनवाई रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायाधीश 13 देवाशीष महापात्रा की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने त्वरित सुनवाई करते हुए सभी गवाहों और सबूतों का मूल्यांकन किया और फिर अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में जाकिर खान, शाकिर खान और शहीद खान को बरी कर दिया।

### शेहला राशिद पर देशद्रोह का मुकदमा नहीं चलेगा

नयी दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की पूर्व उपाध्यक्ष शेहला राशिद के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा वापस लेने की मंजूरी दे दी। चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अनुज कुमार सिंह ने अभियोजन पक्ष की ओर से दायर आवेदन पर यह आदेश दिया।आवेदन के मुताबिक दिल्ली के उपराज्यपाल ने शेहला के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी वापस ले ली है। उपराज्यपाल ने 23 दिसंबर, 2024 को शेहला पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दी थी। अब एक स्क्रीनिंग कमेटी की सिफारिश पर यह मंजूरी वापस ले ली है। शेहला के खिलाफ 2019 में देशद्रोह और दंगे भड़काने के आरोप में मामला दर्ज हुआ था। उन्होंने ट्वीट कर-के सेना पर कश्मीर में अत्याचार करने का आरोप लगाया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

# अपने बेटे को लांच करने के लिए तैयार हैं नीतीश

## ■ चुनाव से पहले सब कुछ तय कर लेना चाहते हैं सुशासन बाबू

## ■ बिहार की राजनीति में नये अध्याय की हो सकती है शुरुआत

**आजाद सिपाही विशेष**


**बिहार की राजनीति का पहिया इन दिनों बड़ी तेजी से घूम रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भागलपुर दौरा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए उनका 'लाडला' संबोधन, फिर जेपी नड्डा का बंद कमरे में नीतीश से बातचीत और बाद में कैबिनेट विस्तार में भाजपा के सात विधायकों को जगह दिये जाने के बाद यह चर्चा आम हो चली है कि नीतीश कुमार विधानसभा चुनाव से पहले सब कुछ सेट कर लेना चाहते हैं। 2020 के चुनाव में उन्होंने कहा था कि यह उनका अंतिम चुनाव है। अब इस साल के अंत में विधानसभा का चुनाव होना है, जिसमें नीतीश कुमार की भूमिका को लेकर अभी से कयासों का दौर शुरू हो गया है। इन चर्चाओं को उस समय बल मिला, जब नीतीश कुमार के पुत्र निशांत भी सियासी बयानबाजी करने लगे। भाजपा से गठबंधन से लेकर बिहार में सुशासन को जारी रखने तक के बारे में निशांत कुमार ने जो कुछ कहा, उस पर नीतीश कुमार की चुप्पी ने इस बात के पुख्ता संकेत दे दिये हैं कि सुशासन बाबू ने अपने पुत्र के लिए सियासी जमीन तैयार कर ली है और अब उन्हें लांच करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। चर्चा तो यहां तक हो रही है कि नीतीश कुमार आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रचार अभियान की कमान भी अपने पुत्र के हाथों में देंगे, ताकि वे तेजस्वी के युवा चेहरे का जवाब बन सकें। यदि नीतीश कुमार अपने पुत्र को राजनीति में उतारते हैं, तो यह बिहार की राजनीति का नया अध्याय होगा। क्या है नीतीश कुमार की पूरी योजना और निशांत कुमार की सियासत में लांचिंग का क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार लगातार अपने बयानों से यह संकेत दे रहे हैं कि वे बिहार की सक्रिय राजनीति में उतरने को तैयार हैं। निशांत के बयानों पर नीतीश कुमार की चुप्पी भी यही संकेत दे रही है कि बिहार के मुख्यमंत्री अपनी राजनीतिक विरासत और अपनी पार्टी- जनता दल यूनाइटेड दोनों को अपने बेटे के हाथ में सौंपने की तैयारी कर रहे हैं। नीतीश कुमार की चुप्पी और निशांत कुमार के बयानों के कई मतलब और मायने भले ही निकाले जा रहे हों, लेकिन राजनीति को सही ढंग से समझने वाला कोई भी जानकार यह बता सकता है कि पिता-पुत्र के मन में क्या चल रहा है।

नीतीश कुमार शुरू से ही परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ रहे हैं। कई बार तो वह सार्वजनिक मंच से परिवारवाद की राजनीति करने के लिए लालू यादव पर निशाना साध चुके हैं। यहां तक कि दशकों तक नीतीश कुमार किसी भी सार्वजनिक मंच पर अपने बेटे निशांत कुमार को अपने साथ नहीं ले गये। लेकिन पिछले कुछ दिनों से नीतीश कुमार और उनके बेटे निशांत कुमार की तस्वीरें लगातार सामने आ रही हैं। निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री को लेकर जदयू नेताओं के बयान भी लगातार आ रहे हैं।

दूसरी तरफ, जिन निशांत कुमार की तारीफ में यह बताया जाता था कि वह बहुत सादगी से रहते हैं, मीडिया की चकाचौंध से दूर रहते हैं, वहीं निशांत कुमार आजकल लगातार मीडिया के सामने आ रहे हैं। सबसे अधिक गौर करने वाली बात यह है कि



वह मीडिया को गंभीर राजनीतिक मसलों पर बयान देकर हंगामा भी खड़ा कर रहे हैं। एक पल के लिए यह माना जा सकता है कि अपने पिता को फिर से बिहार का मुख्यमंत्री बनाने के लिए वह बिहार के मतदाताओं से अपील कर रहे हैं लेकिन एनडीए गठबंधन को लेकर भी उनका बोलना यह दर्शाता है कि नीतीश कुमार उन्हें राजनीति में उतारने का फैसला कर चुके हैं, निशांत कुमार भी इसके लिए अपने आपको तैयार कर रहे हैं और अब लांचिंग के लिए सही मौके का इंतजार किया जा रहा है।

जो बात नीतीश कुमार स्वयं अपनी जुबान से नहीं बोल पा रहे थे, उन्होंने वह बात अपने पुत्र निशांत कुमार की जुबान से बुलवाकर एक बड़ा राजनीतिक दांव खेल दिया है। निशांत कुमार ने एनडीए गठबंधन के सबसे बड़े दल भाजपा को नसीहत देते हुए कहा कि एनडीए भी नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करे। जदयू के तमाम नेता और कार्यकर्ता सभी मिलकर सीएम फेस घोषित करें, ताकि उनके नेतृत्व में विकास कार्य जारी रहे। एक तरफ निशांत कुमार ने भाजपा को एनडीए गठबंधन का नेता घोषित कर विधानसभा चुनाव लड़ने की नसीहत दी, तो वहीं दूसरी तरफ इशारों-इशारों में वह चिराग पासवान और प्रशांत किशोर जैसे नेताओं पर भी बड़ी बात कह गये।

निशांत कुमार के शब्दों पर गौर कीजियेगा। उन्होंने कहा कि वे मीडिया के माध्यम से राज्य के तमाम युवाओं से आह्वान करते हैं कि पिताजी ने विकास किया है, तो उनके लिए वोट करें। पिछली बार लोगों ने उन्हें 43 सीटें दे दी, फिर भी उन्होंने विकास का क्रम रुकने नहीं दिया। इस बार सीट बढ़ना मांगता है, ताकि पिताजी आगे भी कार्य जारी रख सकें। यह सब जानते हैं कि 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव में जदयू उम्मीदवारों को हराने में बड़ी भूमिका चिराग पासवान ने निभायी थी। चिराग पासवान ने 2020 के विधानसभा चुनाव में अपने आपको नरेंद्र मोदी का हनुमान बताते हुए नीतीश कुमार की पार्टी को 43 सीटों पर ला दिया था। इस बार कुछ उसी तरह की भूमिका निभाने की तैयारी प्रशांत किशोर करते हुए नजर आ रहे हैं।

निशांत कुमार जिस नपे-तुले शब्दों के साथ सधे हुए अंदाज में बयान दे रहे हैं, उससे यह साफ-साफ नजर आ रहा है कि एक-एक शब्द का चयन बहुत सावधानी से किया गया है। इसका सीधा मतलब यही निकलता है कि, कितने बड़े पैमाने पर तैयारी की जा रही है। ऐसे में यह तय माना जा रहा है कि इस बार के विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता के सामने समाजवादी विचारधारा के आंदोलन से निकले एक और दिग्गज नेता के पुत्र अपने पिता के नाम पर वोट देने की गुहार लगाते नजर आ सकते हैं।

---

## राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाला मामला

# पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा पर हाइकोर्ट ने लगाया 4000 रुपये का जुर्माना

**समय मांगे जाने पर तीसरी बार लगाया जुर्माना**

**हैदराबाद की बिजली कंपनी के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रुपये घूस लेने का आरोप**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से निचली अदालत द्वारा आरोप गठित किये जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। हाइकोर्ट ने तीसरी बार फिर से मधु कोड़ा की ओर से समय मांगे जाने पर 4000 रुपये का जुर्माना लगाया। मामले की अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद होगी। इससे पहले 17 जनवरी 2025 को समय मांगे जाने पर मधु कोड़ा पर 2000 रुपये का जुर्माना एवं 13 दिसंबर 2024 को 1000 रुपये का जुर्माना कोर्ट ने लगाया था। जुर्माना की राशि झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा ) में जमा करने का निर्देश हुआ था। बता दें कि मधु कोड़ा पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व में मुख्यमंत्री के उच्च पद का दुरुपयोग करते हुए हैदराबाद की बिजली कंपनी आइवीआरसीएल के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रुपये घूस ली। साथ ही कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए उसे लातेहार, गढ़वा और पलामू सहित छह जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण करने का टेंडर दे दिया। इस मामले की जांच सीबीआइ कर रही है। इसमें मधु कोड़ा ढाई साल तक जेल में रहे थे। उन्हें 30 जुलाई 2013 को जमानत मिली थी।

बता दें कि आरोप है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने हैदराबाद की ब्लैक लिस्टेड कंपनी आइवीआरसीएल को काम दिया था। वर्ष 2006 में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजना के लिए झारखंड को केंद्र से 467.76 करोड़ रुपये मिले थे। इस परियोजना के तहत झारखंड के छह जिलों के 27359 गांवों का विद्युतीकरण किया जाना था। इससे 29.26 लाख परिवारों को सीधे तौर पर लाभ मिलता।

---

## 5 दिवसीय दौरे पर फिर झारखंड आ रहे हैं कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू



**रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के नये प्रदेश प्रभारी के राजू 5 दिवसीय झारखंड दौरे पर फिर आ रहे हैं। के राजू 6 मार्च को रांची पहुंचेंगे। इसके बाद वे रांची से पलामू के लिए रवाना होंगे। इसके बाद वे झारखंड के अलग-अलग जिलों का दौरा करेंगे। राकेश सिन्हा ने बताया कि महिला दिवस के दिन मांडर में उनका एक कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम के बाद वे बोकारो के लिए रवाना होंगे। वहीं नौ मार्च को गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज के अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के बाद वे 10 मार्च को देवघर के लिए रवाना होंगे और वहां से दोपहर डेढ़ बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगे।**

---

# झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल मुर्मू बने

## उपाध्यक्ष पद पर रोहित, संजीव कुमार महामंत्री चुने गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हो गया। 28 फरवरी को हुए इस चुनाव में 1056 मतदाताओं में से 996 ने अपने मत का प्रयोग किया। चुनाव परिणामों के अनुसार, अध्यक्ष पद पर राहुल मुर्मू, उपाध्यक्ष पद पर रोहित रजक और महताब आलम, महामंत्री पद पर संजीव कुमार, संयुक्त सचिव पद पर राकेश कुमार पांडे और संतोष महतो तथा संगठन सचिव पद पर मंटू कुमार ने जीत हासिल की। नये पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एक मार्च को आयोजित किया गया है। यह चुनाव दो साल की देरी से हुआ था। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नये पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर पुलिस मुख्यालय से कई बार रिमाइंडर भेजे गये थे। एसोसिएशन, जो झारखंड पुलिस के कनीय पुलिस पदाधिकारियों का एसोसिएशन है, अपने सदस्यों की समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस मुख्यालय और सरकार के बीच सेतु का काम करता है।



**चुनावी मैदान में ये थे प्रत्याशी**

- अध्यक्षः राहुल कुमार मुर्मू, रवींद्र कुमार, कमलेश सिंह
- उपाध्यक्षः निरंजन तिवारी, रोहित कुमार रजक, रामाकांत उपाध्याय, महताब आलम, अशोक तिवारी
- महामंत्रीः संजीव कुमार, अरविंद कुमार यादव, नीलमणी राम
- संयुक्त सचिवः संतोष कुमार महतो, राकेश कुमार पांडेय, श्रीकांत शर्मा, मनोज पासवान
- संगठन सचिवः मंटू कुमार, निर्मल कुमार यादव

---

# एसइआर सेंट्रल अस्पताल, कोलकाता में आयोजित हुआ भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा संघ का 41वां वार्षिक सम्मेलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**


एसइआर सेंट्रल हॉस्पिटल, गार्डन रीच में भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा संघ के 41वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान रेलवे बोर्ड के महानिदेशक डॉ मान सिंह, दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे की प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ अंजना मल्होत्रा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा 'पेंटाकॉन मेमोयर्स' पर एक स्मारिका का विमोचन किया गया।

**कोलकाता।** भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा संघ/एसइआर का 41वां वार्षिक सम्मेलन, छठा रैपिकॉन और पहला राल्मकॉन 27 फरवरी से एक मार्च तक एसइआर सेंट्रल अस्पताल, गार्डन रीच, कोलकाता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 28 फरवरी को रेलवे बोर्ड के महानिदेशक, रेलवे स्वास्थ्य सेवा डॉ मान सिंह ने अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, डॉ अंजना मल्होत्रा, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक, दक्षिण पूर्व रेलवे, अन्य विशिष्ट अतिथियों और भारतीय रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित डॉक्टरों की उपस्थिति में किया। अपने भाषण के दौरान महानिदेशक ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन से ज्ञान में वृद्धि और समृद्धि होती है और जूनियर डॉक्टरों को कौशल हासिल करने में मदद मिलती है। उन्होंने लाइव ऑपरेटिव कार्यशाला की सराहना की, जो एक बड़ी सफलता थी। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने इस सम्मेलन के आयोजन के लिए एसोसिएशन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन निस्संदेह डॉक्टरों के पेशेवर विकास में योगदान देगा। सम्मेलन में पूरे भारत से आये वक्ताओं ने अपने बहुमूल्य विचार साझा किये। 27 फरवरी को लाइव इएनटी सर्जरी पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी। 28 फरवरी, 2025 को इएनटी सेमिनार में प्रख्यात इएनटी और हेड एंड नेक सर्जनों ने अपने बहुमूल्य ज्ञान और अनुभव को साझा किया। एक मार्च को देश के विभिन्न हिस्सों से प्रख्यात पैथोलॉजिस्टों की बातचीत के साथ पैथोलॉजी सेमिनार आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान गणमान्य व्यक्तियों द्वारा 'पेंटाकॉन मेमोयर्स' पर एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे के प्रतिनिधियों और पश्चिम बंगाल चैप्टर के इएनटी और पैथोलॉजी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

---

## हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा-

# शिक्षकों के वेतन के लिए क्यों फंड नहीं है, कहां जा रहा है पैसा?

**झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ पलामू इकाई की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में पलामू जिला के विभिन्न सरकारी स्कूलों में कार्यरत ट्रेंड शिक्षकों (ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर) के कई माह से वेतन भुगतान नहीं होने के मामले में दायर रिट याचिका की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक पूछा कि पलामू जिला के सरकारी स्कूलों में कार्यरत 407 ट्रेंड शिक्षकों को क्यों वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनके वेतन के मद का पैसा कहां जा रहा है? कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि किस कारण से इन शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं हो रहा है, उसे स्पष्ट करें। साथ ही यह भी बतायें कि उनका वेतन भुगतान कब तक हो सकेगा। कोर्ट ने एक सप्ताह में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि पलामू में सरकारी स्कूल में कार्यरत 407 ट्रेंड शिक्षकों को करीब 9 माह से वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे उनकी दैनिक स्थिति खराब हो गयी है। बकाया वेतन भुगतान को लेकर अधिकारियों से जब उन्होंने संपर्क किया तो अधिकारियों का कहना है कि फंड की कमी है, इसलिए वेतन उन्हें नहीं दिया जा रहा है। उनकी ओर से शिक्षकों को जल्द वेतन भुगतान करने का आग्रह किया गया। मामले में झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ पलामू इकाई की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.2 °c | 18.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.52 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.11 बजे |






षष्ठम झारखंड विधानसभा के नये विधायकों के लिए दो दिवसीय प्रबोधन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन, स्पीकर रबींद्र नाथ महतो, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, भाजपा विधायक सीपी सिंह और अन्य विधायक।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# गठबंधन सरकार में जवाबदेही और संवेदना का अभाव : सुदेश महतो

**आजसू की दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल बैठक संपन्न**

**संगठन विस्तार की रणनीति बनायी, सोशल मीडिया टीम का गठन किया जायेगा**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार में जनता के प्रति जवाबदेही और संवेदना का अभाव स्पष्ट दिख रहा है। विधानसभा में विधायकों द्वारा उठाये जा रहे विषयों के प्रति सरकार के मंत्रियों का रवैया टालमटोल का दिखता है। आजसू पार्टी सरकार के बजट की प्रतिक्षा कर रही है ताकि यह पता चल सके कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार अपने वायदों को लेकर गंभीर है या नहीं? शनिवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के जिला प्रभारियों की बैठक आयोजित की गयी। संगठन विस्तार की रणनीति बनायी गयी। बैठक को डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, राजेंद्र मेहता, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, पार्वती देवी, दीपक महतो, इस्लाम अंसारी, संजय मेहता आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड की अस्मिता, पहचान और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए हमें हर जिले, प्रखंड और गांव तक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी और इस संगठन विस्तार के अभियान को कालबद्ध एवं योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। श्री महतो ने ग्राम स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने की रणनीति पर चर्चा की, जिसके तहत प्रत्येक गांव में ग्राम कमेटी का गठन किया जायेगा।

बैठक में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने और संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने के लिए महिला प्रभारियों की भी नियुक्ति की गयी। यह निर्णय लिया गया कि संगठन में महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं में अधिक अवसर दिये जायेंगे, ताकि वे पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचा सकें और स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान कर सकें।

इसके अलावा, सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की उपस्थिति को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष रणनीति पर भी चर्चा की गयी। डिजिटल प्रचार और जागरूकता अभियानों को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया टीम का गठन किया जायेगा, जो पार्टी की विचारधारा और नीतियों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का कार्य करेगी। बैठक में रांची जिलाध्यक्ष संजय महतो, रामलखन प्रसाद, आशुतोष तिवारी, ओम भारती, दिलीप साहू, राजकिशोर कुशवाहा, विश्वनाथ भगत, अरविंद यादव, मुनिया उरांव, अभिषेक राज हेरेंज आदि भी उपस्थित थे।

# क्राइस्ट विश्वविद्यालय बेंगलुरु में सम्मानित हुईं मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की




**पूर्ववर्ती छात्रों के सम्मान समारोह में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री हुईं शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के क्राइस्ट विश्वविद्यालय में पूर्ववर्ती छात्रों के सम्मान समारोह में झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सम्मानित हुईं। इस सम्मान समारोह में देश भर के कई सांसद, विधायक और मंत्री सम्मानित हुए। क्राइस्ट विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद समाज में अपने काम के दम पर अलग पहचान बनाने वाले सफल छात्रों को ये सम्मान दिया गया। सम्मान पाने वाले सभी आज अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर मुकाम पर हैं। सम्मान पाने के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अपनों के हाथ सम्मान पाना गर्व की बात है। बेंगलुरु के क्राइस्ट विश्वविद्यालय के द्वारा सम्मान पा कर जो सुखद अनुभूति हुई उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं है।

उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य को गढ़ने में शिक्षण संस्थान का हमेशा से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। गुरुदेव हमेशा पथ प्रदर्शक की भूमिका में रहे हैं। क्राइस्ट विश्वविद्यालय देश के गिने चुने उन विश्वविद्यालयों में शामिल है जहां शिक्षा प्राप्त करना हर एक मेधावी छात्र का सपना होता है। विश्वविद्यालय के प्रांगण में आ कर पुरानी यादें ताजा हो गयीं और वो तमाम सपने भी जो भविष्य को लेकर अक्सर देखती थी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के साथ सांसद सुधा मूर्ति, सांसद फ्रांसिस जॉर्ज, कर्नाटक सरकार में राजस्व मंत्री कृष्णा गौड़ा, सांसद मल्लेश बाबू, विधायक चांडी ओमन, विधायक दर्शन ध्रुवनरायणा, सांसद सागर ईश्वर खंड्रे को विश्वविद्यालय के द्वारा सम्मानित किया गया।

## जिला अनुकंपा समिति की बैठक में 14 लोगों के नियुक्ति की बनी सहमति

रांची (आजाद सिपाही)। रांची जिला अनुकंपा समिति की बैठक शनिवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में अनुकंपा समिति के आधार पर नियुक्ति संबंधित बैठक आयोजित की गयी। जिला अनुकंपा समिति सामान्य में कुल 10 की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गयी। साथ ही अनुकंपा के आधार पर चौकीदार की नियुक्ति में कुल चार की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गयी। बैठक में पंचायती राज पदाधिकारी राजेश कुमार साहू, डीएसपी जैप 2, जिला स्थापना उप-समाहर्ता ज्योति वंदना कुजूर एवं सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# हर बॉल पर छक्का लगाने का दंभ भरनेवाले सीएम कैग रिपोर्ट पर हो रहे हिट विकेट : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन के उस बयान पर हमला बोला है जिसमें उन्होंने विपक्ष के हर बॉल पर छक्का लगाने की बात कही थी। बाबूलाल ने इस पर तंज कसते कहा है कि हर बॉल पर छक्का लगाने का दंभ भरने वाले मुख्यमंत्री हेमंत हिट विकेट होते नजर आ रहे हैं। सीएजी की रिपोर्ट ने हेमंत सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन और घोर इच्छाशक्ति के अभाव को उजागर कर दिया है।

सरकार ने तकरीबन 19 हजार करोड़ रुपये की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया, जो बड़े भ्रष्टाचार की संभावना को प्रबल करता है। आकस्मिक विपत्र निकासी में गड़बड़ी और गलत बजटीय प्रावधान का खामियाजा झारखंड की जनता जनार्दन को भुगतना पड़ा। राज्य 1.10 लाख करोड़ से ज्यादा का कर्जदार हो गया है।

**धनराशि का उपयोग करने में फेल सरकार :** बाबूलाल ने कहा है कि राज्य में व्यापक गरीबी के बावजूद, कई कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का पूर्ण उपयोग नहीं किया गया, जिससे जरूरतमंद लाभार्थियों तक सहायता नहीं पहुंच पायी। डीबीटी योजनाओं, विशेषकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन और छात्रवृत्ति योजनाओं में, धनराशि के दुरुपयोग, फर्जी लाभार्थियों और अपात्र छात्रों को भुगतान जैसी अनियमितताएं पायी गयीं।

स्वास्थ्य क्षेत्र की बात करें तो डॉक्टरों के 61 फीसदी पद खाली, मेडिकल कॉलेज में 45 फीसदी पद खाली हैं। दवा व उपकरण की खरीद पर उपलब्ध राशि का महज 20 प्रतिशत ही खर्च हुई। सैंपल जांच केंद्रों में दवा की कमी 66-94 प्रतिशत तक ओटी में भी उपकरणों की कमी 48-67 प्रतिशत तक रही।

कैग की यह रिपोर्ट हेमंत सरकार के कुशासन को आईना दिखा रही है। सरकार को जनता के प्रति पारदर्शी शासन और अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए। बेहतर बजटीय प्रबंधन और विभागों के आपसी समन्वय नितांत आवश्यक है।

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन एक मार्च 2025 को रांची में धूमधाम से मनाया गया। यह भव्य समारोह विधायक सरयू रॉय के सरकारी आवास, डोरंडा, रांची में आयोजित किया गया, जिसमें झारखंड प्रदेश जदयू के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

समारोह की शुरूआत में नीतीश कुमार के योगदान और उनके विकास और सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण की सराहना की गयी। मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर केक काटकर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की और उनके कार्यों को सम्मानित किया।

मौके पर समारोह के दौरान झारखंड प्रदेश जदयू के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने कहा कि वह नये पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए अत्यधिक अभिभूत हैं। उन्होंने कहा, आज का दिन हमारे संगठन के लिए महत्वपूर्ण है और हम सभी नये पदाधिकारियों का स्वागत करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक बड़े सदस्य अभियान की शुरूआत की घोषणा की, जो झारखंड के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर चल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह अभियान पार्टी को मजबूत करेगा और जदयू झारखंड की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभायेगा।इस अवसर विधायक सरयू राय कहा कि मैं नये पदाधिकारियों को दिल से शुभकामनाएं देता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि झारखंड में जदयू बहुत जल्द और तेजी से विकसित होगा। उन्होंने पार्टी की शक्ति को बढ़ाने और संगठन को मजबूती देने के लिए सभी पदाधिकारियों से लगातार मेहनत करने की अपील की। इस अवसर पर धर्मेंद्र तिवारी, पीएन सिंह, सौमेन दत्ता, आशीष शीतल मुंडा, मीर अशरार को झारखंड प्रदेश जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने सम्मानित किया।

# जामताड़ा में 5 करोड़ की लागत से बनेगा हाइटेक साइबर थाना

## मंत्री इरफान अंसारी ने रखी आधारशिला, कहा- जामताड़ा से साइबर कलंक को धोना है

आजाद सिपाही संवाददाता



**जामताड़ा।** जामताड़ा में शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने करीब 5 करोड़ की लागत से बनने वाले नये साइबर क्राइम थाने की आधारशिला रखी। जामताड़ा में पर्वत बिहार के सामने नये अत्याधुनिक सभी सुविधाओं से लैस थाना भवन के शिलान्यास पर मंत्री इरफान नें कहा कि जामताड़ा से साइबर कलंक को धोना है। हम इसमें आगे बढ़ रहे हैं, थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत तक साइबर क्राइम यहां कम हुए हैं, अत्याधुनिक सुविधा मिलने के बाद हमारे पुलिस कर्मी और बेहतर काम करेंगे ताकि साइबर अपराधियों में भी खौफ हो। मौके पर जामताड़ा एसपी डॉ एहतेशाम वकारीब ने कहा कि निश्चित तौर पर अत्याधुनिक सुविधाएं मिलने से हमारे पुलिस कर्मी बेहतर कार्य कर के दिखायेंगे।

साइबर क्राइम पर कंट्रोल के लिए हाइटेक साइबर क्राइम थाने का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पहले पुराने भवन में साइबर थाना संचालित हो रहा था। साइबर क्राइम थाना का भवन ग्राउंड प्लस वन बनेगा। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के साथ भवन बनेगा। बोरिंग के साथ सबमर्सिबल पंप, वॉटर सप्लाई, प्रवेश द्वार के साथ चहारदीवारी और इलेक्ट्रॉनिक प्राइवेट आटोमेटिक ब्रांच एक्सचेंज का निर्माण होगा। लोकल एरिया नेटवर्क, डीजी सेट, स्ट्रीट लाइट की सुविधा भी रहेगी। साथ ही बड़ी गाड़ियों के साथ दो पहिया वाहनों की पार्किंग का इंतजाम भी होगा।

# अनुशासनहीन पुलिसकर्मियों पर गिरेगी गाज, डीजीपी ने मांगी सूची

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य के सभी जिलों और इकाइयों से अनुशासनहीन पुलिस अफसरों और कर्मियों की सूची मांगी है। इस सूची के आधार पर डीजीपी स्तर से कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

शनिवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, डीजीपी द्वारा जारी आदेश में निर्देश दिया गया है कि सभी जिलों और इकाइयों में पदस्थापित अनुशासनहीन पुलिसकर्मियों की सूची मुख्यालय को भेजी जाये। इस आदेश की प्रति सभी रेंज आइजी और डीआइजी को भी भेजी गयी है। आदेश में पुलिसकर्मियों के संबंध में सात बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी

### ये हैं सात बिंदु

- वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके विरुद्ध आम नागरिकों, महिलाओं से दुर्व्यवहार करने के आरोप में पूर्व में कोई कार्रवाई की गयी है।
- वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके संबंध जमीन माफिया और आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के साथ पाये गये हैं।
- वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो कर्तव्य से फरार रहते हैं।
- वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो ड्यूटी के दौरान आदतन शराब का सेवन करते हैं।
- वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो बिना कारण अवकाश की समय सीमा को स्वतः बढ़ाकर देर से ड्यूटी पर लौटते हैं।
- वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनपर अपने वरीय पदाधिकारी के साथ गलत व्यवहार करने के आरोप में पूर्व में कार्रवाई की गयी है। अथवा वे जो अब भी गलत व्यवहार करते हैं।
- वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप हो या फिर जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 02 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in



## डुमरौन में अमन-चैन बहाल कराने को लेकर जन प्रतिनिधि हुए सक्रिय



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के इचाक थाना क्षेत्र के डूमरौन गांव में शिवरात्रि को भगवा झंडा और लाउडस्पीकर लगाने को लेकर दो समुदाय में विवाद हो गया था। मामले बढ़ते हुए पथराव और आगजनी तक पहुंच गयी थी। प्रशासन की सक्रियता से बड़ी घटना घटने से बची मगर घटना नेशनल बन गया। पुलिस ने 45 लोगों पर नामजद और 200 अज्ञात पर मामला भी दर्ज कर 3 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के दूसरे दिन इचाक थाने में शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें जिले के पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित होकर शांति बहाल करने की बाते कही। वहीं शुक्रवार को स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता और पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने डुमरौन के ग्रामीणों से मिल शांति और सौहार्द कायम रखने की अपील की थी। शनिवार को फिर डूमरौन में बैठक कर शांति कैसे कायम हो इस पर विचार किया गया। बैठक में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों ने ग्रामीणों से शांति सौहार्द और भाईचारगी बनाने और मिलजुल कर शांति स्थापित करने की अपील की। बैठक में जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, प्रशिक्षु आइपीएस सह थाना प्रभारी श्रुति, निवर्तमान थाना प्रभारी संतोष कुमार, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता,कांग्रेस ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, मुखिया चोहन महतो, अशोक कपरदार, निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि भगवत मेहता, झामुमो नेता सुनील शर्मा, प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर कुमार दास, महावीर मेहता, राजेश मेहता, प्रवीन मेहता, प्रेम मेहता, अनिल मेहता, मनोज मेहता, प्रकाश रविदास, संतोष मेहता, मोहम्मद जुबेर, मोहम्मद हबीब, मुबारक मियां, रजक मियां, अनवर मियां, रिजवान अंसारी, फारूक अंसारी, छोटन मियां, मोहम्मद हकीक, शमसुद्दीन मियां समेत कई उपस्थित थे।

## सलइडीह में शिव और संकट मोचन हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा प्रखंड के इंदरवा पंचायत के सलईडीह में 11 दिवसीय श्री श्री 1008 शिव प्राण प्रतिष्ठा और संकट मोचन हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शनिवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। जिसकी शुरूआत महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज और विधायक डॉ नीरा यादव के द्वारा किया गया। सुबह 9 बजे से ही 3501 महिलाएं माथे पर कलश लेकर यज्ञ मंडप से पैदल नेरो नावाडीह होते हुए उत्तरवाहिनी नदी चादगर में जल भरकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वापस यज्ञ मंडप पहुंचे। इस दौरान जय श्री राम, जय हनुमान, जय भोलेनाथ के नारे से पूरा क्षेत्र गुंजयमान होता रहा जिससे गांव सहित आस पास का पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। इस दौरान तीन किलोमीटर लंबी कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज ने कहा कि धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करें। यज्ञ से गाव के साथ साथ आस पास का क्षेत्र का वातावरण स्वच्छ होता है। समय समय पर गांव में यज्ञ होने से आपसी भाईचारा बढ़ता है। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा यज्ञ से जहां एक ओर वातावरण शुद्ध होता है, वहीं सामाजिकता व आपसी सौहार्द भी बढ़ता है। सनातन के प्रति प्रेम लोगो को अपनी ओर आकर्षित करती है। भव्य कलश यात्रा में शामिल होकर अपने आप को सौभाग्यशाली मानती हूं। इस यज्ञ में कथावाचिका के रूप में अयोध्या से देवी प्रेमा सखी जी होंगे। इस महायज्ञ को सफल बनाने में पूरे ग्रामीण लगे हुए है।

## मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ में विदाई समारोह



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** राजकीय मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत शिक्षक लालधन महतो का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। मुख्य अतिथियों द्वारा दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वागत गान से स्वागत किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा नृत्य, भाषण, नाटक, संगीत आदि का प्रस्तुती कर लोगो का मन मोह लिया। विदाई सह सम्मान समारोह में सेवानिवृत शिक्षक एवं अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक लालधन महतो ने कहा कि इस 30 साल के सफर में हमें आप सभी का बहुत स्नेह और प्यार मिला, जिसका मैं शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा कि मेरे केरियर के सर्वश्रेष्ठ पल आज इस विदाई समारोह में हमे सम्मान मिला है। जो मेरे जीवन का यादगार पल रहेगा। इस दौरान उन्हें फूल माला पहनाकर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सबो ने उनके शेष जीवन खुशहाल व स्वस्थ रहने की कामना की। मौके पर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश प्रसाद,प्रधानाचार्य अशोक कुशवाहा, बालगोविंद प्रसाद बरनवाल, बीरेंद्र उपाध्याय , कालीचरण पांडेय, मधुसूदन प्रसाद , मुखिया निर्मल कुमार, रामचंद्र यादव, पसंस मुन्नी देवी, टेकोचंद महतो,गुरु प्रसाद, सुशील महतो, सोबरन भगत, अनिल पांडे, मिश्रीलाल बर्मन, जयप्रकाश सिंह पटेल, त्रिवेणी स्वर्णकार, सुखदेव बरनवाल, इंद्रदेव कुमार, अन्नपूर्णा देवी, दिनेशलाल महतो निरंजन महतो,अशोक प्रसाद कुशवाहा, अशोक राम, रेखा कुमारी, अलका कुमारी, सुजाता सेन राय, विनय कुमार सिंह, अफरीना खातून, सुनैना देवी, अनीता बरनवाल, सुनीता कुमारी राहुल कुमार समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## जनऔषधि दिवस पर निकाली गयी पदयात्रा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के द्वारा सातवीं जन औषधि दिवस के मौके पर शनिवार को सदर अस्पताल स्थित जन औषधि केंद्र के द्वारा पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। इस दौरान सीएस ने कहा कि सदर अस्पताल में जनऔषधि केंद्र खुलने से जिलेवासियों को काफी कम कीमतों में महत्वपूर्ण दवाइयां मिल रही है। इससे गरीबों और आमजनों को काफी राहत हो रहा है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रमण कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार की इस पहल को जितनी भी प्रशंसा की जाय, वह कम है। आज के भौतिकवादी युग मे असाध्य रोग से ग्रसित सदर अस्पताल के डीएस डॉ रणजीत कुमार ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अस्पताल आने वाले मरीजों को अस्पताल में उपलब्ध नि:शुल्क दवाइयों के अलावे यदि अन्य दवाइयों की जरूरत हो तो वे जन औषधि केंद्र से लें। डीपीएम महेश कुमार ने कहा कि सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है, इसे जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है।

### जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का हुआ आयोजन

# युवा अपनी स्किल के अनुसार ही करें रोजगार का चयन: उपायुक्त

**जिला स्तरीय रोजगार मेला में कुल 1820 युवक, युवतियां को पंजीकृत किया गया**

**719 को किया गया शॉर्टलिस्ट, जिनमें 369 युवाओं का चयन कर उन्हें रोजगार से जोड़ा गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन और रोजगार सृजन के माध्यम से ग्रामीणों को आर्थिक विकास की बढ़ावा मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह बातें उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला 2025 के अवसर पर कही। चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार, जेएसएलपीएस के द्वारा शनिवार को स्थानीय पैराडाइज रिजॉर्ट में जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय, डीडीसी इश्तियाक अहमद, जेएसएलपीएस पलाश के मुख्य परिचालन पदाधिकारी विष्णु परिदा व अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से 18 से 35 वर्ष तक के युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं को उनके प्रशिक्षण के अनुसार अलग-अलग कंपनियों में काम करने का अवसर मिलता है। उपायुक्त ने रोजगार सृजन मेला 2025 में आए सभी युवाओं से कहा कि अच्छे से समझबूझकर अपने स्किल के अनुसार ही रोजगार का चयन करें। उन्होंने जेएसएलपीएस के पदाधिकारियों से कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण बेहतर तरीके से दिया जाये ताकि वह अपने गांव में रहकर ही स्वरोजगार कर जीवन यापन कर सके। जेएसएलपीएस पलाश के मुख्य परिचालन पदाधिकारी विष्णु परिदा ने कहा कि जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग की एक संस्था के रूप में लगभग 12 सालों से कार्य कर रही है। जेएसएलपीएस प्रत्येक गांव में समूह बनाकर कार्य करती है। अभी तक लगभग 29 हजार गांव के लगभग 32 लाख दीदियों को जोड़ा जा चुका है। कौशल विकास योजना में अभी तक लगभग 70 हजार लोगों को ट्रेनिंग दिया जा चुका है। कार्यक्रम को जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिव्यदीप सिंह ने भी संबोधित किया। रोजगार सृजन मेला में नैंसी सहाय ने ऑन द स्पॉट सुजीत यादव, आकाश कुमार यादव और निशांत कुमार पासवान को ऑफर लेटर प्रदान की। मेला में लगभग 25 कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाये थे। कार्यक्रम में लगभग 1820 आवेदकों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। कार्यक्रम में 719 आवेदक शार्टलिस्ट किये गये जिनमें 369 आवेदकों का चयन कर उन्हें रोजगार से जोड़ा गया। मौके पर डीपीओ पंकज तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक निवेदिता राय समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मंजीत यादव हत्याकांड मामले में रामा सोनी ने कार्रवाई पर उठाये सवाल

### कहा, झूठा केस में 4 महीने तक रहना पड़ा जेल में



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के बहुचर्चित मंजीत यादव हत्याकांड मामले में पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल उठना शुरू हो गया है। इस मामले का अब तक पूर्ण रूप से उद्वेदन नहीं हुआ है। बेल पर जेल से निकले रामा सोनी ने पुलिस कार्रवाई पर गंभीर आरोप लगाये हैं। हजारीबाग पुलिस ने रामा सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। 4 महीने के बाद बेल पर रिहा हुआ है। उसने पुलिसिया कार्रवाई पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। उसने कहा कि पुलिस ने उसे इस मामले में बिना किसी साक्ष्य का ही आरोपी बना दिया है। उसके ऊपर रेकी करने का आरोप लगा है, जो सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जांच उपरांत अनुसंधान करने के बाद केस डायरी में रेकी का बात जो किया है उसमें कहीं भी नाम नहीं है। इसके बावजूद उसकी गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार होने के बाद 4 महीने तक जेल में रहना पड़ा। जिससे उसका परिवार का हाल बेहाल है। उसने यह भी बताया कि केस डायरी में जो खुलासा हुआ है उसमें सीडीआर और लोकेशन में उसे नहीं पाया गया है। जो इस ओर इशारा कर रहा है कि मंजीत यादव के रेकी में ना उसका हाथ था और ना ही मीटिंग में उसका कोई लेन देन था। उसका यह भी कहना है कि केस में अभियुक्तों के साथ उसकी जान पहचान भी नहीं है। फोन में भी कभी बातचीत नहीं हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है इस मामले को लेकर जांच किया जाये, ताकि जो आरोप लगा है उसका खुलासा हो सके। उन्होंने कहा कि केस में जिस तरह से फसाया गया है उससे पूरा परिवार कलंकित हुआ है और समाज में छवि भी खराब हुई है।

## सड़क दुर्घटना में पति की मौत, महिला घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को 3 बजे दिन कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोडरमा घाटी नौवा माइल के पास वाहन के चपेट में आने से पति की मौत हो गयी। घटना में पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। मृतक की पहचान अवधेश कुमार उम्र 42 वर्ष जबकि घायल पत्नी शकुंतला देवी उम्र 40 वर्ष ग्राम बीघा नालंदा बिहार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार शकुंतला एनम के निमाडीह में कार्यरत है। मिली जानकारी के अनुसार 6 मार्च को अपने बेटे की शादी में तैयारी के लिए अपने घर जा रहे थे, जो कोडरमा घाटी नौवा माइल वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार पति की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसके बाद आनन फानन में 108 की मदद से दोनों को सदर अस्पताल लाया गया जहां पति को कब्जा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जबकि पत्नी को रिम्स रेफर कर दिया गया।

### बड़कागांव मुख्य चौक पर हुई चाकूबाजी का मामला

## पुलिस ने छह लोगों को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव मुख्य चौक पर गुरुवार की शाम हुए छुरेबाजी से घायल दो लोगों के मामले पर बीएनएस प्राथमिकी अभियुक्त के विरुद्ध कांड दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिक अभियुक्त राजा यादव पिता विमल यादव साकिन सिद्धराव थाना चौपारण, राहुल यादव उर्फ रोहित यादव पिता अर्जुन यादव सकिन सिंघानी थाना मुफस्सिल, गोल्डन यादव पिता नेमन गोप सकिन पसई थाना कटकमदाग, शिवम कुमार पिता प्रदीप कुमार यादव, सकिन कुसुमभा थाना कटकमदाग, रिशु कुमार पिता हेमराज शाह सकिन कूद थाना कटकमदाग और विक्रम कुमार यादव पिता विशेश्वर गोप कुसुमभा थाना कटकमदाग सभी जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। घटना के दौरान प्रयुक्त किया गया स्कॉर्पियों वाहन को भी बरामद कर लिया गया। विदित हो कि बड़कागांव मुख्य चौक में काला स्कॉर्पियो से उतरकर अपराधियों ने दो युवक बड़कागांव थाना क्षेत्र ग्राम पिपराडीह निवासी उमेश गोप का 23 वर्षीय पुत्र चंदन गोप, और अर्जुन गोप का 18 वर्षीय पुत्र ललन गोप को चाकू मार कर बुरी तरह घायल कर दिया था। घायल युवकों को बड़कागांव के ग्रामीणों के मदद से बड़कागांव सामुदायिक अस्पताल में प्राथमिक इलाज करा कर रेफर कर दिया गया था। ललन गोप को बायां पसली के पास जबकि चंदन गोप को पीठ में चाकू लगा था। घायल युवक चंदन गोप ने बड़कागांव पुलिस के समक्ष बयान देते हुए बताया था कि कटकमदाग थाना क्षेत्र के राजा, शिवम, रोहित, गोल्डेन द्वारा घटना का अंजाम दिया गया था। घटना का कारण बकाया 16,000 राशि मांग को लेकर की गयी है। घटना के बाद बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक के नेतृत्व तोरत कार्रवाई करते हुए सभी नाम ज्यादा अभियुक्त सहित दो अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इधर दोनों घायल युवक का हजारीबाग सदर अस्पताल में इलाज के बाद एक का इलाज आरोग्यं हॉस्पिटल हजारीबाग में किया जा रहा है और एक को रांची रेफर किया गया है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने के बाद किसानों ने कहा

## किसान के लिए मोदी साबित हो रहे वरदान



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट के बाद वेबिनार में शामिल हुए। हजारीबाग के आत्मा केंद्र में इस कार्यक्रम को किसानों ने सुना। सुनने के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। बजट में कई ऐसे प्रावधान लायें गये हैं जिससे किसान को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम के दौरान किसान को संबोधित कर बताएं कैसे खेती करें, योजना का लाभ कैसे उठाएं यह किसान के लिए बेहद कारगर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कहा की विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे देश का संकल्प बहुत स्पष्ट हैं। हम सभी मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध हो, किसान सशक्त हो। हमारा प्रयास है कि कोई किसान पीछे न छूटे। हर एक किसान को आगे बढ़ाएं। हमने कृषि को विकास का पहला इंजन मानते हुए अपने अन्नदाताओं को गौरवपूर्ण स्थान दिया है। आत्मा के प्रयोजन निर्देशक विल्सन आनंद कुजूर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का लाभ किसानों को मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में किसान को प्रधानमंत्री की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी जायेगी, ताकि वे आत्मनिर्भर हो सके। केंद्रीय बजट पेश होने के बाद कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया है। बहरहाल किसान इस बात को लेकर गदगद है कि बजट में खेती पर विशेष फोकस किया गया है।

## लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण



**बरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के करियातपुर में सरकार द्वारा चलाए जा रहे सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत जन वितरण प्रणाली के द्वारा लाभुकों के बीच धोती साड़ी व लूंगी का वितरण किया गया, जिसमें मुख्य रूप से करियात पुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार शामिल रहे उन्होंने लाभुकों के बीच बारी-बारी से अपने हाथों से धोती साड़ी और लुंगी का वितरण किया, मौके पर उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष प्रजापति जन वितरण प्रणाली से नंदकिशोर प्रसाद केशरी, संतोष केशरी, लाल जी रविदास, उमा देवी, गुड़िया देवी, आशा देवी, जानकी देवी, गीता देवी, सविता देवी, तुलेश्वर रविदास, प्रियंका देवी, संगीता देवी, संतोषी देवी समेत लगभग सभी लाभुक मौजूद रहे।

## चलकुशा प्रखंड में मनरेगा योजना में अवैध निकासी का आया मामला

**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में मनरेगा योजना में अवैध निकासी का मामला प्रकाश में आया है। बताते चलें कि भाजपा नेता अजय सिंह बरियौन निवासी ने अपने नाम पर 100.100.10 का डोभा और आम बागवानी निर्माण कार्य कराया है। जबकि अपने चेहरे भाई प्रदीप सिंह के नाम पर 100.100.10 का निर्माण कार्य कराया है। डोभा निर्माण कार्य 2018-19 में पूर्ण बतलाया गया है। ठीक उसी डोभा में पुन: 2020-21 में राशि की निकासी की गयी है। उपरोक्त प्लोट पर प्रियंका देवी पति निरज सिंह, सुरेश सिंह पिता स्वर्गीय जगदीश सिंह, अमित कुमार सिंह पिता सुरेश सिंह, प्रदीप सिंह पिता स्वर्गीय नागेश्वर सिंह के नाम पर आम बागवानी निर्माण कार्य किया गया है। आश्चर्य कि बात यह है कि भाजपा ने सरकारी राशि निकासी करने में इतना मगन हो कि अपने पिता जगदीश सिंह के नाम पर भी जॉब कार्ड बनवा डाला। ओर तो ओर जॉब कार्ड बनाने के समय अपने पिता का उम्र 53 वर्ष बतलाया है। अब चर्चा यह बना है कि भाजपा ने अजय सिंह के पिता जगदीश सिंह नौकरी करते थे ओर 60 वर्ष होने पर नौकरी से रिटायर कर चुके हैं। तो जॉब कार्ड बनाने के समय 53 वर्ष कैसे क्या जगदीश सिंह पुन: 7 वर्ष नौकरी किये आ फिर मनरेगा योजना में मजदूरी कर रहे थे। जो लोग समझ नहीं पा रहे हैं। सभी योजना से संबंधित बनायें गये भूमि प्रतिवेदन की छाया प्रति की मांग सुचना अधिकार के तहत प्रखंड मुख्यालय से की गयी है। वहीं सरकारी राशि की वापसी को लेकर आवेदन दिया गया है। भूमि प्रतिवेदन उपलब्ध होने पर ओर यह अस्पष्ट होगी कि आखिर सभी योजना कुल कितने रकवा में लगायी गयी है।

## सामूहिक पूजा और भंडारे का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के ग्राम चेपाखुर्द के शिव मंदिर प्रांगण में सामूहिक पूजा और भंडारा का आयोजन किया गया। बताते चले ग्राम चेपाखुर्द से 22 फरवरी 2025 को पांच दिवसीय महाकुंभ यात्रा प्रयागराज के लिए डेढ़ सौ श्रद्धालु गण गये थे। जो प्रयागराज, विंध्याचल, अयोध्या, बनारस, बोधगया और भद्रकाली मंदिर का दर्शन करते हुए 27 फरवरी 2025 को सकुशल मंगल अपना गांव लौट आये। उसी खुशी के उपलक्ष में गांव के शिव मंदिर में सामूहिक पूजा और भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर पुरोहित राधेश्याम बाबा, श्रद्धालुओं में अजय यादव, चंद्रशेखर चौरसिया, शिवा साव, शंभू साव, राजू महतो, महावीर यादव, सहदेव यादव, नवलेश यादव, तारकेश्वर महतो, कुलदीप कुमार साहू, कालेश्वर महतो, प्रकाश महतो, अभिमन्यु कुमार साहू, अर्जुन साहू, परमेश्वर राम, भुवनेश्वर विश्वकर्मा, विश्वनाथ साहू, सोनू देवी, विमला देवी, रुदिया देवी, संजू रानी, किरण देवी, आशा देवी, मंजू देवी, तुलसी यादव, महेंद्र साव, उमेश साव, लालजीत महतो, धनेश्वरी देवी, पूजा कुमारी और अन्य ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## खतियानी परिवार की बैठक संपन्न



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** रविवार को पूर्ण धरना स्थल के नजदीक अशोक राम की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में दुख के साथ यह बात करनी पड़ी की, धार्मिक उन्माद पैदा करने वाले कभी भी धार्मिक नहीं हो सकते हैं, क्योंकि पैगंबर ने, श्री राम ने, श्री कृष्ण ने भगवान शंकर ने सब ने दुनिया को एक संदेश दिया है की, आदमी और आदमी के बिच भेद भाव नहीं होनी चाहिए सदभा् और प्रेम को सभी धर्मों ने एक सवार मे स्वीकार किया है, खतियानी परिवार एसे लोगों के प्रति जो धार्मिक उन्माद पैदा करना चाहते हैं उनका भरपूर विरोध करता है। जंगलों को ले डूबा वन विभाग ने जंगलों को माफियाओं द्वारा कटाई छटाई धड़ल्ले से किया जा रहा है, और वन विभाग के पदाधिकारी साधु बनकर बैठे हुए हैं कि मैं कुछ नहीं जानता यहां तक की जंगलों को साफ सफाई करके नशीली खेती किया जाना आम बात है जैसे अफीम की खेती पोस्ट की खेती गांजा की खेती साग सब्जी को लगवाना यह काम वन विभाग द्वारा की जा रही है। इसका दोषी कौन वन विभाग या जनप्रतिनिधि, जंगलों में रहने वाले जंगली जानवर का आशियाना छीनी ज रही है बेचारे जंगली जानवर जंगली पंछियों लुप्त होती जा रही है हाथी सीधे देहात और शहर की और कुछ कर रहे हैं कहीं आदमियों को जान से मार रहे हैं, तो कहीं घर द्वार को धंसा दे रहे हैं यह इतना क्रोधित हो चुके हैं कि इसके सामने सरकार बेबस है परिवार यह मांग करती है की वन विभाग को बंद कर दिया जाये और गांव में बने वन समितियां को सीधे शॉप दी जानी चाहिए। बैठक में उपस्थित मो हकीम, किसटु प्रसाद, बोधी साव, मो फखरुद्दीन, महेश विश्वकर्मा, मोहम्मद आशिक, प्रदीप कुमार मेहता, विजय मिश्रा, सुरेश महतो, शंभू ठाकुर, अमर कुमार अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में आगामी 8 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्याय सदन के सभागार में जिले के विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा के जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने की। सचिव गौतम कुमार ने उपस्थित अधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में आवश्यक पहल करने की अपील की। उन्होंने बैंकों के अधिकारियों से अपने स्तर से भी पक्षकारों को सूचित करने और उनको अपने मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराने के प्रति जागरुक करने की भी अपील की। मौके पर न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, एलडीएम निवास कुमार, कोडरमा बाजार के सतीश प्रियदर्शी, झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक के शंकर कुमार प्रसाद, एसबीआइ बांझेडीह राकेश रौशन, बैंक ऑफ इंडिया पत्थलडीहा विकाश कुमार, बैंक ऑफ महाराष्ट्रा के मनीष कुमार पांडेय, केनरा बैंक झुमरी तिलैया के राहुल कुमार, पंजाब नेशनल बैंक के अर्जुन रविदास, बैंक ऑफ बडौदा के सागर कुमार, बैंक ऑफ बडौदा कोडरमा के रंजित कुमार रजक, इंडियन ओवेरसिज बैंक के सवम्य ए कुजूर, युको बैंक के प्रशांत कुमार, इंडियन बैंक झुमरीतिलैया के धीरेन्द्र कुमार ठाकुर, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, संतोष कुमार और अन्य बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक ने सड़क का किया शिलान्यास



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत हफूआ गांव में शनिवार को स्थानीय विधायक रोशनलाल चौधरी ने शिलापट का अनावरण कर सड़क का शिलान्यास किया। बताया गया कि पुराना सामुदायिक भवन से खूरहा गढ़ा टोला तक करीब ग्यारह सौ मीटर सड़क का निर्माण प्रस्तावित है। इसके साथ ही रास्ते के ठीक बगल में पड़ने वाले तालाब में गार्ड वॉल का निर्माण किया जायेगा। इस मौके पर विधायक ने कहा कि अच्छी सड़कों के निर्माण होने से ही गांव का विकास होता है। उन्होंने ग्रामीणों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने की बात कही। इस मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, पूर्व मुखिया बंधन गंझु, जलेश्वर मुंडा, सलीम अंसारी, कुंवर ठाकुर, मनी साव, यदुनंदन साव, शाबीर अंसारी, बंशी मुंडा, नासिर अंसारी, शमशुल अंसारी सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू टोकीसूद ब्लॉक सेक्शन किलोमीटर 123/ 35 स्थित रेलवे ट्रैक पर शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति शक्तिपुंज एक्सप्रेस चपेट में आने से कटकर जान दे दी। सूचना मिलने पर धनबाद मंडल के रेलवे प्रबंधक विनीत कुमार, स्टेशन मास्टर एस संगा आरपीएफ इंस्पेक्टर मुकेश कुमार एसआई सोनू कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर घटना कि जानकारी ली, और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शक्तिपुंज एक्सप्रेस के इंजन के कपलिंग में फंसे शव को निकाला गया। खबर लिखे जाने तक उक्त व्यक्ति कि पहचान नहीं हो सकी थी।

## जनता उच्च विद्यालय में शासी निकाय की बैठक




**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड स्थित जनता उच्च विद्यालय होन्हे में 2025 के शासी निकाय की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की रामगढ़ विधायक ममता देवी, मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं, विद्यालय पहुंचने पर छात्रों ने पारंपरिक तरीके से पुष्प वर्षा कर व स्वागत गान नृत्य उनका स्वागत किया, जबकि विद्यालय प्रबंधन ने बुके देकर सम्मानित किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विधायक ममता देवी को विद्यालय की प्रबंधन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया जाये। इस अवसर पर विद्यालय के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी, जिसमें शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, आधारभूत संरचना का विकास, और छात्रों के लिए बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था शामिल थी। विधायक ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया और कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। साथ विद्यालय का चहारदीवारी उंचाई पेबर ब्लॉक सीढ़ी निर्माण विधायक नहीं इन मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने की बात कही बैठक में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश प्रधानाध्यापक नरोत्तम कुमार पूर्व प्रधानाध्यापक राजनंदन महतो सचिव गंगाधर महतो, भेदों राम, दीपक जयसवाल, सुनील महतो, संजय महली, मोइनुद्दीन अंसारी, हरिदास महतो, बैजनाथ महतो, पवन महतो, मनोज महतो, अर्चना कुमारी, प्रदीप महतो, राहुल पांडेय, महेंद्र ओहदार, हेमलाल महतो, लिलेश्वर महतो, बबलू महतो सहित सैकड़ों छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## झामुमो आरा उत्तरी और दक्षिणी पंचायत समिति का पुनर्गठन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा मांडू प्रखंड के आरा उत्तरी और दक्षिणी पंचायत समिति का पुनर्गठन को लेकर आरा उत्तरी पंचायत सचिवालय में सम्मेलन आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता इदरीश अंसारी और संचालन अशोक करमाली ने की। सम्मेलन में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, जिला संयोजक मंडली सदस्य सोनाराम मांझी, विजय राम, प्रखंड संयोजक मंडली सदस्य नरेश हांसदा, सुरेश चंद्र पटेल, अकल उरांव, मोगल चंद्र पटेल, मो अलाउद्दीन अंसारी, मो सबीर शामिल रहे। इस दौरान राजकुमार महतो ने कहा कि झामुमो एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जो झारखंड के जन–जन का आवाज है। मौजूद लोगों से हेमंत सरकार द्वारा जारी जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने की बात कही। तत्पश्चात सर्वसम्मति से आरा उत्तरी पंचायत अध्यक्ष के रूप में मो अली हुसैन, सचिव बाहाराम मांझी, कोषाध्यक्ष मो इनासुर, जबकि आरा दक्षिणी पंचायत अध्यक्ष इदरीश अंसारी, सचिव अशोक कुमार करमाली, कोषाध्यक्ष मुमताज अंसारी, उपाध्यक्ष कलेश गंझु, मो सुलेमान, संयुक्त सचिव मजहर आलम को मनोनीत किया गया। मौके पर मो निसार, बालकिशुन करमाली,मिस बहुल हक, रेशम खातून, मोहिउद्दीन मुमताज, रजिया खातून, सोनी देवी, गीता देवी, सुषमा देवी, सावित्री, रीता, करमदेव, मो इकरार, मो कलीम, मो आलम समेत कई लोग मौजूद रहे।

## चतरा में 15वीं वित्त योजनाओं की बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मनरेगा, आवास योजना, 15वीं वित्त योजनाओं की समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यकम पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रखंड समन्वयक, 15 वीं वित्त, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक की उपस्थिति में सभी योजनाओं की समीक्षा की गयी। वैसे पंचायत जिनका प्रदर्शन ठीक नहीं था, उन प्रखंडों को एक सप्ताह के अंदर अपना प्रदर्शन में सुधारने लाने का निर्देश दिया गया। यदि एक सप्ताह के अंदर जिन पंचायतों का परफॉर्मेंस में सुधार नहीं होता है, तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। उप विकास आयुक्त ने समीक्षा के क्रम में साफ शब्दों में खराब प्रदर्शन वाले प्रखंड और पंचायत के अधिकारियों को केंद्र और राज्य से संचालित योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पात्रता रखने वाले लाभुकों को मिलना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने खोला मोर्चा

**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले में ब्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले के भ्रष्ट प्रशासनिक पदाधिकारियों के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए काला पट्टी लगाकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि चतरा जिले में सरकारी दफ्तर में भ्रष्टाचार चरम पर है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा नेताओं ने सरकार से मांग की है कि दोषी अधिकारियों पर जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई हो, वरना उग्र आंदोलन किया जायेगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई न्याय और पारदर्शिता के लिए है, और जब तक न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा।

### फिल्मी स्टाइल में डाली डकैती, चालक के घर में घुस कर ले उड़े ट्रक

# चार घंटे में ट्रक बरामद, एक गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले के पतरातू थाना क्षेत्र में डकैतों ने फिल्मी स्टाइल में एक ट्रक लूट की घटना को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाई और लूट की घटना के चार घंटे के बाद ही ट्रक को बरामद कर लिया। इस दौरान एक डकैत को भी गिरफ्तार करने में सफल रही। इस मामले की जानकारी शनिवार को एसपी अजय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक रियाज अंसारी पतरातू थाना क्षेत्र के तिलैयाटांड़ में किराए के मकान में सोया हुआ था। इसी दौरान शुक्रवार की देर रात करीब 1 बजे 5 अपराधी उसके घर में घुसे। उन लोगों ने पिस्तौल का भय दिखाकर रियाज से ट्रक संख्या जेएच 19ए 3611 का जीपीएस निकलवाया।



### मोबाइल, रुपये और ट्रक ले गये थे

लुटेरों ने रियाज का मोबाइल और रुपये छीन लिए। चालक का हाथ बांधकर उसे 1 किलोमीटर दूर आरोही ढाबा, डाडिडीह तक ले जाया गया और उसे वही उतार दिया गया। वहां से लुटेरे ट्रक लेकर चले गये। रियाज अंसारी जब घर पहुंचा तो उसने दूसरे का मोबाइल लेकर ट्रक मालिक को सूचना दी। जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस को मिली पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार, थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता के नेतृत्व में छापेमारी शुरू की गयी।

**4 घंटे के अंदर चतरा जिले से बरामद किया गया ट्रक :** पुलिस ने चार घंटे के अंदर ही उस ट्रक को चतरा जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत छलटा पुल के पास पकड़ा। उस ट्रक पर तीन लोग सवार थे, जिनमें से एक अपराधी आयुष कुमार को पुलिस पकड़ सकी। दो लोग अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले। आयुष पतरातू थाने के रोचाप गांव का ही रहने वाला है। उसने बताया कि ट्रक पर तीन लोग थे और दो व्यक्ति ग्लैमर मोटरसाइकिल से उसे एस्कॉर्ट कर रहे थे। पुलिस ने उस मोटरसाइकिल का भी पीछा किया, तो अपराधी बाइक छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने वह बाइक को भी जब्त किया है।

### छापामारी टीम में ये थे शामिल

छापामारी टीम में पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार, पतरातू अंचल पुलिस निरीक्षक सतेंद्र कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार रजक, आरक्षी मुकेश कुमार मेहता और सुभान अंसारी शामिल थे।

# कुजू में लौह अयस्क किया जब्त

**लौह अयस्क तस्करों के बीच हड़कंप का माहौल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कुजू।** कुजू पुलिस ने शनिवार को दुर्गा मंदिर मुरपा के पास वन भूमि में अवैध रूप से भंडारण किये गये करीब 50 टन आयरन ओर को जब्त किया है। जिसे मुरपा स्थित श्रीराम स्पंज फैक्ट्री प्रबंधक को जिम्मेनामा के तौर पर सौंप दिया गया। कुजू पुलिस द्वारा अवैध लौह अयस्क तस्करों के खिलाफ अबतक की बड़ी कार्रवाई बतायी गयी है। जिससे तस्करों के बीच हड़कंप का माहौल बना हुआ है। इधर, कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद ने बताया कि आयरन ओर जब्ती मामले में जांच पड़ताल प्रथम चरण में है। जांच पड़ताल के बाद चिन्हित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद को दुर्गा मंदिर मुरपा के पास वन भूमि क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध रूप से आयरन ओर भंडारण होने की सूचना दी गयी। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए ओपी प्रभारी उक्त स्थल पहुंचे। जहां स्थानीय लोगों से इस संबंध में पूछताछ की। लेकिन आयरन ओर से जुड़े दावेदार उपलब्ध नहीं होने के बाद जब्त कर लिया गया। वही, जेसीबी के माध्यम से दो हाईवा की मदद से जब्त करीब 50 टन आयरन ओर को मुरपा स्थित श्रीराम स्पंज फैक्ट्री प्रबंधन को जिम्मेनामा पर सौंप दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, 15 दिन पूर्व उक्त वन भूमि क्षेत्र में आयरन ओर को तिरपाल से ढंककर रखा गया था।

## नॉर्थ कर्णपुरा पावर प्लांट टंडवा में लगी आग



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** नॉर्थ करणपुरा एनटीपीसी पावर प्लांट क्षेत्र के एस डाइक पौंड के पास खाली भूमि के घास फूंस में अचानक आग लग गयी। आग की लपटे तेजी से फैल गयी। कर्मियों में थोड़ा देर में अफरा मच गयी। बताया जाता है कि आग अकारण वश लग गयी। जिसे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलों और अग्नि निरोधक दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल हानि कितना हुई इसके बारे में प्रबंधन द्वारा पुष्टि नहीं हो पायी।

### नयीसराय के भू-माफियाओं पर लगाम के लिए सरकारी भूमि पर लगा बोर्ड

# सरकारी जमीन का अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ दर्ज होगी प्राथमिकी: एसडीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर में भू-माफियाओं पर प्रशासन ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। शहर के नईसराय मौज में खाता संख्या 01 की कई डिसमिल जमीन पर भू माफिया अपना दावा कर रहे थे। एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी के निर्देश पर रामगढ़ अंचल अधिकारी और कर्मचारी जांच करने पहुंचे। शनिवार को जांच के दौरान यह स्पष्ट हो गया कि विवादित भूमि खाता संख्या 01 का प्लॉट नंबर 63 पूरी तरीके से सरकारी जमीन है। अधिकारियों ने आम नागरिकों को साफ संदेश दे दिया कि इस जमीन पर काम करना गैरकानूनी है। अगर कोई दावा करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।




**18 डिसमिल के लिए लड़ रहे थे क्यूम पेंटर और भोला सिंह:** नई सराय मौजा के खाता संख्या 01 प्लॉट नंबर 63 में 18 डिसमिल जमीन को लेकर क्यूम पेंटर और भोला सिंह के बीच विवाद काफी बढ़ गया था। दोनों पक्ष रामगढ़ थाना पहुंचे थे और उस जमीन पर अपना दावा कर रहे थे। पुलिस ने हर बार लोगों को अंचल और एसडीओ कार्यालय का रास्ता दिखाया। साथ ही गलत कार्य करने से मना किया, लेकिन वे लोग नहीं माने। कई बार जेसीबी लेकर भोला सिंह की टीम उस जमीन पर उतरी और हर बार क्यूम पेंटर उस जमीन को अपना बताकर अधिकारियों के समक्ष आवेदन दे रहा था। लेकिन जांच में यह पता चला कि दोनों ही पक्ष सरकारी जमीन को अपना बता रहे हैं।

**सरकारी जमीन हड़पने वालों पर दर्ज होगी प्राथमिकी : एसडीओ :** रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने कहा कि सरकारी जमीन का अतिक्रमण किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जिन स्थानों पर सरकारी जमीन को लेकर लोग दावा ठोक रहे हैं, उसकी गंभीरता पूर्वक जांच की जायेगी। ऐसा कई बार सामने आया है कि सरकारी जमीन की गलत तरीके से जमाबंदी खुलवा ली जाती है। बाद में उसे लेकर विवाद शुरू हो जाता है। लेकिन अब ऐसे फर्जी भू-माफियाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। नई सराय मौज में कई एकड़ जमीन को लेकर भूमिया सक्रिय हैं। पिछली बार भी वहां बुलडोजर चला कर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया था। इस बार भी सरकारी बोर्ड कई स्थानों पर लगाया गया है। विभाग के द्वारा स्थल चिह्नित की गयी है। वहां अवैध निर्माण करने वालों पर सीधे प्राथमिकी दर्ज की जायेगी।

### पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में 108 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण

# राष्ट्रीय ध्वज सुरक्षा और संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है: ब्रिगेडियर

**गर्व के साथ छावनी क्षेत्र में लहराता रहेगा राष्ट्रीय ध्वज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ छावनी में स्थित पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में शनिवार को फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से 108 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना की गई। यह ऐतिहासिक दिन हम सभी को राष्ट्र के प्रति वीरता, देशभक्ति और अटूट सेवा का स्नान करता रहेगा। समारोह में सेवा मेडल सेवानिवृत्त सीईओ फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मेजर जनरल असीम कोहली शाहिद के गलवान व्यक्ति उपस्थित रहे।



छावनी क्षेत्र में गर्व के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराता हुआ सैनिकों, नागरिकों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। 108 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज रेजीमेंट की समृद्धि विरासत और भारत की संपूर्णता की रक्षा और सैनिक को के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करता है।

**राष्ट्रीय ध्वज सुरक्षा और संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है: ब्रिगेडियर :** समारोह को संबोधित करते हुए पंजाब रेजीमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय चंद्रकांड पाल ने कहा कि यह राष्ट्रीय ध्वज न केवल हमारे सशस्त्र बलों के गौरव और शक्ति को प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि भारतीय नागरिकों के त्याग और बलिदान का भी प्रतिनिधित्व करता है यह राष्ट्रीय ध्वज हमारे सेवा समर्पण की कहानी बताता है। साथ ही राष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह 108 फीट ऊंचा ध्वज एकता शक्ति और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है जो रामगढ़ कैंट में स्थाई रूप से लहराता रहेगा और इसे देखने वाले सभी लोगों को भारतीय सेना के समृद्ध विरासत को याद दिलायेगा।

## भुइयां समाज ने हमेशा संघर्ष कर अपनी पहचान बनायी है : सांसद कालीचरण सिंह



**चतरा (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड क्षेत्र के सीमा पंचायत अंतर्गत बरवाडीह गांव में अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति सह मां शबरी पूजा और भुइयां समाज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सांसद कालीचरण सिंह ने मां शबरी, दशरथ मांझी और तुलसी वीर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया और फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण सिंह ने समाज के उत्थान और संगठित रहने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भुइयां समाज ने हमेशा संघर्ष कर अपनी पहचान बनायी है और उनके विकास के लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगे। इस अवसर पर चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, अर्जुन राम नायक, दिनेश्वर भुइयां और मिथिलेश सिंह समेत समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पलामू एक्सप्रेस के एसी कोच में शराब की तस्करी, अटेंडेंट हिरासत में



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** वरीय अधिकारियों के दिशा निर्देश और निरीक्षक राम सुमेर की अगुआई में टीम गठित कर, टीम में शामिल रवि कमल, मेंहदी हसन, कन्हैयालाल सभी रेल सुरक्षा बल अपराध सुचना शाखा बरकाकाना द्वारा रेलवे स्टेशन बरकाकाना और यार्ड में शराब तस्करी और टीओपीबी के बाबत निगरानी में थे, जहां गुप्त सूचना के आधार पर गाड़ी संख्या 13347अप पलामू एक्सप्रेस के बी थ्री कोच में अटेंडेंट द्वारा दो बैग शराब चढ़ाने की सूचना मिली, तदोपरांत जांच टीम ने बरकाकाना स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर खड़ी गाड़ी संख्या 13347अप पलामू एक्सप्रेस के बंद बी थ्री कोच को वरीय अनुभाग अभियंता कैरेज एण्ड वैगन, बरकाकाना महेंद्र प्रसाद महतो, कोच अटेंडेंट सुपरवाइजर रवि कुमार रॉय की उपस्थिति में कोच को खोलवाकर कोच अटेंडेंट सूर्यबली कुमार की मौजूदगी में चेक किया गया तो कोच के लिनन बॉक्स में बेड रोल के बीच में अंग्रेजी केन बीयर से भरा दो पिट्ठू बैग पाया गया। कोच अटेंड ने अपना नाम सूर्यबली कुमार उम्र 22 वर्ष, दामोदरपुर,थाना–मढ़ौरा, जिला छपरा, बिहार बताया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों ने हजारों रुपये का बीयर जब्त कर कोच अटेंडेंट को हिरासत में लिया।

## केबीपी परियोजना में ब्लास्टिंग कर अवैध मुहानों को बंद करने का कार्य हुआ शुरू



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र कोतरे बसंतपुर पचमो परियोजना में कोयला तस्करों द्वारा बनाये गये अवैध मुहानों को बंद करने का काम शुरू हो गया है। डीसी चंदन कुमार द्वारा जिले के अलग–अलग क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने का निर्देश दिया गया है। विगत दिनों में डीसी चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, डीएमओ निशांत अभिषेक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गयी। उन लोगों ने बसंतपुर क्षेत्र में विभिन्न अवैध मुहानों को चिन्हित किया गया था। मुहानों पर ब्लास्टिंग कर अवैध मुहानों को बंद किया गया।

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में शनिवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में बाल और किशोर श्रम अधिनियम 1986 के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है। डीसी के द्वारा जिला स्तर पर बाल श्रम के रेसक्यू अभियान में और तेजी लाते हुए जिला के होटलों, ढाबों, ईंट भट्ठो में सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान श्रम अधीक्षक अभिषेक वर्मा के द्वारा डीसी सहित उपस्थित सभी सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक चलाये गये अभियान के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में कुल 6 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया है। वहीं ही 5 नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई गयी है। बाल श्रम पर पूरी तरह से रोग सुनिश्चित करने को लेकर बैठक के दौरान डीसी ने टीम का गठन कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित ईट भट्टो, कारखानो, होटल सहित अन्य स्थलों पर निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में सचिव डालसा रामगढ़, जिला शिक्षा अधीक्षक, सीडब्लूसी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सदस्य अग्रगति उपस्थित थे।

## मेगा हेल्थ स्वास्थ्य जांच शिविर 4 को

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा के तत्वावधान में 4 मार्च को प्रातः 10 बजे से शहर के चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में 6 विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा जांच के उपरांत उचित परामर्श दी जायेगी। उक्त बातों की जानकारी शनिवार को मंच के राहुल अग्रवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**धनबाद स्टेशन और डी आर एम ऑफिस बिल्डिंग के लिए पंजीकृत सफाई और हाउसकीपिंग का कार्य।**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों "टू पैकेट बिड" पर ई–निविदायें आमंत्रित है। **(i) निविदा संख्या एवं दिनांक :** GEM/2025/B/5985337 दिनांक 27/02/2025, **(ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** धनबाद स्टेशन और डी आर एम ऑफिस बिल्डिंग का चार (04) वर्षो (अर्थात 1460 दिन) की अवधि के लिए यंत्रीकृत सफाई और हाउसकिपिंग का कार्य। कार्य समापन अवधि– 4 वर्ष। **(iii) कार्य की अनुमानित लागतः** रू. 13,69,06,452.76 (तेरह करोड़ उनहत्तर लाख छः हजार चार सौ बावन रुपये एवं छिहत्तर पैसे) मात्र। **(iv) बयाना राशि :** रु. 8,34,540.00 (आठ लाख चौंतीस हजार पांच सौ चालीस रूपये) मात्र। **(v) ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** तारीख 20/03/2025 को 16:00 बजे, **ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** तारीख 20/03/2025 को 16:30 बजे, **(vi) वेबसाईट विवरण :** www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल रेल प्रबंधक**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/02212/डीएचएन/एमईसीएच/टी/24–25/36

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम एवं स्थान : "इस खंड में दोहरीकरण लाइन परियोजना के निर्माण के संबंध में केरला रोड–शक्तिनगर खंड सहित गढ़वा से सिंगरौली के बीच विभिन्न स्टेशनों पर रेलवे प्लेटफॉर्म के लिए ऊर्जा संरक्षण प्रणाली का प्रावधान। निविदा संख्या : EL/C/S/MHX/ETEN/15/24-25, 2. अनुमानित कार्य की लागत : 8,36,00,017.84, 3. जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य : NIT के अनुसार एवं रु. शून्य, 4. कार्य पूर्ण करने का समय : 06 माह, 5. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय : 18.03.2025 दोपहर 12.00 बजे तक, 6. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है : आई.आर.इ.पी.एस बेवसाईट पर, www.ireps.gov.in पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिशर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है।

हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/साउथ/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/02205/सीओएनएस/ईएलईसी/टी/24–25/36

# सुधारों से बढ़ेगी ग्रोथ

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने कहा है कि भारत को मैक्रो-इकॉनमिक स्थिरता बनाये रखने के लिए कुछ ढांचागत सुधारों को लागू करना होगा। इन सुधारों से भारत 2047 तक विकसित बनने के सपने की ओर बढ़ पायेगा। आइएमएफ के सुझाव सही हैं और पहले भी एक्सपर्ट्स इस बात की ओर ध्यान दिला चुके हैं। दरअसल, केंद्र सरकार ने विकसित भारत का जो लक्ष्य रखा है, उसके लिए देश की सालाना जीडीपी ग्रोथ 8-9% होनी चाहिए। अभी इस लक्ष्य से देश काफी पीछे चल रहा है। आइएमएफ का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 और अगले वित्त वर्ष यानी 2026 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5% रह सकती है। सरकार का अपना अनुमान इससे भी कम है। उसका मानना है कि वित्त वर्ष 2025 में ग्रोथ 6.4% रह सकती है। इस साल की दूसरी तिमाही यानी जुलाई-सितंबर तिमाही में 5.4% के साथ 8 वर्षों के निचले स्तर पर आ गयी थी, जबकि अप्रैल-सितंबर यानी पहले 6 महीनों में ग्रोथ 6% रही। शुक्रवार को जीडीपी ग्रोथ की तीसरी तिमाही के आंकड़े आये। इस तिमाही में ग्रोथ 6.2% रही, जबकि पिछले साल की इसी तिमाही में ग्रोथ 8.6% थी। आइएमएफ की आर्टिकल आइवी कंसल्टेशन रिपोर्ट में संस्था के बोर्ड ने देश की मैक्रो-इकॉनमिक नीतियों की सराहना की है। साथ ही, यह भी कहा है कि 2047 तक विकसित बनने के लक्ष्य के लिए कृषि, भूमि, श्रम और न्यायिक जैसे ढांचागत सुधार करने होंगे। हालांकि, कृषि सुधारों की कोशिश किसानों के विरोध की वजह से सरकार को वापस लेनी पड़ी थी। भूमि और न्यायिक सुधारों की कोशिश भी पहले फेल हो चुकी है। ये मुद्दे राजनीतिक तौर पर संवेदनशील हैं। इन्हें लेकर सरकार को कानून लाने से पहले आम सहमति बनानी चाहिए। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत को टैरिफ दरों में और कमी करने की जरूरत है। इस सिलसिले में हालिया बजट में की गयी पहल की सराहना करनी चाहिए, जिसमें कई चीजों पर कस्टम ड्यूटी में कमी की गयी थी। दरअसल, जब तक घरेलू कंपनियां लागत और गुणवत्ता के मामले में अंतरराष्ट्रीय कंपनियों का मुकाबला नहीं कर पायेंगी, तब तक विदेशी बाजार में वे जगह नहीं बना पायेंगी। अगर उन्हें वैश्विक सप्लाई चेन का हिस्सा बनना है तो अंतराष्ट्रीय कंपनियों से मुकाबला करना ही होगा। आइएमएफ की रिपोर्ट का लब्बोलुआब यही है कि अगर देश को तेजी से तरक्की करनी है तो अगले दौर के सुधारों की ओर कदम बढ़ाना होगा। रिपोर्ट में आयात घटाने के लिए घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने वाली पीएलआइ स्कीम की तारीफ करते हुए कहा गया है कि इसे इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग जैसे कुछ क्षेत्रों में भले कामयाबी मिल जाये, लेकिन इससे बड़े पैमाने पर रोजगार बढ़ाने में सफलता नहीं मिलेगी।

**रिपोर्ट में आयात घटाने के लिए घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने वाली पीएलआइ स्कीम की तारीफ करते हुए कहा गया है कि इसे इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग जैसे कुछ क्षेत्रों में भले कामयाबी मिल जाये, लेकिन इससे बड़े पैमाने पर रोजगार बढ़ाने में सफलता नहीं मिलेगी।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

घर हो या बाहर एक विचित्र प्रकार की आपाधापी देखने को मिल रही है। कैसे भी हो, सबसे आगे निकलने की होड़ और मंजिल पता हो या न हो, बस दौड़ते जाना ही जिंदगी का हिस्सा बन गया है। धकियाना, टंगड़ी मारकर गिराना और चाहे अपना नुकसान हो जाए लेकिन दूसरा अवश्य लहूलुहान होना चाहिए, यह नजरिया बनता जा रहा है। बड़ों का लिहाज या छोटों की शर्म जैसा कुछ रह नहीं गया है। जिनके लिए आदर्शों का महत्व है, उनका अपमान करना आज की पीढ़ी के एक वर्ग के लिए बहुत आसान हो गया है। पैसा और पद पाने के लिए किसी भी सीमा का पार करना सामान्य बात है।

# बदनीयती और अहंकार हो तो धोखा होना तय

**पूरन चंद सरीन**

महत्व इस बात का है कि व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक या राजनीतिक जीवन में विश्वास होना परम आवश्यक है। इसके केवल 2 ही रूप हैं, पहला यह कि या तो जिस पर भरोसा किया, वह अपना वचन निभाएगा या नहीं भी कर पाया तो स्पष्ट कह देगा कि उससे नहीं हो पाया और क्यों नहीं हुआ उसके कारण भी बता देगा। दूसरा यह कि अगर विश्वास के मूल में उसकी यह भावना थी और रही है कि कसमों और वादों के बावजूद उसकी नीयत खराब है, ठगने की मंशा है और इतना गुरूर है कि उसका पकड़ में आना नामुमकिन है, तब धोखे का शिकार होना ही पड़ेगा क्योंकि यही कलयुग की व्याख्या की जाती है।

**दुनिया करवट ले रही है :** घर हो या बाहर एक विचित्र प्रकार की आपाधापी देखने को मिल रही है। कैसे भी हो, सबसे आगे निकलने की होड़ और मंजिल पता हो या न हो, बस दौड़ते जाना ही जिंदगी का हिस्सा बन गया है। धकियाना, टंगड़ी मारकर गिराना और चाहे अपना नुकसान हो जाये, लेकिन दूसरा अवश्य लहूलुहान होना चाहिए, यह नजरिया बनता जा रहा है। बड़ों का लिहाज या छोटों की शर्म जैसा कुछ रह नहीं गया है। जिनके लिए आदर्शों का महत्व है, उनका अपमान करना आज की पीढ़ी के एक वर्ग के लिए बहुत आसान हो गया है। पैसा और पद पाने के लिए किसी भी सीमा का पार करना सामान्य बात है। यह सोचने का समय ही नहीं रह गया लगता है कि मैं कौन हूं, मेरे मूल्य क्या हैं, किन परंपराओं का पालन मुझे करना है और किन्हें छोड़ देना है। समाज के किस वर्ग का मैं प्रतिनिधि हूं। मेरी ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विरासत क्या है? आज चाहे किसी भी आयु वर्ग में कोई भी हो, निश्छल विश्वास के स्थान पर तृष्णा, बेईमानी को आधार बनाकर संबंध बनाना और उस पर यह अहंकार करना कि यदि किसी ने समझाने की हिम्मत की तो उस पर ही गंदगी फेंक कर अपने को उजला सिद्ध करने की कला हमें आती है, इसलिए जो कहा मान लेने में ही भलाई है।

**भारत केवल नाम के लिए नहीं विश्व के प्रमुख उन देशों में शामिल होता जहां लोग शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी है।**




**दु:ख इस बात का है कि केवल पढ़े लिखे और अमीर लोगों ने टेक्नोलॉजी को अपने घर की चाकरी करने तक सीमित कर दिया है और सामान्य जन के लिए इतना महंगा और कठिनाई से समझ में आने वाला बना दिया है कि आम नागरिक की उस तक पहुंच आसानी से हो ही नहीं पाती। यहां एक मित्र के साथ घटी घटना का जिक्र करना सटीक होगा ताकि लोग डरकर किसी की बात न मानें।**

ऐसे में जिन्हें अपना मान सम्मान या जीवन भर जो अर्जित किया है, उस पर कोई दाग न लगे, ऐसी सोच के व्यक्ति हैं, वे ब्लैकमेलर के आगे झुक जाते हैं। इसका यह अर्थ नहीं कि वे गलत हैं या उन्होंने कोई अपराध किया है। विडंबना यह है कि व्यक्ति को भारी ठेस लगने के बावजूद वह कोई कदम नहीं उठाना चाहता क्योंकि उसे यह यकीन ही नहीं होता कि जिसने उस पर लांछन लगाया है, कभी वह उसका विश्वासपात्र था।

**क्या यही बदलाव है?:** यह 20वीं सदी की ही बात है जब एक ओर युद्ध के दौरान घातक आणविक और न्यूक्लियर हथियारों से बड़े पैमाने पर तबाही कर स्वयं को सुरक्षित और ताकतवर बनाने की मानसिकता पनप रही थी, उसी समय दूसरी ओर विश्व इस बात पर विचार कर रहा था कि सामाजिक और सामुदायिक सुरक्षा के लिए क्या किया जाये? क्या किसी ने सोचा था कि इसका परिणाम यह होगा कि भू-मंडलीकरण, आधुनिकीकरण, शहरीकरण और मास मीडिया के माध्यम से लोगों का जीवन बदलने की प्रक्रिया ऐसे मुकाम पर ला खड़ा कर देगी जहां एक ओर कुआं और दूसरी तरफ खाई है। पश्चिमी या अमरीकी सभ्यता के सामने एशियाई और विशेषकर भारतीय सभ्यता चुनौती है। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने, परिवहन व्यवस्था को सुधारने, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने और कृषि क्षेत्र को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए किया जाता है न कि अपने अभिमान को शांत करने के लिए। दु:ख इस बात का है कि केवल पढ़े लिखे और अमीर लोगों ने टेक्नोलॉजी को अपने घर की चाकरी करने तक सीमित कर दिया है और सामान्य जन के लिए इतना महंगा और कठिनाई से समझ में आने वाला बना दिया है कि आम नागरिक की उस तक पहुंच आसानी से हो ही नहीं पाती। यहां एक मित्र के साथ घटी घटना का जिक्र करना सटीक होगा ताकि लोग डरकर किसी की बात न मानें।

एक युवती ने पहले उनसे मित्रता की और फिर धन की मांग इस धमकी के साथ शुरू कर दी कि यदि उन्होंने उसकी बात नहीं मानी तो वह आज डिजिटल माध्यम से उसके द्वारा बनायी गयी सामग्री से उन्हें इतना बदनाम कर देगी कि वे कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे। यह ठीक वैसा ही उदाहरण है, जैसा कि आज डिजिटल गिरफ्तारी और साइबर क्राइम से जुड़ी खबरों का है।

**प्रश्न जिसका उत्तर दिया जाना चाहिए :** क्या कोई राजनीतिक पार्टी या संगठन या सरकार द्वारा इस बात की सही समीक्षा कर इस प्रश्न का उत्तर मांगा जा सकता है कि क्या कारण हैं कि जो देश हमारे देश के आसपास के वर्षों में विदेशी दासता से मुक्त हुए थे, वे हमसे कहीं अधिक शक्तिशाली और समृद्ध क्यों हैं? हमारा देश प्राकृतिक संसाधनों और खनिज संपदा से समृद्ध है, लेकिन फिर भी हम गरीब, अविकसित या ज्यादा से ज्यादा विकासशील देशों में गिने जाते हैं। होना तो यह चाहिए था कि भारत केवल नाम के लिए नहीं विश्व के प्रमुख उन देशों में शामिल होता जहां लोग शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी है। आंकड़े तो बहुत हैं, लेकिन उन पर ध्यान दिये बिना इसी बात का ईमानदारी से जवाब मिल जाये तो वही बहुत है कि जनता के प्रति विश्वास की बात जब आती है तो उसके मूल में स्वार्थ, अविश्वसनीयता और अहंकार की बू क्यों आती है?

## कोल्हान की खबरें

### जमशेदपुर में भारतीय रिजर्व बैंक की महत्वपूर्ण बैठक हुई

# मुद्रा संबंधित मामलों को लेकर विस्तार से हुई चर्चा

**1 और 2 के सिक्के वैध मुद्रा हैं, जनता को इन्हें बिना किसी हिचकिचाहट के स्वीकार करना चाहिए : सुजीत कुमार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने मुद्रा संबंधी मामलों को लेकर लौहनगरी जमशेदपुर के बिस्टुपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक की। आरबीआइ पटना के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आरबीआइ पटना के महाप्रबंधक सुश्री विनिता तोपनो, बैंक ऑफ इंडिया महाप्रबंधक मनोज कुमार, भारतीय स्टेट बैंक उप महाप्रबंधक संजीव कुमार नाथ, बैंक ऑफ इंडिया उप महाप्रबंधक एपी दास और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख आरसीगोयल सहित अन्य बैंकों के अधिकारी सहित आम जनता ने सक्रिय रूप से भाग लिया।बैठक में मुद्रा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर फटे हुए नोटों के आदान-प्रदान, नोट और सिक्का विनिमय मेला का आयोजन और स्वच्छ मुद्रा संचलन सुनिश्चित करने में आरबीआइ की भूमिका पर चर्चा की गयी। इसके अलावा 2000 के नोट को बदलने की प्रक्रिया और जाली नोटों के विषय पर भी वार्ता की गयी। बैठक में बताया गया 2000 के नोट को बदलने के लिए लोग आरबीआई निर्गम कार्यालय जा सकते या सुरक्षित डाक के माध्यम से नोट भेज सकते हैं। मौके पर सुजीत कुमार अरविंद ने उपस्थित लोगों के साथ संवाद करते हुए उनकी शंकाओं और चिंताओं का समाधान किया। उन्होंने जन-जागरूकता और ग्राहक सेवा पर जोर देते हुए जनता से आह्वान किया यदि वे बैंकिंग सेवाओं में कोई कमी अनुभव कर रहे तो अपनी चिंताओं को बेझिझक व्यक्त करें। उन्होंने शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी दी। साथ ही आश्वासन देते हुए कहा आरबीआइ मुद्रा संबंधी समस्याओं की समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। पहले लोग समस्याओं का समाधान के लिए बैंक के स्तर पर संपर्क कर सकते हैं। उसके बाद निर्धारित समयसीमा पर आरबीआइ में शिकायत दर्ज कर सकते हैं। मौके पर उन्होंने सीएमएस पोर्टल और टोल फ्री नंबर 14448 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके पूर्व आरबीआई ने बीते 28 फरवरी को बैंक शाखाओं के अधिकारियों के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर कटे-फटे नोटों के विनिमय और सत्यापन की प्रक्रिया में शामिल किया। प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य मुद्रा प्रबंधन में तकनीकी दक्षता को बढ़ाना है।साथ ही ग्राहक सेवा में सुधार करना व आरबीआई की स्वच्छ नोट नीति को समान रूप से लागू करना है। मौके पर सुजीत कुमार अरविंद ने बैंक अधिकारियों से बातचीत की। उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा जनता के समीप जाकर मुद्रा विनिमय सेवाओं को निर्बाध रूप से प्रदान करे। इसके अलावा शहर के बिस्टुपुर और साकची जैसे प्रमुख बाजारों में भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, कैनरा बैंक और आइसीआईसीआइ बैंक नोट-सिक्का विनिमय मेले आयोजित करे। ताकि जनता को फटे और खराब नोटों को नये नोटों में बदलने का अवसर मिले। सुजीत कुमार अरविंद ने स्वच्छ मुद्रा संचलन को बढ़ावा देने में ऐसे मेलों के महत्व को दोहराया। उन्होंने जनता से अपील की वे कटे-फटे नोटों के विनिमय के लिए बैंक सुविधाओं का उपयोग करें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा 1 और 2 रुपिया के सिक्के वैध मुद्रा हैं। जनता को इन्हें बिना किसी हिचकिचाहट के स्वीकार करना चाहिए।

### घायल महिला-बेटी शिकायत दर्ज कराने पहुंची थाना

# नहीं सुनी गयी फरियाद, लगायी फटकार

**आरोपी को पकड़ने की जगह मरने की दे दी हिदायत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** राज्य में हेमंत सरकार मंईया को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई सारे अहम फैसले ले रही है। वहीं दूसरी तरफ सरकार के कुछ सरकारी मशीनरी मंईया सम्मान की धज्जिया उड़ा रहे हैं। आदित्यपुर थाना अंतर्गत हरिओम नगर स्थित इंदिरा बस्ती में रहने वाला युवक राहुल महानंद ने एक महिला और उनकी बेटी को बुरी तरह से पीट कर घायल कर दिया है। महिला के शरीर में कई जगहों पर चोटी भी आई है जिसका उपचार गम्हरिया स्वास्थ्य केंद्र में करवाया गया है। पीड़िता का नाम लक्ष्मी सहानी और उनकी बेटी का नाम संतोषी सोना है।

मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व गुरुवार की संध्या 5:00 बजे करीब लक्ष्मी सहानी अपने बेटे की खोजबीन के लिए बाहर निकली थी जहां मंदिर के समीप पहुंचकर अपने बेटे के बारे कुछ लोगों से पूछताछ कर रही थी।उसी दरमियान राहुल महानंद सवाल पूछने पर आक्रोशित हो उठे। जो कि ब्राउन शुगर का आदि हैं। महिला को बुरी तरह से लात घुसे और जमीन पर गिराकर पीटने लगा। साथ ही जान से मारने की धमकी दे डाली। इसी बीच बीच-बचाव करने पहुंची उनकी बेटी को भी बुरी तरह से पीटने का मामला प्रकाश में आया हैं। घटना घटित होने के बाद पीड़ित परिवार आदित्यपुर थाना पहुंच कर प्राथमिकी दर्ज करवाई। मगर पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की जगह उल्टा ही फटकार मिल रही हैं। पीड़ित महिला लक्ष्मी सहानी ने आरोप लगाया कि आदित्यपुर थाना में पद स्थापित महेश उरांव मामले की जांच में लीपापोती कर रहे हैं। आरोपी को गिरफ्तार करने के बजाय उल्टा ही मर जाने की बाते कह रहे हैं। साथ ही पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया की जांच कर्ता महेश उरांव आरोपी के परिवार से मिल गये हैं। आरोपी को पकड़ने की जगह अभद्र भाषा का प्रयोग व उल्टा ही जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं । हालांकि इस मामले में कॉल करके एसपी और थानेदार से संपर्क करने का प्रयास किया गया। मगर उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया हैं। फिलहाल इस घटना के बाद से ही पूरे परिवार में डर का माहौल हैं। पुलिस से आस लगाए बैठे परिवार में मायूसी छायी हुई है।

# सूर्यधाम में श्रीराम कथा और भव्य अनुष्ठान का समापन

**15 हजार से अधिक भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के पंचम वर्षगांठ पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा और नौ दिवसीय भव्य अनुष्ठान का समापन विशाल महाभंडारे के साथ किया गया। शनिवार को आयोजित समापन में सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास दिनभर व्यवस्थाओं की देखरेख में लगे रहे। उन्होंने विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण कर स्वयंसेवकों व श्रद्धालुओं से संवाद किया। मौके पर लगभग 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए 20 प्रसाद वितरण काउंटर व 10 शीतल जल काउंटर की विशेष व्यवस्था की गयी थी। दोपहर 12 बजे से देर शाम तक चले भंडारे में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कागज के ग्लास व प्लेट में श्रद्धालुओं को खिचड़ी, सब्जी, चटनी व खीर का महाभोग परोसा गया। इस दौरान संत निरंकारी मंडल व राधा स्वामी तरण तारण के स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण में सहयोग किया। महिला और पुरुष स्वयंसेवकों ने संपूर्ण समर्पण भाव से भव्य आयोजन को सफल बनाया। सूर्य मंदिर समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा श्रीराम कथा और नौ दिवसीय अनुष्ठान के बाद महाभंडारे में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी थी। जिसे जमशेदपुर की जनता और प्रभु श्रीराम की कृपा से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। भव्य आयोजन के सफल संचालन में संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही। मौके पर संजय जायसवाल, ललित ओझा, अमरजीत सिंह राजा, सुशांत पांडा, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, बंटी अग्रवाल, प्रमोद मिश्रा, दिनेश कुमार, कमलेश सिंह, कुलवंत सिंह बंटी,अमित अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, जीवन साहू, संतोष ठाकुर, दीपक झा, प्रोबिर चटर्जी राणा, श्रीराम प्रसाद, रंजीत सिंह, युधिष्ठिर कुमार, लकी कौर, सुधा यादव, ममता भूमिज समेत अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन पर 'सुशासन विमर्श' कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन पर बारीडीह में 'सुशासन विमर्श' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय शामिल हुए। मौके पर विधायक ने बिहार में सुशासन की प्रशंसा करते हुए झारखंड में सुशासन की कमी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा यदि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार की सरकार पुनः बनती है तो इसका सकारात्मक प्रभाव झारखंड पर भी पड़ेगा। जिससे यहां सुशासन की स्थापना में सहायता मिलेगी। श्री राय ने बताया 2005 के बाद से बिहार में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। विकास कार्यों में तेजी आई है। कानून व्यवस्था में सुधार हुआ और ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली की आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। श्री राय ने कहा बिहार में नीतीश कुमार को 'सुशासन बाबू' के रूप में जाना जाता है,जो उनकी प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है। उन्होंने झारखंड में भाजपा और जनता दल के गठबंधन की संभावनाओं पर भी चर्चा की। मौके पर उन्होंने मानगो नगर निगम चुनाव में जनता दल यूनाइटेड की मजबूती से भागीदारी की घोषणा की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने बिहार में सुशासन के मॉडल को झारखंड में लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर जदयू के प्रदेश महासचिव संजय ठाकुर, अंजली सिंह, कौशल सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य विश्राम प्रसाद, पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अजय कुमार, अमृता मिश्रा, कुलविंदर सिंह पन्नू, चंद्रशेखर राव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पर बच्चों को पीटने का लगा आरोप, स्कूल में हुआ हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र के पुरहे गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार सिंह पर बच्चों को मारपीट करने का आरोप अभिभावकों ने लगाया है। खबर पाते ही अभिभावक और ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में हंगामा किया। जानकारी होने के बाद शिक्षा विभाग के डीएसई अनुराग मिंज और सीओ प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे। इसके बाद अधिकारियों ने विद्यालय कार्यालय कच्छ में बैठकर डिफॉल्टर प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार सिंह व अन्य लोगों से घटना के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया।

मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक ने अधिकारियों के समक्ष अपनी गलती स्वीकारते हुए कहा कि बच्चों को दो-तीन थप्पड़ लगाये थे। संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक का बयान लेते हुए दर्ज किया गया। इधर वर्ग 4 के पिड़ित छात्र आनंद कुमार ठाकुर के पिता रघुनाथ ठाकुर व वर्ग 4 के पिड़ित छात्र सीता राम यादव के पिता वीरेंद्र यादव ने बताया कि हम लोगों के बच्चे को सहायक शिक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा बेरहमी से पिटा गया है। इन्हें दंडित करते हुए यहां से तत्काल स्थानांतरण करने की मांग अधिकारियों के समक्ष रखा। अधिकारियों ने ग्रामीणों की उग्र भावना को देखते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार सिंह को अपने विभागीय सुरक्षा कवच में लेकर मझिआंव बीआरसी कार्यालय पहुंचे हुए थे, जहां पर अधिकारियों ने प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा दिये गये बयान के आधार पर हर एक बिंदु पर पूछताछ किया गया। दोनों पिड़ित छात्रों को मझीआंव सीएचसी स्वास्थ्य केंद्र में लाकर उपचार करवाया गया। उपचार पुरहे पंचायत के मुखिया शंभू पासवान के देख रेख में किया गया। बताते चलें कि विद्यालय में कुल 451 नामांकित बच्चे हैं, जिसमें केवल चार शिक्षकों के कंधे पर ही पढ़ाई लिखाई का बागडोर रखा गया है। शिक्षा विभाग के अधिकारी ने कहा कि विद्यालय की सारी विधि व्यवस्था को दुरुस्त करायी जायेगी। इधर इस संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय के पीछे सटे पुवाल के ढेर में कुछ विद्यालय के सामग्री किसी बच्चे द्वारा फेंक दिया गया था। अन्य बच्चों द्वारा जानकारी मिलने पर मैं वहां गया। इसके बाद विद्यालय के कुछ छात्र से जानकारी प्राप्त किया और कहा कि किसने यह हरकत की है। इसके बाद बच्चों द्वारा छात्र का नाम बताया गया। इसके बाद दो-तीन थप्पड़ लगाकर सामग्रियों को विद्यालय में वापस लाने को कहा गया। उन्होंने अधिकारियों के समक्ष कहा कि अब मैं भविष्य में किसी भी स्कूली विद्यार्थियों को नहीं मारेंगे। इधर सीओ प्रमोद कुमार ने कहा कि शिक्षक तो कानून के हाथ में लिया ही है। लेकिन आप लोग कानून के हाथ में न लें। दोषी शिक्षक को दंडित किया जायेगा और आप लोगों को न्याय मिलेगा। जबकि दूसरी ओर शिक्षा विभाग के डीएसई अनुराग मिंज ने कहा कि घटना की जांच की गयी है और अभी जारी है। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा ही नहीं बल्कि यकीन दिलाते हुए कहा है कि जाच्योपरांत दोषी पाये जाने पर शिक्षक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई जरूर कराई जायेगी। ऐसे उन्होंने विद्यालय से तत्काल प्रभाव से सहायक शिक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह को हटवाने का संकेत दे दिया है।

# महिला से जेवर ठगी कर भाग रहे एक ठग की ग्रामीणों ने जमकर धुनायी की



आरोपी ठग की धुनाई करते ग्रामीण।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंघीताली गांव में एक महिला से जेवर ठगी कर भाग रहे एक ठग को ग्रामीणों ने खरौंधी मोड़ के समीप पकड़ते हुए जमकर धुनाई की। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर राजाराम लाठौर नामक ठग को ग्रामीणों की चंगुल से छुड़ाकर थाना लाया। पकड़े गए उक्त ठग के पास से पुलिस ने जेवर बरामद करते हुए उसकी निशानदेही पर उसके ग्रुप के तीन अन्य युवकों को बुका के अमोला टोला से पकड़ थाना लाकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार ठग राजाराम लाठौर और उसका एक अन्य साथी शनिवार को सिंघीताली गांव में रमाशंकर राम के घर पहुंचकर। पुजा पाठ करने तथा तंत्र मंत्र से जादुई चमत्कार से जेवर को दुगना कर देने की बात कहते हुए उसकी पत्नी को झांसा में ले लिया। महिला ने अपना मंगलसूत्र व सोने का लाकेट उन्हें दे दिया। उक्त दोनों ठगों ने लाल कपड़े में जेवर लपेट कर जादू के लिए चमत्कार का ढोंग कर वापस देते हुए कहा थोड़ी देर बाद खोलना। यह कहकर उक्त दोनों ठग फरार हो गए, जब रामाशंकर राम ने कपड़े की पोटली खोली तो उसमें डुप्लीकेट चार अंगुठी मिला। ठगी के शिकार होने का एहसास होते ही रामाशंकर राम मोटरसाइकिल से उनका पीछा करते हुए भवनाथपुर खरौंधी मोड़ पर एक दोनों ठग को देख शोर गुल किया जिससे भीड़ जमा हो गई, और जमकर उनकी धुनाई कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने युवक को थाना लाकर पुछताछ कर रही है।

## आरपी नर्सिंग एंड फार्मेसी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के कल्याणपुर स्थित आरपी नर्सिंग एंड फार्मेसी कॉलेज में शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस दौरान सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज के रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ भव्य प्रकाश पांडेय और वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विनिता दीक्षित को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसएस जेएसएन कॉलेज के रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ भव्य प्रकाश पांडेय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में हमारा उतरोत्तर विकास हुआ है। विज्ञान और तकनीकी को अपनाकर आज हम विश्व के अन्य विकसित देशों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। विज्ञान के क्षेत्र में विकास एक सतत प्रक्रिया है, जिसका न आदि और न अंत है। उन्होंने कहा कि अब हमारे बीच जागरूकता बढ़ी है। अब परिवार में दो ही बच्चे हैं लेकिन वह सुदृढ़ स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 से पहले लोग मोबाइल का सपना देखते थे। आजकल एक आम व्यक्ति के पास कंप्यूटर है। हमारे विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। मौके पर चंपा दीदी, अब्दुल मन्नान, प्राचार्य मनु जेम्स, अभिलाषा कुमारी, बबीता देवी, राहुल, सचिन कुमार, प्रद्युमन, दीपक, राजेश सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ईमानदारी का मिसाल बने समाजसेवी अमरेंद्र को सुदेश महतो ने किया सम्मानित



**रंका (आजाद सिपाही।** समाजसेवा के क्षेत्र में काफी सराहनीय कार्य कर चुके रंका अनुमंडल मुख्यालय निवासी समाजसेवी अमरेंद्र कुमार को झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सुदेश कुमार महतो ने शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया है। ज्ञात हो अमरेंद्र कुमार ने सभी विभागों से समन्वय बनाकर अब तक काफी संख्या में दिव्यांग, अनाथ, बेसहारा, वृद्धजनों को बैशाखी, व्हील चेयर, ट्राईसाईकिल, श्रवण यंत्र आदि उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। गौरतलब है कि अमरेंद्र कुमार ने सड़क पर गिरे 60,000/- (साठ हजार) रुपये पाकर उसे वापस करने में भी उत्कृष्ट कार्य किया है। अमरेंद्र कुमार इसके साथसाथ सभी प्रकार के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। इन्हीं कार्यों के मद्देनजर रखते हुए सुदेश महतो ने इन्हें सम्मानित किया है, जिसके लिए रंका अनुमंडल क्षेत्र के बुद्धिजीवी लोगों ने इन्हें बधाई दी है।

## दुर्गा मंदिर का षष्ठ स्थापना दिवस आज

**रंका (आजाद सिपाही।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर (थाना मोड़) का षष्ठ स्थापना दिवस समारोह रविवार को हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। प्रातः 10 बजे से पूजन, दोपहर 2 बजे से भव्य भंडारा आयोजित किया जायेगा तथा संध्या 4 बजे से कीर्तन भजन एवं दुगोला कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह कार्यक्रम दुर्गा मंदिर स्थापना और पूजा समिति के तत्वावधान में संपन्न होगा।

## राम लाला दुबे ने उपायुक्त को आवेदन देकर किसानों की समस्या के निष्पादन की मांग की



**कांडी (आजाद सिपाही)।** भाजपा किसान मोर्चा के कार्य समिति सदस्य राम लाला दुबे ने उपायुक्त को आवेदन देकर जिला के किसानों की समस्या के निष्पादन की मांग किया है। डीसी को आवेदन देकर उन्होंने कहा है कि जिला के कुल जनसंख्या के 35 प्रतिशत मजदूर किसान निवास करते हैं। जिनका मुख्य जीवकोपार्जन का मुख्य साधन कृषि आधारित है। यहां के किसान कड़ी मेहनत करके फसल पैदा करते हैं, जिसको नीलगाय, जंगली सुअर व हाथी बर्बाद कर देते हैं। किसानों के लगातार गुहार करने के वावजूद सरकार द्वारा इसका समाधान नही किया जा रहा है। उक्त समस्या पर पहल कर इसका सामाधान करने की मांग किया है। किसान बहुल जिला होने के बावजूद सरकार द्वारा जिला को मात्र दो लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य दिया गया है जो कि आवश्यकता से कम है। जबकि जिला के कई केंद्रों पर खुले आसमान के नीचे धान रखा हुआ है। धान खरीद पोर्टल बन्द होने से उस पर ठप्पा नही लगाया गया है। उन्होंने सरकार से एक लाख क्विंटल और लक्ष्य को बढाने की मांग किया है, जिससे किसानों के धान की खरीद हो सके और जो धान खरीद किया गया है उसका भुगतान किया जाये। किसानों के कृषि कार्य को मनरेगा योजना से जोड़ने की मांग किया है।

# नल जल योजना में अनियमितता को लेकर मुखिया ने उपायुक्त से कार्रवाई की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत मकरी में पीएचईडी विभाग से नल जल योजना सहित सभी कार्यों में भारी अनियमितता बरते जाने को लेकर मकरी पंचायत की मुखिया सरिता देवी नें इसकी लिखित शिकायत गढ़वा उपायुक्त कर कार्रवाई की मांग की है। मुखिया ने कहा है, कि मकरी पंचायत अंतर्गत सरकार द्वारा लगाए जा रहे नल जल योजना, शौचालय, चापाकल, मरमती, ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत नाडेप का निर्माण सहित दर्जनों कार्य कराना सुनिश्चित है। पीएचडी विभाग गढ़वा के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं प्रखंड के कनीय अभियंता से योजना में अनियमितता तथा कार्य में लापरवाही बरतते हुए कार्य को पूर्ण होने जैसे मामला से अनेकों बार मौखिक रूप से अवगत करायी गयी है, परन्तु कोई पहल नहीं किया गया। जलनल योजना के तहत पंचायत में स्वीकृत 105 अदद कार्य को वगैर ग्रामसभा के कराना एवं प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं कराना, लगाये जा रहे सभी सामग्री जैसे समरसेबल, पानी टंकी, सोलर, नल, स्ट्रॅक्बर इत्यादी घटिया किस्म के लगाना, ग्रामीण क्षेत्र में विछाये गये पाईप जमीन में चार-छः इंच मिट्टी से ढककर कार्य कराना जिससे प्रतिदिन पाईप फटने का शिकायत ग्रामीणों द्वारा किया जाना, पंचायत में शौचायल का निर्माण जरूरतमंदों को नहीं देना एवं वगैर कार्य कराये कार्य पूर्ण कराया जाना, पंचायत में अधीष्ठापीत सभी चापाकल का प्राक्कलन के अनुसार बोरिंग कार्य नहीं कराना, लगाये गये सभी चापाकल सेट घटिया किस्म का लगाना जिसमें पाईप में पाँच छः माह में छेद हो जाना जैसे शिकायत मिलना। खराब चापाकल का मरम्मती कार्य नहीं कराना। वर्तमान में स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक भी नाडेप का निर्माण नहीं कराया जाना। यहाँ तक की पंचायत अंतर्गत सरकार के नियमानुसार जलसहिया एवं मुखिया का खाता खोलवाकर खाता संचालित कर कार्य को कराना है बावजुद अनेकों बार सम्पर्क के बाद भी अभी तक पंचायत का खाता नहीं खुलना,

जलनल योजना के तहत संबंधित संवेदक एवं कनीय अभियंता द्वारा पंचायत के लगभग दो हजार लाभुकों से आधार कार्ड का छायाप्रति कलेक्शन कराना एवं कुछ लाभुकों से हस्ताक्षर या अंगुठे का निशान यह बोलकर कराना कि आप आधार देंगे हस्ताक्षर करेंगे तभी कार्य (पानी मिलेगा) होगा। जबकि अभी तक न तो कहीं कार्य पूरा किया गया है न तो समुचित पानी मिल रहा है और न तो बोरिंग कराके बहुत जगहों पर मशीन हीं लगाया गया है। इसमें एक मामला आया है कि निजी बोरिंग में भी संवेदक एवं कनीय अभियंता द्वारा जलमिनार लगाने का प्रकिया किया गया है जिसका कार्य प्रगति पर है। उक्त सभी कार्यों से जनता में काफी आक्रोश है।

# भाजपा संगठन पर्व को लेकर प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजपा संगठन पर्व को लेकर उत्सव गार्डन में प्रमुख कार्यकताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला चुनाव अधिकारी डॉ अमरदीप यादव ने कहा कि संगठन का बुथ स्तर पर चुनाव अंतिम चरण में पहुंच चुका है। जल्द ही बुथ की सूची जमा करना है 6 से 9 मार्च तक सभी मंडल स्तर पर बैठक कर मंडल चुनाव अधिकारी तीन नाम तय कर प्रदेश को भेजेंगे। प्रदेश के सहमति के बाद मंडल में 17 मार्च से 19 मार्च के बिच मंडल अध्यक्ष का चयन चुनाव के माध्यम से किया जायेगा। उसके बाद 20 मार्च से लेकर 22 मार्च तक जिलाध्यक्ष के लिए नामांकन भरा जायेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुर्व जिलाध्यक्ष सह चुनाव अधिकारी ने कहा कि मंडल में बुथ स्तर पर लक्ष्य के अनुसार सदस्य बनाना अनिवार्य है तभी उस बुथ का निर्माण पुर्ण रुप से हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने के लिए उम्र सीमा तय किया गया है, जो 35 से 40 वर्ष तक होगा। वहीं जिलाध्यक्ष के लिए 45 वर्ष से 60 वर्ष तक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडल स्तर पर एक प्रतिनिधि भी बनाया जायेगा। जो मंडल एवं जिलाध्यक्ष चुनाव में वोट कर सकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि बहुत जल्द संगठन निर्माण का काम पूरा कर लिया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय, सुरज गुप्ता विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, पुर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी संजय ठाकुर, मथुरा पासवान, जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे अभिषेक कश्यप, शुभम सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में जानबूझकर की गयी छोटी सी अनियमितता भी अक्षम्य होगी : एसडीओ

एसडीओ ने मेराल प्रखंड और करकोमा पंचायत का किया निरीक्षण

अबुआ आवास, पीएम आवास, जन-मन योजना, मनरेगा आदि की समीक्षा की



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शनिवार को मेराल प्रखंड कार्यालय एवं करकोमा पंचायत क्षेत्र का औचक दौरा कर विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। प्रखंड और पंचायत स्तर पर सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति को लेकर समीक्षा के क्रम में उनके द्वारा कई आवश्यक निर्देश दिए गये।

सर्वप्रथम उन्होंने मेराल प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत और उनकी पूरी टीम के साथ बैठक कर विभिन्न स्वीकृत, लंबित एवं पूर्ण हो चुकी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा लंबित योजनाओं को समय रहते पूर्ण करने का निर्देश दिया, वहीं योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनायी जा रही प्रक्रिया को लेकर भी कई जरूरी निर्देश दिये। इस दौरान योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े सभी प्रखंड स्तरीय कर्मचारियों के अलावा क्षेत्रीय कर्मचारी भी मौजूद थे। जिन योजनाओं की समीक्षा की गयी उनमें अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, पीएम जन मन योजना, मैया सम्मान योजना आदि योजनाएं शामिल हैं। प्रखंड स्तर पर समीक्षा करने के बाद एसडीओ ने करकोमा पंचायत भवन पहुंचकर पंचायत के मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी और संबंधित पंचायत स्तरीय कर्मचारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की सरसरी तौर पर जांच और समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा योजनाओं की कुछ संचिकाओं की पड़ताल करते हुये प्रक्रियात्मक त्रुटियों को सुधारने का कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि विकास योजनाओं में एक रुपए की भी वित्तीय अनियमितता अक्षम्य है।

**योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया :** एसडीओ ने पंचायत स्तर पर चल रही विभिन्न योजनाओं का प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया और ग्रामीणों की उपस्थिति में निरीक्षण किया। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मुखिया और पंचायत सेवक दोनों को पेयजल जैसे मुद्दे पर पूरी संवेदनशीलता के साथ काम करना होगा, 100 - 50 रुपए के सामान की कमी के चलते किसी जल मीनार को गैर संचालनात्मक अवस्था में रखना किसी अपराध से कम नहीं है। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी निर्देश दिया कि वे सभी पंचायतों में एक-एक कर रोस्टर बनाकर भ्रमण कर योजनाओं की धरातलीय स्थिति देखते रहें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में नियमों का अक्षरशः पालन किया जाये। अधूरी योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने तथा पूर्ण हो चुकी योजनाओं को संचालनात्मक स्थिति में लाने का निर्देश दिया गया।

इस दौरान बीडीओ,सीओ, बीपीओ, समन्वयक, जेई, मुखिया, रोजगार सेवक, स्वयं सेवक आदि मौजूद थे।

## एसएमसी का प्रशिक्षण दिया गया



**कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के शिवपुर संकुल अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय राणाडीह में शनिवार को एसएमसी का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक सीआरपी धर्मेंद्र कुमार दुबे ने एसएमसी के सभी 16 सदस्यों को प्रोजेक्टर के माध्यम से कर्तव्य और उतरदायित्व के बारे में डिजिटल रूप से प्रशिक्षण दिए। प्रशिक्षण लेने वालों में एसएमसी के अध्यक्ष पूजा देवी, संयोजिका पम्मी देवी, प्रधानाध्यापक सह सचिव शैलेश कुमार पंडित, शिक्षक अरुण कुमार पांडेय सहित कई लोग शामिल थे।**

## संत रविदास की जयंती पर रातभर झूमे श्रोता



**केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के बक्सीपुर दक्षिणी में अंबेडकर क्लब के द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी की 648वीं जयंती भव्य रूप से मनायी गयी। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली, राज्य समन्वयक सह समाज सेवी अजय वर्मा, समाजसेवी पंकज सिंह, पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान, एडवोकेट संजय भारती, कृष्णा राम ने संयुक्त रूप से अनोखी पहल फीता को जोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगो को रात भर श्रोताओं को खुब झुमाया। इस मौके पर बिष्णुदेव राम, चंदन राम, दशरथ, संजय सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।**

## 24 वर्षीय युवक पिछले 8 दिनों से लापता



लापता युवक की फाइल फोटो

**डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई थाना क्षेत्र के लावाहीकलां गांव निवासी सहादेव राम के 24 वर्षीय पुत्र रूपेश कुमार पिछले 8 दिनों से लापता है। उसे लेकर पिता सहादेव राम ने गढ़वा सदर थाने में लिखित आवेदन देकर अपने पुत्र की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराते हुए पुलिस प्रशासन से अपने पुत्र की सकुशल बरामदगी की गुहार लगायी है। आवेदन में उन्होंने कहां है की 21 फरवरी को करीब 11 बजे उसके पुत्र परीक्षा देने के लिए डंडई स्थित घर से गढ़वा निकला। शाम के करीब 8:25 पर उसने अपने पुत्र पास रजिस्ट्रेशन फी के लिए उसके खाते में 3000 रुपये फोन पे किया। जब उन्होंने अपने पुत्र पास पैसा डाल देने की जानकारी के लिए कॉल लगाया तो उससे बात हुई तो उसने बताया कि रात को जमशेदपुर के लिए निकलेंगे। पिता ने बताया कि उसके बाद फिर हमलोगों ने पुत्र पास काफी बार फोन से संपर्क करना चाहा पर उससे संपर्क नहीं हो पाया। पिता ने बताया कि 21 फरवरी को रात में मेरा लड़का गढ़वा रामाशाहु हॉस्टल में ट्रेन पकड़ने के लिए अपने छोटे भाई पास रुका हुआ था जो अभी तक लौट कर नहीं आया है। साथ ही बताया कि रूपेश कुमार का लंबाई 5.3 फिट और गेहूंवा कलर की उजाला शर्ट पहना हुआ है।**


## मेराल के पुरोहित पंडित शंभू नाथ पाठक का निधन



पुरोहित पंडित शंभू नाथ पाठक (फाइल फोटो )

**मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के पूर्वारी टोला निवासी प्रसिद्ध विद्वान पंडित और हाई स्कूल धुरकी के संस्कृत शिक्षक दिनेश पाठक के पिताजी और दो पंचायत का बड़ा गांव मेराल में वर्षों तक अकेले पुरोहित पंडित रहे 94 वर्षीय शंभू नाथ पाठक नहीं रहे। शनिवार की प्रातः 4:00 बजे रांची के सेवा सदन में उन्होंने अंतिम सांस ली। बता दें कि शंभू नाथ पाठक एक विद्वान पंडित थे। उन्होंने बाल्यकाल से ही मेराल जैसा बड़ा गांव का वर्षों तक अकेले पुरोहित पंडित रहे।1990 के दशक में उन्हीं की प्रेरणा से थाना परिसर में तत्कालीन बीडीओ राजदेव सिंह के द्वारा शिव मंदिर का निर्माण कराया गया था। उनके निधन पर मेराल सहित आसपास के गांव के बड़ी संख्या में लोगों ने दुख जताते हुए संवेदना व्यक्त की। उनका अंतिम संस्कार मेराल सरस्वतीया नदी शमशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि शिक्षक पुत्र दिनेश पाठक ने दिया।**

## जेएसएलपीएस के सामुदायिक समन्वयक को दी गयी विदाई



**डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड के जेएसएलपीएस के सामुदायिक समन्वयक रामजी कुमार यादव का तबादला होने पर सोसाइटी के पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा शनिवार को बजे भावभीनी विदाई दी गयी। रामजी कुमार यादव प्रखंड में आजीविका सखी मंडल को आगे बढ़ाने और महिलाओं को रोजगार से जोड़ने एवं जागरुकता लाने में काफी मेहनत किया और महिलाओं को आर्थिक, समाजिक रूप से भी आगे बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। विदाई समारोह में मौके पर डंडई प्रखंड के बीपीएम सुनील कुमार, डीईओ पलवी कुमारी, सीसी बिकास कुमार, अजय कुमार, लव चौधरी, गुडी कुमारी, सुनील कुमार पांडेय, आईपीआरपी संगीता देवी, रीना एक्का व जेएसएलपीएस के सभी कर्मी उपस्थित थे।**

## नगर आयुक्त ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक, दिये जरूरी निर्देश

# एमएमसीएच के प्रबंधन-बेहतर संचालन के लिए कार्यों में गति लायें : जावेद हुसैन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) के प्रबंधन एवं बेहतर संचालन के लिए डीसी शशि रंजन की ओर से निर्देशित कार्यों की गति और निष्पादन को लेकर शनिवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने की। मेदिनीनगर नगर निगम के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में नगर आयुक्त ने अस्पताल के बेहतर संचालन को लेकर किए जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने एमटीसी को सिफ्ट किये जाने संबंधित निर्देश दिया। साथ ही अस्पताल के जर्जर भवन को धवस्त करने, कैदी वार्ड के लिए चिन्हित स्थान को निरीक्षण कर भौतिक जानकारी प्राप्त करते हुए अवगत कराने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को चिन्हित स्थल का निरीक्षण कर अवगत कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सात दिनों के अंदर भवन एवं बिजली से संबंधित कार्यों को पूर्ण कराने को कहा। वहीं, बिजली विभाग के अभियंता को आवश्यकतानुसार बिजली पोल को सिफ्ट करने और पेड़ की छटाई की जरूरत पर उसकी सूची तैयार कर वन प्रमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के अभियंता महेंद्र राम और अस्पताल अधीक्षक आदि उपस्थित थे।



अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश देते नगर आयुक्त जावेद हुसैन।

# जिनकी जितनी आबादी, उनकी उतनी हिस्सेदारी मिलकर रहेगी : बिट्टू पाठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस के तत्वाधान में संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत मिलन समारोह एवं संगठन सृजन पर परिचर्चा का की गयी। इसमें हैदर खान, शाहनवाज अहमद, छोटू चंद्रवंशी और गोपाल पासवान के नेतृत्व में सैकड़ों एससी, एसटी, अल्पसंख्यक और ओबीसी के लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा। पलामू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि जिनकी जितनी आबादी उनकी उतनी हिस्सेदारी मिलकर रहेगी। दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा, आदिवासी वर्ग को आगे बढ़ाना मेरी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि हम सभी के नेता राहुल गांधी जी के विचारों से प्रभावित होकर सैकड़ो युवाओं ने पार्टी की सदस्य ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि झारखंड के नवनियुक्त प्रभारी के राजू के नेतृत्व में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिलेगी। पार्टी में के राजू का कद बहुत बड़ा है। उनके पास लंबा राजनीतिक अनुभव है। केंद्र में जब यूपीए की सरकार थी तब उन्हें सूचना का अधिकार, खाद्य सुरक्षा अधिनियम, मनरेगा अधिनियम में बड़ा योगदान रहा है। कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से विधायक और मंत्री बनते है। कार्यकर्ताओं के संघर्ष के चलते प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है। इस लिए किसी कार्यकर्ता के सम्मान के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन खुर्शीद आलम ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी विनोद तिवारी, शंकर पांडे, शमीम अहमद राईन, ओमप्रकाश अमन, अरविंद पासवान, ईश्वरी प्रसाद सिंह, सुधीर चौबे, इंदु भगत, विश्राम दुबे, अशोक तिवारी, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, सोनू खान, नफीस खान, मिट्ठू खान, सच्चिदानंद मिश्रा, देवांग शुक्ला, सौरभ पांडे, तुलसी पासवान, बदल रायन, गिरजा राम, उमेश पासवान, अनिल सिंह, मुश्ताक अहमद, शाबाश अंसारी, आरिज आलम, नीतीश कुमा, एमडी कलीम, शाहबाज अहमद, मोहित वर्मा, अंकित पांडे, शाद अहमद, मंटू गिरी, मुराद खान, आबिद कमल, एमडी हसन और जरार खान आदि उपस्थित थे।




## हुसैनाबाद में मोतियाबिंद के 45 मरीजों का हुआ लेंस प्रत्यारोपण

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुसैनाबाद स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे निःशुल्क नेत्र शिविर में अबतक 1100 मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण किया गया है। जबकि शनिवार को 45 मोतियाबिंद मरीजों की आंखों में लेंस प्रत्यारोपण किया गया। राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के निदेशक डॉ अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मोतियाबिंद के 150 मरीजों के आंखों की जांच की गई थी। इसमें से 45 मरीजों को नेत्र चिकित्सक डॉ धीरज प्रसाद और विवेकानंद उपाध्याय द्वारा आईएलओ विधि से लेंस प्रत्यारोपित किया गया। यहां अब तक करीब 1100 मरीजों का लेंस प्रत्यरोपण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि रविवार को सभी मरीजों को दवा और चश्मा दिया जाएगा। इस मौके पर नेत्र सहायक जय प्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह, सुनील कुमार, परशु कुमार, सुषमा कुमारी, बसंती कुमारी, सचिन कुमार, काजल, रागिनी और दयानंद कुमार आदि मौजूद थे।



## खनन माफियाओं ने आइएफएस अधिकारी को जांच करने से रोका, सड़क पर खड़ा किया हाइवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर में खनन माफियाओं ने दबंगई दिखाते हुए प्रशिक्षु आइएफएस अधिकारी नवनीत कुमार को स्टोन माइंस की जांच करने से रोक दिया। माफियाओं ने सड़क पर हाइवा खड़ा कर जाम लगा दिया। दंडाधिकारी एवं पुलिस की एक टीम अवैध माइनिंग के खिलाफ कार्रवाई के लिए छतरपुर में जांच करने के लिए निकले थे। इस दौरान 12 स्टोन क्रशरों की जांच हो गई, जबकि तीन से चार स्टोन क्रशर की जांच बाकी थी। इस दौरान सभी स्टोन क्रशरों में अनियमितता पकड़ी गई थी। आईएफएस अधिकारी के नेतृत्व में जांच टीम जैसे ही आगे बढ़ी छतरपुर के बरडीहा के इलाके में रोड पर पांच हाइवा को लगातार खड़ा कर दिया गया, ताकि जांच टीम आगे ना बढ़ सके। जांच टीम देर तक हाइवा के हटने का इंतजार करती रही, लेकिन हाइवा खड़ा रहा। जिस कारण तीन से चार स्टोन क्रशरों की जांच नहीं हो पाई। इस घटना के बाद पलामू जिला प्रशासन पूरी तरह से सख्ती पर उतर गई है। मामले में एक संयुक्त जांच रिपोर्ट तैयार की गयी है, जिसके बाद ही बड़ी कार्रवाई की जाएगी। पलामू डीएफओ सत्यम कुमार ने बताया कि प्रशिक्षु आईएफएस छतरपुर रेंज के प्रभार में हैं। उनके साथ छतरपुर अनुमंडल कार्यालय में तैनात दंडाधिकारी एवं पुलिस की टीम मौजूद थी। तीन-चार क्रशर की जांच के लिए वह आगे नहीं बढ़ पाए, क्योंकि पत्थर माफियाओं ने हाइवा लगाकर रोड को जाम कर दिया था। पूरे मामले में कार्रवाई की जा रही है। दंडाधिकारी और प्रशिक्षु आईएफएस एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर एसडीएम को देंगे। वहीं पूरी घटना की जानकारी पलामू डीसी-एसपी को दी गई है।



# अधिक अंक लाने का दबाव परीक्षार्थियों को कर सकता है प्रभावित: अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर स्थित संत मरियम किड्स स्कूल में वार्षिक परीक्षा चल रही है। इस दौरान स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने सभी वर्गों का निरीक्षण एवं बच्चों से मिलकर तनाव मुक्त होकर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा को लिखने के लिए प्रेरित किया। कहा कि स्कूल में आयोजित परीक्षा के प्रश्न पत्र से बच्चों के कौशल, बुद्धिमत्ता एवं संपूर्ण व्यक्तित्व की पहचान का माध्यम बिल्कुल नहीं है। यह परीक्षा एक सीढ़ी है जो जीवन में ऊंचाई तक ले जाने का एकमात्र प्रबंध है। इसलिए अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए आपके ऊपर अभिभावकों और शिक्षकों का दबाव है तो वह आपके हित में नहीं है। तनाव आपको परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। अविनाश देव ने स्कूल के निदेशक आनंद कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अल्प अवधि में ही अपनी लगन और मेहनत से संत मरियम के इस शाखा को ऊंचाई तक पहुंचाया है जो सराहनीय है। मौके पर विद्यालय के उप प्राचार्य एसबी शाहा सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## अवैध ईंट भट्ठा का धड़ल्ले से हो रहा संचालन, प्रशासन मौन : उप प्रमुख

**रामगढ़/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के रामगढ़ पंचायत के टोला बियाही टांड़ में उप प्रमुख मालती देवी ने अवैध तरीके से चल रहे बंगला ईट भट्ठा का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उप प्रमुख मालती ने कहा कि प्रशासन की नाक के नीचे घने बस्ती के बीच धड़ल्ले से बंगला ईट भट्ठा चल रहा हैं। जो प्रखंड मुख्यालय से महज दो किलोमीटर की दूरी पर संचालित हो रहा है। लेकिन संबंधित प्रशासन मौन हैं। जो जांच का विषय हैं। अगर प्रशासन ऐसे ईट भट्ठा संचालकों पर जांच कर कार्रवाई नहीं करते हैं तो वरीय अधिकारी को लिखित शिकायत की जाएगी। दूसरी ओर, इसे लेकर सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने कहा कि जानकारी मिली हैं। जांच कर ईट भट्ठा संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना क्षेत्र के शंखा गांव के निकट फोरलेन पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान केश्वर चौधरी (27) के रूप में हुई है। वह रेहला थाना क्षेत्र के घघुआ गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार केश्वर अपनी सास को पांडू थाना क्षेत्र के रतनाग गांव पहुंचाकर घर वापस लौट रहा था। तभी शंखा-केतात गांव के पास उसकी टक्कर एक धान कूटने वाली मशीन लेकर जा रहे ट्रैक्टर से हो गयी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एम्बुलेंस से विश्रामपुर सीएचसी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

## खाली पड़े भूखंड के मालिकाना हक के लिए आये कई और दावेदार

**धनसार (आजाद सिपाही)। बस्ताकोला चौहान बस्ती के समीप एक खाली पड़े भूखंड पर दावेदारी को लेकर कई गुट आमने सामने हो गए है। गत रविवार को उक्त जमीन पर निर्माण को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट होने के बाद पुलिस के हस्तक्षेप से किसी तरह मामला शांत कराया गया। अब उक्त जमीन पर मालिकाना हक जताते हुए कई दावेदार सामने आ गये हैं। जिससे स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। पता चला है कि उक्त भूखंड पर दशरथ यादव और परशुराम चौहान अपनी-अपनी दावेदारी दिखाते हुए लड़ रही रहे हैं कि अब वहीं के रहने वाले विजय कुमार सिंह और जय प्रकाश ने झरिया थाना में आवेदन देकर उक्त भूखंड को अपना बताते हुए दबंग लोगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत की है।**

# हुसैनाबाद एसडीओ ने किया जवाहर नवोदय विद्यालय का औचक निरीक्षण, दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** एसडीओ गौरांग महतो ने लंगरकोट गांव के मुरली पहाड़ी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय-2 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ ने बारी-बारी से विद्यालय के सभी विभागों का निरीक्षण किया। प्राचार्य अशहर रूमी से आवश्यक बिंदुओ पर जानकारी मांगी और विद्यालय में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं की विशेष कक्षा में जा कर पठन-पाठन क्रिया का अवलोकन किया एवं छात्रों को जीवन से जुड़ी कई सफलताओं की प्रेरणा भी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने एसडीओ से पीने के पानी की समस्या से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने यथाशीघ्र शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने भोजनालय व्यवस्था, छात्रावास में छात्र-छात्राओं के रहने की व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही प्राचार्य रूम, लाइब्रेरी, मेडिकल विभाग निरीक्षण किया। विद्यालय के कई विभागों के विभागाध्यक्ष को बुलाकर जानकारी मांगी एवं आवश्यक निर्देश दिया। विदित हो कि विद्यालय में शुद्ध पेयजल की समस्या संबंधित जानकारी एसडीओ को मिली थी। उन्होंने साफ लहजे में निर्देश दिया कि उनकी जो भी परेशानी है उसे त्वरित समाधान करें। बच्चों के शिक्षण व्यवस्था में किसी प्रकार का बाधा उत्पन्न ना हो। इस मौके पर प्राचार्य अशहर रूमी, वरीय शिक्षक राणा तब्बसुम, नितिन पांडेय, आशमुनि प्रसाद, बीपीएम विभूति गुप्ता, शिक्षक अभिषेक सिंह, आरके मीणा, शिक्षक सुनील वर्मा, शोभा भट्टाचार्य, बड़ा बाबू शकंर कुमार, कुमार पाण्डे और सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।



# एक अरब 65 करोड़ रुपये से अधिक की परिसंपत्तियों का वितरण

- बोकारो जिला विधिक सेवा प्राधिकार और जिला प्रशासन की ओर से विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन
- विभिन्न विभागों की ओर से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लगाये गये 22 स्टॉल, आमजनों को दी गयी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के तत्वावधान में बोकारो जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला प्रशासन की ओर से शनिवार को चंद्रपुरा के डीवीसी फुटबॉल मैदान में राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन आदिम जनजातियों एवं समाज के कमजोर वर्गों के लिए किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायामूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश प्रदीप कुमार श्रीवास्तव और कुमारी रंजना अस्थाना आदि शामिल हुए। अपने संबोधन में न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने सरकारी संस्थाओं की ओर से दिये जा रहे लाभ, महिलाओं की भागीदारी और डायन कुप्रथा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वहीं, न्यायाधीश प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने सरकारी योजनाओं के संबंध में बताया गया। साथ ही बोकारो डीसी विजया जाधव ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से जिलांतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सुविधा-सेवाएं प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजनान्तर्गत कुल तीन लाख 75 हजार 187 लाभुकों को योजना से लाभान्वित करते हुए सभी सुयोग्य लाभुकों को 2500 रुपए की आर्थिक सहायता राशि का भुगतान किया जा रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करते हुए जिला में 152 चौकीदारों की नियुक्ति की गयी है। साथ हीं मनरेगा अंतर्गत संविदा आधारित रिक्त पदों पर बहाली की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए 50 पदों पर यथा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 27 पारा मेडिकल कर्मियों एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के तहत 10 कर्मियों की नियुक्ति की गयी है। इसके साथ ही बोकारो जिले ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा, आपूर्ति, समाजिक सुरक्षा, विकास, योजना, कल्याण, एवं समाज कल्याण शाखा आदि विभागों के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए विकास का नया आयाम स्थापित किया है। खेल-कूद एवं पर्यटन विभाग द्वारा 54 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन स्थल तेनुघाट डैम के विकास के लिए कार्य की स्वीकृती दी गयी है और चंदनकियारी प्रखण्ड में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण किया गया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम / झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से योजनावार तीन लाख 12 हजार 616 परिवार के 12 लाख 60 हजार 985 सदस्यों को आच्छादित किया गया है। साथ ही, पीभीटीजी डाकिया योजना के तहत गोमिया प्रखण्ड के 85 आदिम जनजाति परिवारों को 35 किलोग्राम अनाज निःशुल्क में और प्रति कार्ड एक किलोग्राम नमक एवं एक किलोग्राम चीनी निःशुल्क उनके घर पर जाकर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आज भी 16 मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्र संचालन कर प्रतिदिन लगभग 2900 लाभुकों को 05 रुपए अनुदानित दर पर भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, विभिन्न जानकारियों देते हुए डीसी ने बताया कि इस दिन इस राज्य स्तरीय शिविर में जिला प्रशासन की ओर से महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 482 स्वयं सहायता समूहों के बीच 12 करोड़ 68 लाख रुपये की राशि का वितरण न्यायामूर्तियों एवं अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की ओर से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कुल 22 स्टॉल लगाये गये थे। इस राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह-सशक्तिकरण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा कुल एक अरब 65 करोड़ 44 लाख 51716 रुपए की परिसंपत्ति भौतिक और आभासी रूप से वितरित किया गया। वहीं, वन विभाग की ओर से 500 पौधा आमजनों के बीच वितरण किया गया। शिविर में डीआइजी कोयला प्रक्षेत्र सुरेंद्र कुमार झा, पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, डीआरडीए निदेशक मेनका, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ आदि उपस्थित थे।





## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में माता सबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार समारोह का आयोजन

# लगन, मेहनत और एकाग्रता से पढ़ाई कर विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफल हों: डॉ सिमी मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को माता सबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में ऑक्सफोर्ड विद्यालय की सचिव किरण मेहता एवं शैक्षणिक निदेशक डॉ सिमी मेहता शामिल हुईं, जिनका स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इसके बाद प्राचार्य डॉ एके सिंह ने गत सत्र में बच्चों द्वारा प्राप्त उल्लेखनीय सफलताओं का विस्तृत वर्णन किया। कहा कि विद्यालय का उद्देश्य है कि हमारे बच्चे मेधावी सूची में स्थान बनाने के अतिरिक्त प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी साथ-साथ करते रहें। विद्यालय गुणात्मक शिक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है। वहीं, माता सबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार के अंतर्गत 441 शिक्षार्थियों को 1001 रुपए का चेक और प्रशस्ति पत्र अतिथियों ने दिया। इस अवसर पर डॉ सिमी मेहता ने कहा कि ऑक्सफोर्ड विद्यालय, झारखंड का एकमात्र विद्यालय है जो प्रतिवर्ष मेधावी पुरस्कार समारोह आयोजित कर चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करता है। आशा करता हूं कि हमारे विद्यालय के अधिकाधिक छात्र इस मुकाम को हासिल करेंगे। विद्यालय प्रबंधन ऐसे अग्रणी छात्रों को सदैव सम्मानित करता रहेगा। यह विद्यालय प्रबंधन के लिए गौरव का विषय होगा। आगामी समय में हमारा विद्यालय झारखंड में विशिष्ट स्थान प्राप्त करेगा। कहा कि लगन, मेहनत और एकाग्रता से पढ़ाई कर विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त करें। नैतिक शिक्षा से बच्चों में गुणवत्ता आ सकती है। इसके लिए विद्यालय, शिक्षक और अभिभावक संयुक्त रुप से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। वहीं, मंच का संचालन शिक्षिका शिवांगी आनंद एवं मीनू सिंह और धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय शिक्षिका शिल्पी गुप्ता ने दिया।



## पेड़ से टकरायी स्कूटी, एक की मौत, दो घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित पिंजरा डीपा के समीप स्कूटी सवार ने पेड़ को मारा टकर। घटना में कुटमा निवासी 17 वर्षीय शंकर साहू सुरेश उरांव और जीतू महली गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद तीनों घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से सदर अस्पताल लाया गया। जहां जांच के डॉक्टर ने शंकर साहू को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक तीनों लड़के एक स्कूटी में सवार होकर गोबर सिल्ली की ओर घूमने गये थे। तभी अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया, स्कूटी शंकर साहू चला रहा था। शंकर साहू की बहन ने बताया हम लोग चार बहन है, जिनमें शंकर इकलौता सबसे छोटा भाई था। घटना बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही फिलहाल शव को सदर अस्पताल के शव गृह में रखा गया है, रविवार को शव का पोस्टमार्टम किया जायेगा।

## चैंबर और खाद्य सुरक्षा विभाग के समन्वय से दिया गया फूड लाइसेंस




**गुमला (आजाद सिपाही)।** खाद्य सुरक्षा कार्यालय में चेंबर के सहयोग से फूड लाइसेंस रजिस्ट्रेशन के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें लगभग 50 नये लाइसेंस निर्गत किये गये और कई विवादित मामलों का भी निष्पादन किया गया। विभाग के तरफ से पदाधिकारी लव गुप्ता और चेंबर के तरफ से अध्यक्ष राजेश सिंह सचिव बबलू वर्मा कार्यकारी के राहुल केसरी और संदीप कुमार उपस्थित थे। गुमला चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह द्वारा आमजन से आह्वान किया जाता है, कि आगामी दो मार्च रविवार को शाम को 4: 00 से गुमला परिसदन में गुमला चैंबर और गुमला पुलिस प्रशासन मिलकर गुमला के कई गम्भीर समस्याओं को लेकर विचार विमर्श के लिए एक बैठक रखी गयी है। जिसमें आमजन और व्यापारियों को उपस्थित रहने की अपील की जाती है। इस आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी इम्तेयाज, मिनी ने दी।

## झानद करेगा केंद्रीय महिला कन्वेंशन का आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल की महिला मोर्चा महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की केंद्रीय स्तर के चुनिंदे महिलाओं को लेकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2025 को गुमला में महिला कंवेंशन आयोजित की जायेगी। कंवेंशन में महिला उत्पीड़न, डायन बिसाही के आरोप में हिंसा, पलायन और मानव तस्करी के खिलाफ और नशाबंदी, रोजगार, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह की लोन माफ करने, स्वरोजगार और व्यवसाय के लिए अनुदान और पूंजी देने जैसे ज्वलंत मुद्दों पर विचार विमर्श की जायेगी। वहीं महिलाओं की स्थिति में बदलाव के लिए बड़ी मुहिम चलाने पर चर्चा और निर्णय भी होगी। कन्वेंशन में भाग लेने के लिए राज्य के कुल केंद्रीय स्तर के 30 प्रतिनिधियों की सूची तैयार की गयी है।

## आदिवासी किसानों के जीविकोपार्जन के लिए सूक्ष्म उद्यमिता विकास की पहल



**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन, नयी दिल्ली द्वारा संचालित 'संकुल आधारित ग्राम विकास कार्यक्रम' के तहत आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन के द्वारा शनिवार को बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत बिशुनपुर ग्राम में सूक्ष्म उद्यमिता विकास के लिए अनुसूचित जनजातीय समुदाय के लिए किराना दुकान एवं साइकिल मरम्मति इकाई का शुभारम्भ किया गया। बिशुनपुर ग्राम स्थित करम स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को किराना दुकान और अनुसूचित जनजातीय कृषक पिलाई उरांव को साइकिल मरम्मति इकाई के लिए परियोजना के द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। इस उद्घाटन कार्यक्रम में संकुल के परियोजना अधिकारी हेमंत पतंगे, समन्वयक अजीत उराव, जिला परिषद् सदस्य पवन उरांव, संस्था के कार्यकर्ता सहदेव साहू, नीरज गोप सहित अन्य स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**गुमला (आजाद सिपाही)।** 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के मार्गदर्शन में 25 दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बामदा पंचायत सचिवालय में किया गया। यह प्रशिक्षण 25 मार्च तक संचालित किया जायेगा। जिसमें बामदा पंचायत के विभिन्न गांव की 25 महिलाएं भाग ले रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के उप कमांडेड दीपक कुमार मीणा ने किया। मौके पर कुरूम गढ़ थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव, कृष्णा उरांव तारकेश्वर, ईश्वर मुंडा, अमीन उरांव, सतीश कुमार उपस्थित रहे।

## गुमला में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन

# कुरीतियां मिटाने में भूमिका निभायें मुखिया: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला के तत्वावधान में आज टाऊन हॉल गुमला में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा और विकास के महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी मोहम्मद बेलाल अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, एसडीओ सदर राजीव नीरज, एसडीओ चैनपुर पूर्णिमा कुमारी, एसडीओ बसिया जयवंती देवगम, डीसीएलआर राजीव कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीएसपी गुमला सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी नागरिक को सरकारी योजनाओं की जानकारी होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर योग्य बच्चों को कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन दिलाने और जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मुखिया की भूमिका अहम है। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत स्तर पर शिक्षा में सुधार के लिए मुखियाओं को अग्रणी भूमिका निभानी होगी और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए सतत प्रयास करने होंगे। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए समाज को एक नयी दिशा में ले जाना होगा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में मानव तस्करी, नशा, और डायन प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों पर भी प्रकाश डाला और मुखियाओं से आग्रह किया कि वे ग्राम सभाओं के माध्यम से इन मुद्दों पर लोगों को जागरूक करें। जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी मोहम्मद बेलाल अहमद ने लड़कियों की शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि एक लड़की को शिक्षित करने का अर्थ है आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाना। जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा के अभाव के कारण ही समाज में अंधविश्वास जैसी कुरीतियां फैली हुई हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम चाहते हैं कि हमारा समाज प्रगति करे, तो हमें शिक्षा की ज्योति जलाए रखनी होगी और इसे हर बच्चे तक पहुंचाना होगा। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान ने सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालयों के सुचारू संचालन, मध्यान्ह भोजन योजना, बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थिति, स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, तथा मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्यों में मुखियाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि किसी पंचायत में ऐसे दिव्यांग बच्चे हैं जो विद्यालय नहीं जा सकते, तो उन्हें चिन्हित कर उनकी जानकारी दी जाये ताकि उन्हें होम शिक्षकों के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जा सके। सम्मेलन में भाग लेने वाले कई मुखियाओं ने अपने अनुभव साझा किये और शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव दिये। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 38 मुखियाओं को सम्मानित किया गया।

# महिला विकास मंडल का 17वां महाधिवेशन

**घर के कामों को संभालते हुए आत्मनिर्भर बनाने में महिला विकास मंडल का अहम योगदान : सुखदेव भगतब**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** महिला विकास मंडल की 17वीं वार्षिक महाधिवेशन शनिवार को नेतरहाट रोड स्थित मैदान में आयोजित की गयी। इस वार्षिक महाधिवेशन में मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत, विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख सविता देवी, अनिरुद्ध चौबे, कृष्णा लोहरा, बीडीओ दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं मौजूद लोगों को सम्बोधित और नारी शक्ति को नमन करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि महिला विकास मंडल सोसाइटी एक्ट के तहत रजिस्टर्ड है। यह बड़ी बात है कि महिलाएं अपने घर के कामों को संभालते हुए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बेहतरीन कोशिश करा रहीं हैं । वहीं मौजूद बैंक के कर्मियों को सलाह देते हुए कहा कि बैंक के कर्मी यह ध्यान दें कि आसान भाषा में समझाते हुए बैकवर्ड लिंकेज सहित वर्क को बताना है। साथ ही सांसद ने डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास व नशा पान से दूर रहने। कैंप लगाकर प्रशासन और बैंक के कर्मियों को सीसी लिंकेज कराकर नये ग्रुप को भी झारखंड लाइबलीहुड मिशन से जोड़ने की सलाह दी।

**अनिरुद्ध चौबे ने कहा**

महाधिवेशन में समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को प्रगति में अहम भूमिका निभाने वाली नारी शक्ति अपने परिवार के साथ साथ देश और समाज के बढ़ोतरी में अपनी सहभागीता निभाती है। पुरुषों से कंधा से कंधा मिलाकर चलने वाली नारी शक्ति प्रशासन और समाज से थोड़ी सहयोग मिले तो और बेहतर कर साबित करने में पीछे नहीं हटेंगी। मसाल जुलूस निकालकर किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ महाधिवेशन कि शुरूआत में महिला विकास मंडल का विशेष प्रार्थना, मुख्य अतिथियों के लिए स्वागत गीत एवं नृत्य, विकास मंडल का झंडोतोलन सहित मसाल जुलूस निकाल कर पुरे प्रांगण में भ्रमण किया गया। वहीं अतिथियों को बुके देखकर वह सॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया।

**इन्होंने किया सभा को संबोधित**

प्रखंड प्रमुख सविता देवी, समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे, महिला विकास मंडल कि अध्यक्ष संतोषी देवी ने भी महाधिवेशन को संबोधित किया। इस मौके पर 120 गांव से पहुंचे 1179 समूहों की महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। जहां मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, पूर्व प्रमुख कृष्णा लोहरा, महिला विकास मंडल की अध्यक्ष संतोषी कुमारी, आलोक साहू, सविता सहित हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

# गुमला में शुरू हुआ सांसद का निजी कार्यालय, जन समस्याओं का होगा हल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर सांसद सुखदेव भगत ने दुंदुरिया चौक स्थित अपने प्रतिनिधि राजनील तिग्गा के घर में निजी कार्यालय की शुरूआत की। इस कार्यालय में क्षेत्र की जनता अपनी समस्याओं को उक्त कार्यालय में पहुंच कर रख पायेंगे। सांसद ने कहा कि सरकारी कार्यालय अभी नहीं मिला है। उन्होने कहा कि जनता की जायज समस्याओं का हर हाल में समाधान होगा। क्योंकि वे अक्सर दिल्ली में संसदीय कार्य या अन्य कारणों से रहते हैं। सांसद ने कहा कि वे इंडिया गठबंधन के तहत जरूर चुनाव जीते हैं, परंतु पूरे गुमला जिला वासियों के वे सांसद हैं। वे चार मार्च को केंद्रीय रेलवे मंत्री से मिलने वाले भी हैं। उन्होंने कहा कि गुमला में पलायन एक बड़ी समस्या है। जिसके समाधान की दिशा में वे लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेर जल्द ही वे जिले के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और इस दिशा में साकारात्मक पहल करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, दीप नारायण उरांव, मोहम्मद आशिक अंसारी, बैबूल अंसारी, निलेश उरांव,संतोष कुमार गुड्डू ,अल्बर्ट तिग्गा, रफी अली, हर्ष राज एक्का, आदि उपस्थित थे।

## जेएससीए अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में सिमडेगा ने खूंटी को 137 रनो से हराया




**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे जेएससीए अंतर जिला अंडर 23 क्रिकेट मुकाबले के लीग चरण के आखिरी मैच में सिमडेगा ने खूंटी को 137 रनो से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शनिवार को सिमडेगा की टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते 211 रनो का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से गुरुशरण ने सर्वाधिक 51 रनो की पारी खेली। सुभादीप साहा ने 43 और हर्ष, सचिन पाल ने 28-28 रन बनाये। खूंटी की ओर से हर्ष ज्ञानी को तीन विकेट मिला। सत्यम और मीत जैन ने दो-दो विकेट अर्जित किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खूंटी की पूरी टीम 74रनो पर सिमट गयी। खूंटी की ओर से आर्यन हुड्डा 17, प्रशांत 15 और मनीष ने 11रनो का योगदान दिया। सिमडेगा के हर्ष कुमार ने 5.5 ओवरो में 19 रन खर्च कर सात विकेट हासिल किये। तानिश चौबे को दो और अविनाश को एक सफलता हाथ लगी। टीम के लिए बेहतरीन 28 रन और सात विकेट चटकाने वाले हर्ष कुमार मैन ऑफ द मैच बने। टी आरडीओ अनवर मुस्तफा, अंपायर और स्कोरर ने प्लेयर ऑफ द मैच को पांच हजार कैशमनी और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। सोमवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बोकारो और लोहरदगा की टीमें आमने-सामने होगी।

## प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने किया विज्ञान मेला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय टंगराटोली, हापामुनि चपका और मकरा में विज्ञान मेला का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसकी शुरूआत उन्मुखीकरण सत्र से शुरू हुआ जिसमें उन्हें विज्ञान मॉडल की जानकारी दी गई। इस मेले में कबाड़ से जुगाड़ थीम पर आधारित विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए गए। साथी विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों को प्रदर्शन करने के साथ-साथ उनके पीछे छिपे वैज्ञानिक सिद्धांतों की भी व्याख्या की।

**प्रमुख विज्ञान मॉडल**

मनचाही बरसात, बोतल में बदल, जड़त्व का नियम, पेपर कप टेलीफोन, गुब्बारे का पंप, कील का संतुलन, गुरुत्वहीन पानी, पेंसिल का संतुलन, जिद्दी गुड़िया, साधारण फिल्टर सहित कई मॉडल प्रस्तुत किये गए।

**इनकी रही मौजूदगी**

मुख्य रूप से मौजूद प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के जिला समन्वयक सुनील यादव, सिआआईएम पूनम महतो, रीना कुमारी, सहित मॉडल प्रस्तुत करने वाले छात्रों में जैपन खातून, पलक खातून, अरहम नाच, पूजा, अनिल, महिमा, पूर्णिमा, प्रेमिका, अनु, प्रिंस, उज्जवल, रितु सहित कई लोग शामिल थे।


**उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।**
(समाज कल्याण)
जिला बाल संरक्षण इकाई
Email:dcpslohardaga@gmail.com

**नियुक्ति की सूचना**

**मिशन वात्सल्य, बाल संरक्षण सेवाऐं के अंतर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर चयन**

मिशन वात्सल्य, बाल संरक्षण सेवाऐं (CPS) भारत सरकार के एक महत्वकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत राज्य में किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 और झारखण्ड किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) नियम, 2017 के विभिन्न प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य, बाल संरक्षण सेवाऐं के अंतर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से निम्न पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है:–

1. जिला बाल संरक्षण ईकाई (DCPU)

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या | उम्र | मासिक मानदेय | शैक्षनिक योग्यता | कार्यानुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परामर्शदाता (Counselor) Post Code DCPU- 05 | 01 | 30 से 45 वर्ष | 18536/– | Graduate in Social Work/Sociology/Psychology/Public Health/Counselling from a recognized University. OR PG Diploma in Counselling and Communication. Proficiency in Computers | At least 1 year of working experience with the Govt/NGO preferably in the field of Women & Child Development. |

**आवेदन की प्रक्रिया :–**

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 26.03.2025 के अपराह्न 5.00 बजे तक है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. जिला स्तरीय पदो के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र रजिस्टर डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर से निम्न पते पर भेजा जा सकता है :–
**जिला बाल संरक्षण ईकाई,**
**द्वितीय तल, पाण्डेय गणपत राय भवन,**
**समाहरणालय, जिला–लोहरदगा, झारखण्ड, पिन– 835302**
3. आवेदन के लिफाफे पर पद का नाम एवं पोस्ट कोड अंकित करना अनिवार्य होगा।

नोटः– आवेदन हेतु प्रपत्र, नियम शर्तो की विस्तृत जानकारी www.lohardaga.nic.in पर देखी जा सकती है।

**उपायुक्त, लोहरदगा**

PR 347490 (Lohardaga) 24-25 (D)


# स्पोर्ट्स



**कप्तान रोहित अब तक इस मैदान पर सात मैचों में 75.60 के शानदार औसत से 378 रन बना चुके हैं। विराट कोहली इस मैदान पर अब तक दो ही मैच खेल सके हैं, जिनमें उन्होंने 122 रन बनाये हैं।**

# भारत और न्यूजीलैंड का मैच आज दुबई में

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का ग्रुप-ए पूरी तरह सेट हो चुका है। इस ग्रुप का आखिरी मैच 2 मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जायेगा। यह भिड़ंत दुबई में होनी है, जहां अब तक एक बार भी किसी टीम का स्कोर 250 रन से ऊपर नहीं गया है। एक तरफ लाहौर में रनों की बारिश हो रही है, दूसरी ओर दुबई में बल्लेबाजों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा है। आपको बता दें कि भारत और न्यूजीलैंड में जीतने वाली टीम ग्रुप-ए में पहले स्थान पर फिनिश करेगी। आइये जानते हैं कि भारत-न्यूजीलैंड मैच में पिच का हाल कैसा रहेगा, बल्लेबाजों की मौज रहेगी या गेंदबाज कहर बरपायेगे।

**भारत बनाम न्यूजीलैंडः पिच रिपोर्ट**

दुबई की पिच को बहुत धीमा माना जाता है। आमतौर पर यहां स्पिन गेंदबाजों को मदद मिलती है, हालांकि पिछले दो मैचों में भारत के तेज गेंदबाजों ने यहां 11 विकेट चटकाये हैं। दुबई में खेले गये पिछले 5 वनडे मैचों की बात करें तो चार मौकों पर चेज करने वाली टीम विजयी रही है। इस मैदान पर कुल रिकॉर्ड पर नजर डालें तो यहां 22 बार पहले बैटिंग और 36 मौकों पर चेज करने वाली टीम विजयी रही है। पिछले मैचों में तेज गेंदबाजों को नयी गेंद से हल्की स्विंग भी मिली है। ऐसे में मोहम्मद शमी भी कहर बरपाते हुए नजर आ सकते हैं।

**दुबई मैदान के आंकड़े**

दुबई मैदान की बात करें तो भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रोहित शर्मा हैं। कप्तान रोहित अब तक इस मैदान पर सात मैचों में 75.60 के शानदार औसत से 378 रन बना चुके हैं। विराट कोहली इस मैदान पर अब तक दो ही मैच खेल सके हैं, जिनमें उन्होंने 122 रन बनाये हैं। भारतीय टीम को कभी भी दुबई में किसी वनडे मैच में हार नहीं मिली है। यह आंकड़े टीम इंडिया को न्यूजीलैंड पर मानसिक बढ़त दिला सकते हैं।

## सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया का एक प्लेयर हुआ चोटिल

**नयी दिल्ली(आजाद सिपाही)। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हुए ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट भारत या न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर रह सकते हैं। मैथ्यू शॉर्ट को क्वाड इंजरी हुई है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने मैथ्यू शॉर्ट की चोट के बारे में बात की और कहा उनका सेमीफाइनल में खेलना मुश्किल है। बता दें कि 2009 के बाद चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया पहली बार सेमीफाइनल में अपनी जगह बना पाई है।**


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार**

**अति–अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/ITDA/DT-15 दिनांक –01.03.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 06.03.2025 अपराहन 03.00 बजे तक। |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 08.03.2025 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 04 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 05 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 08.03.2025 अपराहन 04:00 बजे । |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Water Supply Scheme 2.0 H.P Electric motor pump with laying of rising and distribution pipe and 2 nos of 2000 of HDPE water storage tank for ANUSUCHIT JANJATI AWASIYE BOYS MIDDLE SCHOOL DOMAKHAR at | 01 | 248763.00 | 5000.000 | 500 | 07 Days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार

PR 347506 (Water Resource)24-25*D

# टुंडी में महिलाओं को डायन बताकर किया गया प्रताड़ित, 16 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

## गांव के दबंगों ने महिलाओं को गांव छोड़ने पर किया मजबूर, सभी बेघर

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के टुंडी थाना क्षेत्र में कुछ महिलाओं को डायन बताकर उनके साथ दुर्व्यवहार और प्रताड़ित किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं गांव के दबंगों पर इन पांच महिलाओं को गांव छोड़ने के लिए भी मजबूर करने का आरोप है। इस बाबत पीड़ित महिलाओं ने शनिवार को 16 लोगों के खिलाफ थाना में शिकायत दर्ज कराई है। महिलाओं का कहना है कि आरोपियों ने उनके घर में घुसकर उन्हें डायन कहकर संबोधित किया और उनके साथ मारपीट की। इस अत्याचार के बाद पीड़ित महिलाएं अपने परिवार के साथ घर छोड़कर चली गई हैं।



इंसाफ के लिए गुहार लगाती पीड़ित महिलाएं।

महिलाओं ने कहा कि उन्हें जान का खतरा है। वे जिला प्रशासन और सरकार से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रही हैं। साथ ही उन्होंने सुरक्षा की मांग की है। दूसरी ओर, टुंडी की सभी प्रताड़ित महिलाओं ने धनबाद के रणधीर वर्मा चौक स्थित गांधी सदन में आकर अपनी पीड़ा मीडिया के सामने जाहिर की। महिलाओं ने आरोप लगाया कि उनके घरों में घुसकर उन्हें डायर करार दिया गया। इसके साथ ही उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज कर उन्हें गांव से बाहर निकाल दिया गया। डर की वजह से महिलाएं अपने पूरे परिवार के साथ गांव से बाहर हो गई। वे अब गांव लौटने से डर रही है। इस मामले को लेकर टुंडी थाना प्रभारी उमाशंकर ने कहा कि महिलाओं की शिकायत पर 16 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच जारी है। छानबीन कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर पीड़ितों को कोई और समस्या होती है, तो वो थाने से संपर्क कर सकती हैं। पुलिस उनके साथ है।

### पड़ोस में रहने वाले दो लोगों के बीमार होने के बाद गांव के ओझा ने ही अफवाह फैलाई

पीड़ित महिलाओं ने बताया कि घर के आसपास में दो लोग बीमार हैं। घर के पास एक ओझा भी रहता है। उसने ही बीमार लोगों के परिवार के सदस्यों को भड़काया है। ओझा ने पूरे गांव-मोहल्ले में यह अफवाह फैला दिया कि यही पांच महिलाएं डायन है। इन्हीं के जादू-टोना के कारण लोग बीमार हुए है। इसके बाद उन्हें मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। घर जाने की कोशिश करती हैं, तो धमकी दी जाती है कि गांव में घुसने पर उन्हें जान से मार दिया जाएगा। इसके अलावा मैला खिलाकर प्रताड़ित किया जाएगा।

# मजदूरों की सुरक्षा की अनदेखी कर कार्य जारी रखने का दबाव

### आद्रा मंडल ने श्री तिरुपति बालाजी एंटरप्राइजेज को भेजा नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** आद्रा मंडल के वरीय मंडल अभियंता ने श्री तिरुपति बालाजी एंटरप्राइजेज को नोटिस भेज कर तालगरिया-महुदा सेक्शन के बीच मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग संख्या बीजी-20 को समाप्त करने के लिए आरयूबी/सबवे का निर्माण कार्य तुरंत शुरू करने की सख्त हिदायत दी है। नोटिस में कहा गया है कि यदि दो दिनों के भीतर कार्य शुरू नहीं किया गया, तो कंपनी का अनुबंध रद्द कर दिया जाएगा और कार्य बिना उनकी भागीदारी के स्वतंत्र रूप से पूरा किया जाएगा। साथ ही, सुरक्षा जमा राशि भी जब्त कर ली जाएगी और निष्पादन गारंटी भुना ली जाएगी। लेकिन इस नोटिस के बाद क्षेत्र में चर्चा है कि रेलवे प्रशासन मजदूरों की जान की परवाह किए बिना कार्य को जारी रखने के लिए दबाव बना रहा है। बतातें चलें कि महुदा स्थित बीजी-20 के समीप अंडरपास के निर्माण कार्य में लगे बिहार से आए मजदूरों पर बाईक सवार अपराधियों ने विगत दिनों फायरिंग की गई थी। जिसमें दो



मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने मौके से एक धमकी भरा पत्र, एक मैगजीन और आधा दर्जन कारतूस का खोखा भी बरामद किया था, जिसमें आरोपियों ने गुंडा टैक्स नहीं देने पर हमला करने की धमकी दी थी। हालांकि, इस घटना के बावजूद रेलवे प्रशासन की ओर से कोई भी अधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचा था। ना ही रेलवे ने हमले के बाद कोई पहल की गई। दूसरी ओर, नोटिस के संबंध में सीनियर डीईएन आद्रा डिवीजन राजेश कुमार कुमावत से संपर्क करने की कोशिश की गयी, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया ना ही कोई जवाब दिया।

# जोड़ापोखर और झरिया में आभूषण की दो दुकानों से लाखों की चोरी, हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/जोरापोखर।** जोड़ापोखर और झरिया थाना क्षेत्र के अति भीड़भाड़ वाले क्षेत्र लोदना मोड़ एवं कोऑपरेटिव कालोनी में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने आभूषण-कपड़े की दो दुकानों में सेंधमारी कर लाखों रुपये के सोना-चांदी के जेवरात औक कपड़ो की चोरी कर ली। हालांकि लोदना मोड़ के दुल्हन ज्वेलर्स के दुकानदार ने थाने में महज 12 हजार रुपये के आभूषण की चोरी होने की लिखित शिकायत की है। उधर, घटना की सूचना पाकर जोरापोखर के थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा एवं झरिया प्रभारी शशिरंजन घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। बतातें चलें कि जामाडोबा-भौंरा मुख्य मार्ग के किनारे कोऑपरेटिव कॉलोनी के भुवनेश्वर चौक के समीप वर्मा ज्वेलर्स एवं कपड़े की दुकान के पीछे की दीवार में चोरों ने सेंधमारी कर दुकान में प्रवेश किया। चोरों ने दुकान की तिजोरी और अलमारी को ग्रार्डर मशीन से



काटकर उसमें रखे छह किलो चांदी, सोने की ज्वेलरी और नकद पांच हजार रुपये सहित कुछ कपड़ों की भी चोरी कर ली और फरार हो गये। दुकानदार शशि वर्मा ने उसके दुकान से लगभग सात लाख रुपये की संपति की चोरी होने की आशंका जताई है। घटनास्थल के समीप सीसीटीवी नहीं लगे रहने के कारण पुलिस को घटना का उद्भेदन करने में परेशानी हो रही है। हालांकि पुलिस ने घटनास्थल की फॉरेंसिक टीम की मदद ने नमूने संग्रह किये हैं। वहीं, झरिया थाना के लोदना मोड़ स्थित साफी मार्केट में शुक्रवार की रात दुल्हन ज्वेलर्स की दुकान का शटर तोड़कर चोर भीतर प्रवेश किये और वहां से सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी कर ली. दुकान मालिक टिंकू सजाद आलम ने बताया कि चोरों ने आर्टिफिशियल जेवरातों को छोड़ ग्राहकों के लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी किये हैं। जबकि पुलिस का कहना है कि चोरी हुए जेवरात गिरवी में रखे गए होंगे, जिसके कागजात नहीं होने के कारण दुकानदार सही आंकड़ा नहीं बता पा रहा है। पुलिस दोनों चोरी की घटनाओं की हर बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# 'अनुभूति एक एहसास' ऑल इंडिया सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** 'अनुभूति एक एहसास' ऑल इंडिया सांस्कृतिक कंपटीशन एंड फेस्टिवल में नृत्य, गायन वाद्य यंत्र, चित्र प्रतियोगिता और उत्सव में नृत्य के दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ शनिवार को हुआ, जिसका बीसीसीएल सीएमडी की पत्नी मिली दत्ता, बीसीसीएल निदेशक (पर्सनल) की पत्नी पूर्विता रमैया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वैभव सिन्हा, काला हीरा के निर्देशक राजेंद्र प्रसाद, एआईटीसी उपाध्यक्ष वशिष्ठ सिन्हा, क्लब इंडिया के संस्थापक संतोष रजक, समाजसेवी सुमित सवारियां, अनुभूति एक एहसास की सचिव सारसी चंद्रा एवं आकाश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मंच संचालन श्रुति चंद्रा और शिप्रा भट्ट ने किया। इसमें स्थानीय नन्हे कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक एवं शानदार प्रस्तुति दी। निर्णायक में सिमरन छाबड़ा ने बारीकी से प्रतिभागियों की प्रतिभाओं का आकलन कर उन्हें अंक दिए। उसी आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता घोषित किया गया जिन्हें अतिथियों द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय चंद्रा, श्यामल राय चौधरी, शंपा राय चौधरी की सक्रिय भूमिका थी। उधर, अनुभूति एक एहसास की सचिव सारसी चंद्रा ने बताया इस आयोजन से बच्चों को अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच मिलता है। बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए बीसीसीएल, 99 ग्रुप ऑफ कंपनीज क्लब इंडिया में अपना सहयोग एवं समर्थन दिया है।

# बिजली घर के ट्रांसफॉर्मर में लगी भीषण आग

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झरिया के भौंरा क्षेत्र के 23/8 खदान स्थित गांधी नगर के बिजली घर में लगे ट्रांसफॉर्मर में अचानक भीषण आग लग गई। जिससे पूरे गांधी नगर और भौंरा में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटे और उठते धुंआ से से लोग भयभीत हो गये। उधर, आग लगने की सूचना लोगों ने बीसीसीएल के अधिकारियों दी। जिसके बाद तुरंत बिजली पावर हाउस से बिजली कटवाया गया। इसके बाद ओपी प्रभारी ने इसकी सूचना अग्निशमन्य विभाग को दी। बाद में दमकल की तीन गाड़िया मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया।

# जदयू ने मनाया नीतीश कुमार का जन्मदिन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नीतीश विचार मंच और धनबाद जिला जदयू ने शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन सर्किट हाउस में धूमधाम से मनाया। इसस दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नीतीश विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष सह धनबाद जिला जदयू के अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने किया। सबसे पहले सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने पार्टी के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर जन्मदिन मनाया। नीतीश विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार जी को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने की मांग राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से की गयी है। साथ ही बिहार की सक्रिय राजनीत में नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार को लाने की मांग की गई। मौके पर पार्टी के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, रामस्वरूप यादव आदि मौजूद थे।

### निःशुल्क कृतिम अंग प्रत्यारोपण शिविर में बांटे गए जरूरतमंद सामान

# नर सेवा ही नारायण सेवा है: जीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** करगली स्थित कल्याण मंडप में श्री भगवान महाबीर दिव्यांग सहायता समिति झारखंड की ओर से बेरमो के पूर्व विधायक स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की स्मृति में पांच दिवसीय निःशुल्क कृतिम अंग प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया है। जिसके तीसरा दिन शनिवार को सीसीएल ढ़ोरी के जीएम रंजय सिन्हा शामिल हुए। इनके अलावा कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित और स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर तीसरे दिन के शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जीएम ने कहा कि श्री भगवान महाबीर दिव्यांग सहायता समिति की ओर से किया जा रहा कार्य काफी सराहनीय है। इससे दिव्यांग जन अपने जीवन में आगे बढ़ सकेंगे। मैं चाहता हूं कि जो कार्य किया जा रहा है वो सभी



जरूरतमंदों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। जो मनुष्य का सेवा कर रहा है मानो वह भगवान की सेवा कर रहा है। वहीं, समिति के कोऑर्डिनेटर हरीश दोषी उर्फ राजू भाई ने जीएम से एक भवन की मांग की। कहा कि अपना एक भवन होने से प्रति महीने स्वास्थ्य जांच शिविर, दिव्यांगता जांच शिविर, अंग प्रत्यारोपण, होम्योपैथी जांच शिविर आदि का आयोजन किया जा सकेगा। जबकि समिति के कोऑर्डिनेटर ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि अभी दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, वैशाखी, श्रवण यंत्र, कैलीपर्स आदि उपकरण दिया जा रहा है। जिनकों भी कृत्रिम अंग की जरूरत है उनके शरीर का माप लिया जा रहा है। शिविर के अंतिम दिन यानी तीन मार्च को उन सभी को कृत्रिम अंग उनके शरीर के माप से बनवाकर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेरमो को दिव्यांग मुक्त बनाना हमारा लक्ष्य है। इस मौके पर संस्था के रांची से आये रितेश कुमार पटवारी, संजय कुमार, शुभम कुमार, रोहित कुमार, पशुपति रजवार, पवन शर्मा, ललन रवानी, नेमीचंद गोयल, मुरारी लाल अग्रवाल, दयानंद बारणवाल, राम अवतार कारिवाल और राजेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद थे।

रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99 REGD. NO. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
सी.जी.–डी.एल.–अ.- 25112024-258871 CG-DL-E-25112024-258871
असाधारण EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) PART II--Section 3--Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4637] नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 22, 2024/अग्रहायण 1, 1946
No. 4637] NEW DELHI, FRIDAY, NOVEMBER 22, 2024/AGRHAYAN 1, 1946

### सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
### अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 नवम्बर, 2024

का. आ. 5026(अ)— केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य में एन.एच.–143AG के कि.मी. 37.400 (डिजाइन चेनेज) से कि.मी. 85.560 (डिजाइन चेनेज) बेरो–खूंटी खंड (राँची जिला के कि.मी. 33.25 से कि.मी. 58.05) पर पेम्ड शोल्डर सहित दो लेन का चौड़ीकरण/पुनर्निर्माण (भू–अर्जन पदाधिकारी राँची) तक के भू–खण्ड के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है ।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा ।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् भू–अर्जन पदाधिकारी राँची को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा ।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा ।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है ।

अनुसूची

झारखंड राज्य के खूंटी जिले में NH143AG के कि.मी. 37.400 से कि.मी. 85.560 (राँची जिला के 33.25 से कि.मी. 58.05 (जिला भू–अर्जन पदाधिकारी राँची) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

| राज्य का नाम: झारखंड | | | जिले का नाम: राँची | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (स्थानीय इकाई) | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| तालुक का नाम: बेड़ो | | | | | |
| गांव का नाम: दिघिया | | | | | |
| 192 | 1102 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.1000001 ( एकर ) | 0.0404695 |
| 193 | 1103 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.6135987 ( एकर ) | 0.2483205 |
| 194 | 1104 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.2429 ( एकर ) | 0.0983003 |
| 195 | 1105 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.2331999 ( एकर ) | 0.0943747 |
| 196 | 1107 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.2086999 ( एकर ) | 0.0844597 |
| 197 | 1108 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.6324006 ( एकर ) | 0.2559288 |
| 198 | 1146 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.2220001 ( एकर ) | 0.0898422 |
| 199 | 1147 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.2243999 ( एकर ) | 0.0908134 |
| 200 | 1148 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.1788001 ( एकर ) | 0.0723594 |
| 201 | 1149 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.2926998 ( एकर ) | 0.1184541 |
| 202 | 1150 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.2345001 ( एकर ) | 0.0949009 |
| 203 | 1151 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0521001 ( एकर ) | 0.0210846 |
| 204 | 1163 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0046 ( एकर ) | 0.0018616 |
| 205 | 1164 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.4292003 ( एकर ) | 0.1736949 |
| 206 | 1165 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.2922995 ( एकर ) | 0.1182922 |
| 207 | 1166 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0628 ( एकर ) | 0.0254148 |
| 208 | 1167 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0309999 ( एकर ) | 0.0125455 |
| 209 | 1168 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0694 ( एकर ) | 0.0280858 |
| 210 | 1169 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.2145999 ( एकर ) | 0.0868474 |
| 211 | 1177 | निजी (रैयती) | दो । | 0.1628999 ( एकर ) | 0.0659247 |
| 212 | 1178 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.551201 ( एकर ) | 0.2230676 |
| 213 | 1179 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.4471003 ( एकर ) | 0.1809389 |
| 214 | 1180 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0220999 ( एकर ) | 0.0089437 |
| 215 | 1184 | निजी (रैयती) | दो । | 0.0847 ( एकर ) | 0.0342776 |
| 216 | 1185 | निजी (रैयती) | दो । | 0.1182 ( एकर ) | 0.0478349 |
| 217 | 1186 | निजी (रैयती) | दो । | 0.3970007 ( एकर ) | 0.1606637 |
| 218 | 1187 | निजी (रैयती) | दो । | 0.2312001 ( एकर ) | 0.0935654 |
| 219 | 1188 | निजी (रैयती) | दो । | 0.0054001 ( एकर ) | 0.0021854 |
| 220 | 1189 | निजी (रैयती) | दो । | 0.0286001 ( एकर ) | 0.0115743 |
| 221 | 1190 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0712001 ( एकर ) | 0.0288143 |
| 222 | 1191 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.2207999 ( एकर ) | 0.0893565 |
| 223 | 1192 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.3158012 ( एकर ) | 0.1278025 |
| 224 | 1195 | निजी (रैयती) | दो । | 0.0942 ( एकर ) | 0.0381222 |
| 225 | 1196 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.22 ( एकर ) | 0.0890328 |
| 226 | 1197 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.1623 ( एकर ) | 0.0656819 |
| 227 | 1200 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.1056 ( एकर ) | 0.0427357 |
| 228 | 1201 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0507 ( एकर ) | 0.020518 |
| 229 | 1202 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.0054001 ( एकर ) | 0.0021854 |
| 230 | 1204 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0539 ( एकर ) | 0.021813 |
| 231 | 1218 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.201 ( एकर ) | 0.0813436 |
| 232 | 1219 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0400001 ( एकर ) | 0.0161878 |
| 233 | 1220 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.0299999 ( एकर ) | 0.0121408 |
| 234 | 1221 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.6974002 ( एकर ) | 0.2822339 |
| 235 | 1222 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.3016 ( एकर ) | 0.1220558 |
| 236 | 1223 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0059 ( एकर ) | 0.0023877 |
| 237 | 1224 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0878001 ( एकर ) | 0.0355322 |
| 238 | 1227 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.3455002 ( एकर ) | 0.1398219 |
| 239 | 1228 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.6792013 ( एकर ) | 0.2748685 |
| 240 | 1232 | निजी (रैयती) | टाड़ । | 0.0734001 ( एकर ) | 0.0297046 |
| 241 | 1233 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1039001 ( एकर ) | 0.0420478 |
| 242 | 1234 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.4109 ( एकर ) | 0.166289 |
| 243 | 1237 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1389001 ( एकर ) | 0.0562121 |
| 244 | 1246 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.2297 ( एकर ) | 0.0929583 |
| 245 | 1248 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.1289 ( एकर ) | 0.0521651 |
| 246 | 1249 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.1808999 ( एकर ) | 0.0732092 |
| 247 | 1250 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.2571 ( एकर ) | 0.1040469 |
| 248 | 1280 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.0489999 ( एकर ) | 0.01983 |
| 249 | 1283 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.3082 ( एकर ) | 0.1247268 |
| 250 | 1284 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.2503 ( एकर ) | 0.101295 |
| 251 | 1287 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.3519989 ( एकर ) | 0.1424524 |
| 252 | 1288 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.2832 ( एकर ) | 0.1146095 |
| 253 | 1289 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0613001 ( एकर ) | 0.0248078 |
| 254 | 1290 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0131 ( एकर ) | 0.0053015 |
| 255 | 1292 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0435 ( एकर ) | 0.0176042 |
| 256 | 1622 | निजी (रैयती) | दो । | 0.6369991 ( एकर ) | 0.2577904 |
| 257 | 1623 | निजी (रैयती) | दो । | 0.7057991 ( एकर ) | 0.2856333 |
| 258 | 1624 | निजी (रैयती) | दो । | 0.1641001 ( एकर ) | 0.0664104 |
| 259 | 1625 | निजी (रैयती) | दो । | 0.1540001 ( एकर ) | 0.062323 |
| 260 | 1626 | निजी (रैयती) | दो । | 0.1669 ( एकर ) | 0.0675435 |
| 261 | 1638 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0128 ( एकर ) | 0.0051801 |
| 262 | 1639 | निजी (रैयती) | दो । | 0.5657997 ( एकर ) | 0.2289761 |
| 263 | 1640 | निजी (रैयती) | दो । | 0.3504002 ( एकर ) | 0.1418049 |
| 264 | 1642 | निजी (रैयती) | दो । | 0.7905989 ( एकर ) | 0.3199514 |
| 265 | 1643 | निजी (रैयती) | दो । | 0.1821001 ( एकर ) | 0.0736949 |
| 266 | 1644 | निजी (रैयती) | दो । | 0.1441001 ( एकर ) | 0.0583165 |
| 267 | 1645 | निजी (रैयती) | दो । | 0.0247001 ( एकर ) | 0.009996 |
| 268 | 1647 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.3917993 ( एकर ) | 0.1585593 |
| 269 | 1689 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.1253 ( एकर ) | 0.0507082 |
| 270 | 1694 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.2535987 ( एकर ) | 0.1026305 |
| 271 | 1695 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.2112 ( एकर ) | 0.0854715 |
| 272 | 1696 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1695 ( एकर ) | 0.0685957 |
| 273 | 1697 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1492 ( एकर ) | 0.0603804 |
| 274 | 1698 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.2444 ( एकर ) | 0.0989073 |
| 275 | 1699 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.3009011 ( एकर ) | 0.1217726 |
| 276 | 1700 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.02 ( एकर ) | 0.0080939 |
| 277 | 1702 | निजी (रैयती) | दो । | 0.3178003 ( एकर ) | 0.1286119 |
| 278 | 1703 | निजी (रैयती) | दो । | 0.3263993 ( एकर ) | 0.1320923 |
| 279 | 1704 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | पोखर | 0.2272 ( एकर ) | 0.0919466 |
| 280 | 1705 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | पोखरा पीड़ | 0.0145001 ( एकर ) | 0.0058681 |
| 281 | 1710 | निजी (रैयती) | टाड़ ।।। | 0.5716 ( एकर ) | 0.2313234 |
| 282 | 1711 | निजी (रैयती) | परती कदिम | 0.8329988 ( एकर ) | 0.3371105 |
| 283 | 1712 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.2212 ( एकर ) | 0.0895184 |
| 284 | 1713 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0528999 ( एकर ) | 0.0214083 |
| 285 | 1716 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.281101 ( एकर ) | 0.1137596 |
| 286 | 1720 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.1625001 ( एकर ) | 0.0657629 |
| 287 | 1848 | निजी (रैयती) | टाड़ ।।। | 0.3910012 ( एकर ) | 0.1582355 |
| 288 | 1886 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.0668 ( एकर ) | 0.0270336 |
| 289 | 1935 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.0067001 ( एकर ) | 0.0027115 |
| 290 | 1936 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.6563989 ( एकर ) | 0.2656414 |
| 291 | 1937 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.478099 ( एकर ) | 0.1934844 |
| 292 | 1938 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0423999 ( एकर ) | 0.017159 |
| 293 | 1939 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.001 ( एकर ) | 0.0004047 |
| 294 | 1940 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.3231994 ( एकर ) | 0.1307972 |
| 295 | 1941 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.3367009 ( एकर ) | 0.1362606 |
| 296 | 1945 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.2413001 ( एकर ) | 0.0976528 |
| 297 | 1946 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.299201 ( एकर ) | 0.1210846 |
| 298 | 1947 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1529 ( एकर ) | 0.0618778 |
| 299 | 1955 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.5542997 ( एकर ) | 0.2243221 |
| 300 | 1956 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.3758 ( एकर ) | 0.1520842 |
| 301 | 1957 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.422499 ( एकर ) | 0.1709834 |
| 302 | 1961 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.2065 ( एकर ) | 0.0835694 |
| 303 | 1962 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.259 ( एकर ) | 0.1048159 |
| 304 | 1969 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1441999 ( एकर ) | 0.0583569 |
| 305 | 1979 | निजी (रैयती) | टाड़ ।।। | 0.8558012 ( एकर ) | 0.3463375 |
| 306 | 1980 | निजी (रैयती) | टाड़ ।।। | 0.0449 ( एकर ) | 0.0181708 |
| 307 | 1981 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.0164 ( एकर ) | 0.006637 |
| 308 | 2298 | निजी (रैयती) | टाड़ ।।। | 0.2124 ( एकर ) | 0.0859571 |
| 309 | 2299 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.8680994 ( एकर ) | 0.3513153 |
| 310 | 2351 | निजी (रैयती) | परती पिंड | 0.0078 ( एकर ) | 0.0031566 |
| | | | | TOTAL | 11.6131124 |

[फा. सं. RW/Ranchi/LA/NH-143AG/JHR/3A]
अभय जैन, निदेशक

PR 347531 Land Reforms (24-25)_D

## प्रगति की शताब्दी : भारतीय रेलवे ने इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के 100 वर्ष पूरे किये

# ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन भारतीय रेलवे के लिए एक रोल मॉडल : इसीओआर जीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 3 फरवरी 1925 को भारत की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन के लॉन्च के बाद से तकनीकी विकास और परिचालन उत्कृष्टता के 100 वर्षों को चिह्नित करते हुए, भारतीय रेलवे गर्व से इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की शताब्दी मना रहा है। पिछली शताब्दी में, विद्युतीकरण ने रेलवे संचालन में क्रांति ला दी है, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करते हुए दक्षता, स्थिरता और गति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।




इस महत्वपूर्ण अवसर पर, ईस्ट कोस्ट रेलवे (इसीओआर) के महाप्रबंधक परमेश्वर फंकवाल ने आधुनिक रेलवे परिचालन में स्वचालन, रखरखाव और निदान की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय रेलवे को तेजी से हो रही तकनीकी प्रगति को अपनाने और अगले 25 वर्षों के लिए तैयार होने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री फंकवाल ने परिसंपत्ति रखरखाव में सुधार के महत्व को भी रेखांकित किया और भारतीय रेलवे के भीतर ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन को एक रोल मॉडल के रूप में स्वीकार किया।

इस उत्सव में इसीओआर के अतिरिक्त महाप्रबंधक, पूर्वी तट रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष और प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने सामूहिक रूप से भारत में रेलवे विद्युतीकरण की उल्लेखनीय यात्रा को मान्यता दी।

भारत में रेलवे विद्युतीकरण की नींव 3 फरवरी 1925 को रखी गयी थी, जब ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे (जीआइपीआर) ने बॉम्बे वीटी (अब छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) और कुर्ला के बीच पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन सेवा शुरू की थी। यह 16 रूट किलोमीटर (आरकेएम) खंड 1500V डीसी ट्रैक्शन सिस्टम पर संचालित होता था और इसका उद्घाटन बॉम्बे के तत्कालीन गवर्नर सर लेस्ली विल्सन ने किया था। इस उपलब्धि के साथ भारत इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन अपनाने वाला दुनिया का 24वां देश बन गया।

रेलवे विद्युतीकरण के प्रारंभिक चरण में गति नियंत्रण और विद्युत पारेषण सहित कई तकनीकी चुनौतियां सामने आयीं। हालांकि, निरंतर नवाचारों के कारण 1950 के दशक में 3000V डीसी ट्रैक्शन को अपनाया गया, 1957 में हावड़ा-बर्दवान खंड इस प्रणाली के तहत विद्युतीकृत होने वाला पहला खंड था। 25 केवी एसी ट्रैक्शन की बेहतर दक्षता को पहचानते हुए भारतीय रेलवे ने ट्रैक्शन सलाहकार समिति की सिफारिशों के आधार पर 1957 में इस प्रणाली को मानकीकृत किया।

इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की शताब्दी भारतीय रेलवे की आधुनिकीकरण और स्थिरता की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 1925 में 16 किलोमीटर की इलेक्ट्रिक ट्रेन सेवा की शुरुआत से लेकर 2024 में 100% ब्रॉड गेज विद्युतीकरण हासिल करने तक परिवर्तन असाधारण रहा है। 2030 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करने की दृष्टि से, भारतीय रेलवे भारत में रेलवे परिवहन के भविष्य को फिर से परिभाषित करने, इसे तेज, हरित और अधिक कुशल बनाने के लिए तैयार है।

### रेलवे विद्युतीकरण में मील के पत्थर

1. 1947: भारत में 1500१ डीसी ट्रैक्शन पर 388 आरकेएम का विद्युतीकरण किया गया।
2. 1960: राज खरस्वान-डोंगोआपोसी पहला 25 केवी एसी विद्युतीकृत खंड बना।
3. 1984: कोलकाता मेट्रो को 750V DC तीसरी रेल प्रणाली के साथ लॉन्च किया गया।
4. 1995: बीना-कटनी और कटनी-अनूपपुर-बिश्रामपुर खंडों पर 2X25 केवी एटी प्रणाली शुरू की गयी।
5. 2006: मुंबई उपनगरीय डीसी ट्रैक्शन का 25 केवी एसी में पूर्ण रूपांतरण।
6. 2024: 65,000 आरकेएम को पार करते हुए ब्रॉड गेज मार्गों का 100% विद्युतीकरण हासिल किया गया।

### इसीओआर में विद्युतीकरण उपलब्धियां

2003 में अपने गठन के बाद से, ईस्ट कोस्ट रेलवे भारत के विद्युतीकरण अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसीओआर में पहला विद्युतीकृत खंड 1983 में के-के लाइन का जगदलपुर-कोरापुट खंड था, जो उस समय दक्षिण पूर्व रेलवे (एसइआर) का हिस्सा था। इन वर्षों में, प्रमुख गलियारों में विद्युतीकरण का विस्तार हुआ, जिसका परिणाम 2024 तक 100% विद्युतीकरण होगा।

### इसीओआर में प्रमुख विद्युतीकरण मील के पत्थर

कोत्तावलसा-कोरापुट-किरंदुल लाइन का विद्युतीकरण 1983 में, कोरापुट-दमंजोड़ी का 1989 में, दुवाडा-पलासा का 2000 में, पलासा-खुर्दा रोड का 2002 में, बारंग-तालचेर का 2004 में, खुर्दा रोड-पुरी का 2005 में, खुर्दा रोड-भद्रक का 2006 में, कटक-पारादीप का विद्युतीकरण हुआ। 2008, 2016 में विजयनगरम-सिंगापुर रोड, 2017 में झारसुगुड़ा-संबलपुर, 2018 में सिंगापुर रोड-टिटलागढ़, 2019 में सिंगापुर रोड-दमनजोड़ी, संबलपुर-टिटिलागढ़-लखोली और संबलपुर-अंगुल का विद्युतीकरण किया गया।

## झारसुगुड़ा से मुंबई की हवाई सेवा शुरू

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मुंबई-झारसुगुड़ा सेक्टर पर शनिवार से हवाई सेवा शुरू हो गयी है। झारसुगुड़ा और मायानगरी मुंबई सीधे हवाई मार्ग से जुड़े हुए हैं। इंडिगो की फ्लाइट शनिवार सुबह 10:55 बजे मुंबई से रवाना हुई और दिन के 1 बजे झारसुगुड़ा पहुंची। फ्लाइट झारसुगुड़ा से दिन के दो बजे रवाना हुई और शाम 4:15 बजे मुंबई पहुंची। शनिवार को पहले दिन 90 यात्री झारसुगुड़ा आये और 90 यात्री झारसुगुड़ा से मुंबई गये। यह उड़ान सप्ताह के प्रत्येक दिन संचालित होगी। हर दिन फ्लाइट मुंबई एयरपोर्ट से सुबह 10:55 बजे उड़ान भरेगी और दिन के एक बजे झारसुगुड़ा पहुंचेगी। इसी तरह झारसुगुड़ा से दिन के दो बजे वापसी होगी और शाम 4.15 बजे मुंबई पहुंचेगी। एलायंस एयर सप्ताह में तीन दिन भुवनेश्वर और झारसुगुड़ा के बीच उड़ानें संचालित करना जारी रखी है। झारसुगुड़ा-मुंबई के बीच उड़ान को लेकर यात्रियों में उत्साह देखा गया है।

## प्रश्नपत्रों में त्रुटियां, छात्रों-अभिभावकों में रोष

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मैट्रिक विज्ञान परीक्षा प्रश्न पत्र में विज्ञान बी-सेट में त्रुटियों के साथ 4 अंक कम और सी-सेट में भी कुछ त्रुटियां हैं। छात्रों ने 50 अंकों की जगह 46 अंकों की परीक्षा दी। सेट 'सी' में 2 वर्णनात्मक प्रश्नों में से एक है। इसे लेकर छात्रों और अभिभावकों में रोष है। बोर्ड के अध्यक्ष ने स्वीकार किया कि मैट्रिक विज्ञान परीक्षा के प्रश्न पत्र में त्रुटियां थीं। प्रश्न पत्रों के 'सी' सेट में 4 अंक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा संचालन समिति इस की निर्णय लेगी, लेकिन बोर्ड अधिकारियों ने प्रश्नपत्र वायरल होने की बात का खंडन किया है। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि 4 अंकों के बारे में कंडक्टिंग बोर्ड निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन के दौरान बोर्ड कमेटी इस पर नजर रखेगी। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि इससे बच्चे की मार्किंग पर कोई असर नहीं पड़ेगा।




# किस-डीयू में मध्य क्षेत्र के कुलपतियों की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट डीम्ड विश्वविद्यलय द्वारा किस डीम्ड विश्वविद्यालय में आयोजित भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआइयू) की दो दिवसीय मध्य क्षेत्र कुलपतियों की बैठक का समापन हो गया। यह सम्मेलन, जो मुख्य रूप से उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीय करण पर केंद्रित था, ने शिक्षा में वैश्विक सहयोग के लिए रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए देश भर के विचारकों और शिक्षाविदों को एक साथ लाया।




'वैश्वीकरण और अंतरराष्ट्रीयकरण' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की रणनीतियों, वैश्विक कक्षाओं, अंतरराष्ट्रीय संकाय और छात्रों को आकर्षित करने और उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण में चुनौतियों और अवसरों जैसे प्रमुख विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन में नवीन मूल्यांकन और मूल्यांकन प्रथाओं पर चर्चा भी शामिल थी, जिसमें छात्रों के बीच महत्वपूर्ण सोच, रचनात्मकता और वास्तविक दुनिया की समस्या-समाधान कौशल को बढ़ाने के लिए परियोजना-आधारित शिक्षा, अनुभवात्मक मूल्यांकन और डिजिटल प्रौद्योगिकियों पर जोर दिया गया था।

एआइयू अध्यक्ष प्रो विनय कुमार पाठक ने न्यायसंगत अंतरराष्ट्रीयकरण की आवश्यकता पर बल दिया। हम विभिन्न देशों के साथ साझेदारी को बढ़ावा देने और एक संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्थक सहयोग हासिल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ कड़ी बातचीत की आवश्यकता है। अन्य लोगों में प्रो अमरेश्वर गल्ला, समावेशी संग्रहालय और सतत विरासत विकास पर यूनेस्को अध्यक्ष और प्रो-चांसलर, किस डीयू, प्रो विलियम कोप और प्रो इलिनोइस विश्वविद्यालय की मैरी कलंतज़िस ने वैश्विक कक्षाओं और सीमा पार शैक्षणिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की, जबकि प्रो सरनजीत सिंह वीसी किट-डीयू ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया, प्रो रजिस्ट्रार ज्ञान रंजन महांति ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## किट में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया

# डॉ अश्विन शेखर ने किस छात्रों को दूरबीन दिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट-डीयू ने शुक्रवार को प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक डॉ अश्विन शेखर द्वारा किस के छात्रों को एक दूरबीन के दान के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। उत्सव को संबोधित करते हुए डॉ शेखर ने ग्रामीण और आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने में किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के प्रयासों की सराहना की और उनकी पहल को खगोलीय बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस महत्वपूर्ण दिन पर दूरबीन प्राप्त करने के लिए किस सबसे योग्य संस्थान था।

नॉर्वे के पूर्व मंत्री और संयुक्त राष्ट्र सदस्य एरिक सोल्हेम ने किट और किस की दुनिया में अद्वितीय संस्थान के रूप में प्रशंसा की। मुफ्त शिक्षा प्रदान करने में उनकी भूमिका को स्वीकार करते हुए उन्होंने टिप्पणी की, किट और किस जैसा कहीं और कुछ नहीं है। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति की यात्रा का हवाला दिया, जो मामूली शुरुआत के बावजूद देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचे। किट के कुलपति प्रोफेसर सरनजीत सिंह ने भारत की वैज्ञानिक प्रगति के समृद्ध इतिहास पर विचार किया और कला को पाठ्यक्रम में शामिल करते हुए एसटीइएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) से स्टीम में परिवर्तन पर जोर दिया। किट रजिस्ट्रार प्रो जेआर मोहंती ने प्रतिष्ठित वक्ताओं को छात्रों की सभा से परिचित कराया, जिन्होंने समारोह में भाग लिया।































# 26 आइपीएस अधिकारियों के विभाग बदले गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में 26 आइपीएस अधिकारियों के विभाग बदले गये। गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक कटक और भुवनेश्वर के डीसीपी को बदल दिया गया है। जगमोहन मीना को भुवनेश्वर का डीसीपी नियुक्त किया गया है, जबकि खिलारी ऋषिकेश को कटक में डीसीपी नियुक्त किया गया है। इसी तरह भुवनेश्वर के डीसीपी पिनाक मिश्र का तबादला एसटीएफ डीआइजी के तौर पर किया गया है। राज्य सरकार ने एसएम नरवणे को ओएचआरसी का स्पेशल डीजी नियुक्त किया है। एडीजीपी यतींद्र कोयल को एडीजी एचआरपीसी, आइजी एस प्रवीण कुमार को कटक में सेंट्रल रेंज में स्थानांतरित किया गया है। अतिरिक्त आयुक्त नरसिंह भोल को भुवनेश्वर-कटक के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, दीपक कुमार को आइजी ऑपरेशंस के रूप में स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह जय नारायण पंकज को खुफिया विभाग में तैनात किया गया है। सार्थक सड़ंगी को आइजीपी, सीआइडी-सीबी, नीति शेखर को आइजीपी, दक्षिणी रेंज, उमाशंकर दास को डीआइजी, होम गार्ड और अग्निशमन सेवा के रूप में तैनात किया गया है। अखिलेश्वर को दक्षिण-पश्चिमांचल आइजीपी, चरण सिंह मीना को प्रोविजनिंग का डीआइजी, बी गंगाधर को सीआइडी-सीबी का डीआइजी, विवेकानंद शर्मा को कटक रेलवे का एसपी बनाया गया है। कलाहांडी के एसपी अभिलाषजी को बलांगीर का नया एसपी नियुक्त किया गया है। बौध के एसपी नागराज देवरकोंडा को कलाहांडी के एसपी का प्रभार दिया गया है। राहुल गोयल को बौध, कश्यप पार्थ जगदीश को जयपुर के एसडीपीओ, अमृतपाल सिंह को खुर्दा का एडिशनल एसपी, अम्रितपाल कौर को भुवनेश्वर का एडिशनल डीसीपी, सोनाली सिंह परमार को भुवनेश्वर सहारचल का एसीपी नियुक्त किया गया है।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**